RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 244
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 14 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





पदक जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेंगे चोपड़ा
स्पोर्ट्स-12



www.dailypioneer.com


# श्रीलंका के राष्ट्रपति ने देश छोड़ा

## ● सेना के विमान से मालदीव पहुंचे गोटबाया

## ● रानिल विक्रमसिंघे को देश का कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया

**भाषा।** कोलंबो

**गंभीर** आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में प्रदर्शनकारियों के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवासों पर कब्जा कर लेने के बीच बुधवार को देश के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे सेना के एक विमान से देश छोड़कर मालदीव चले गए। राजपक्षे (73) ने मालदीव से ही प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को देश का कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया है। संसद अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्दने ने घोषणा की कि राष्ट्रपति राजपक्षे ने अपने विदेश प्रवास के दौरान कामकाज संभालने के लिए प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे की नियुक्ति की है।

उन्होंने बताया कि यह संविधान के अनुच्छेद 37(1) के तहत किया गया है। अभयवर्द्धने ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति राजपक्षे ने उन्हें टेलीफोन पर सूचित किया है कि वह वादे के अनुसार आज (बुधवार) इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने कहा कि नए राष्ट्रपति के लिए मतदान 20 जुलाई को होगा। कोलंबो में फ्लावर स्ट्रीट पर विक्रमसिंघे के कार्यालय के समीप प्रदर्शनकारी एकत्रित हो गए। इसके बाद विक्रमसिंघे ने देश में आपातकाल लागू करने की घोषणा की। साथ ही पश्चिमी प्रांत में कर्फ्यू लगाया गया है। राजपक्षे के मालदीव जाने के बाद राष्ट्रपति नियुक्त किए गए विक्रमसिंघे ने विशेष टेलीविजन भाषण में कहा, मैं आपातकाल और कर्फ्यू लागू कर रहा हूं। उन्होंने सैन्य कमांडरों और पुलिस प्रमुख को आदेश दिया है कि व्यवस्था बहाल करने के लिए जो कुछ जरूरी है, किया जाए। विक्रमसिंघे ने कहा कि सशस्त्र बलों के प्रमुखों की एक समिति को यह काम करने की जिम्मेदारी दी गई है जिसमें राजनीतिक हस्तक्षेप बिल्कुल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि खुफिया जानकारी के अनुसार प्रदर्शनकारियों की योजना उनके कार्यालय और संसद पर कब्जा करने की थी जिसके बाद आपातकाल लगाना पड़ा।

विक्रमसिंघे ने कहा, राष्ट्रपति के देश छोड़कर जाने और नए राष्ट्रपति के चुनाव के लिए कदम उठाए जाने के बावजूद कुछ प्रदर्शनकारी समूहों ने प्रधानमंत्री कार्यालय पर कब्जे की योजना बनाई और राष्ट्रपति को मालदीव जाने के लिए वायु सेना का विमान उपलब्ध कराने पर वायु सेना के कमांडर के आवास को घेर लिया। उन्होंने नौसेना के कमांडर और सैन्य कमांडर के आवास को भी घेरने का फैसला किया। इन समूहों ने देश को अपने नियंत्रण में लेने की कोशिश की। इस बीच, प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति राजपक्षे के देश छोड़कर मालदीव चले जाने की खबरें आने के बाद फ्लावर स्ट्रीट पर विक्रमसिंघे के कार्यालय की ओर कूच करते हुए उनसे इस्तीफा देने की मांग की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए (शेष पेज 8)



राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे की फाइल फोटो



कोलंबो में प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे के कार्यालय पर कब्जा जमाए प्रदर्शनकारी

### मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति ने की भागने में मदद

**माले।** बीबीसी की एक खबर में कहा गया है कि वह स्थानीय समयानुसार लगभग तीन बजे तड़के मालदीव की राजधानी माले पहुंचे। यहां सूत्रों ने मालदीव के अधिकारियों के हवाले से बताया कि गत रात वेलाना हवाई अड्डे पर मालदीव सरकार के प्रतिनिधियों ने राजपक्षे की अगवानी की। उन्हें पुलिस की सुरक्षा में अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। हालांकि, मालदीव की सरकार ने राजपक्षे के देश पहुंचने के संबंध में कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। सूत्रों के अनुसार राजपक्षे के मालदीव जाने में मालदीव की संसद के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने मदद की है।

सूत्रों ने बताया कि मालदीव सरकार का तर्क है कि राजपक्षे अब भी श्रीलंका के राष्ट्रपति हैं और उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया है या किसी उत्तराधिकारी को अपनी शक्तियां नहीं सौंपी हैं इसलिए अगर वह मालदीव आना चाहते हैं तो इससे मना नहीं किया जा सकता है। मालदीव के संसद सचिवालय के संचार निदेशक हसन जिआउ ने कहा कि संसद को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। टीवी समाचार चैनलों पर प्रसारित खबरों के अनुसार, राजपक्षे के साथ 13 लोग मालदीव गए हैं। वे एएन32 विमान से मालदीव पहुंचे। खबरों के अनुसार, मालदीव में नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने देश में किसी सैन्य विमान के (शेष पेज 8)

# भारत ने 4,389 करोड़ की आयात शुल्क चोरी को लेकर ओप्पो को दिया नोटिस

## ● चीन की कंपनी ओप्पो इंडिया के वरिष्ठ प्रबंधन कर्मचारियों और घरेलू आपूर्तिकर्ताओं से भी इस संबंध में पूछताछ की गई

**भाषा।** नई दिल्ली

**वित्त** मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि चीन की स्मार्टफोन कंपनी ओप्पो को 4,389 करोड़ रुपए की आयात शुल्क चोरी को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ओप्पो इंडिया को यह नोटिस कंपनी के कार्यालय परिसरों और इसके प्रमुख प्रबंधन कर्मचारियों के आवासों की तलाशी के दौरान जब्त दस्तावेजों के आधार पर आठ जुलाई को जारी किया गया।

प्राप्त दस्तावेजों से यह संकेत मिलते हैं कि कंपनी ने कुछ आयातों के विवरण में जानबूझकर गलत घोषणा की। साथ ही चीन स्थित कंपनियों समेत विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों को रॉयल्टी और लाइसेंस शुल्क भेजे। चीन की ओप्पो मोबाइल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ओप्पो, वनप्लस और रियलमी ब्रांड नाम से घरेलू बाजार में अपने स्मार्टफोन बेचती है। मंत्रालय के अनुसार, ग्वांगडोंग ओप्पो मोबाइल टेलीकम्युनिकेशन्स कॉरपोरेशन लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी ओप्पो मोबाइल्स इंडिया की जांच के दौरान राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने करीब 4,389 करोड़ रुपए की सीमा शुल्क चोरी का पता लगाया है। इस बारे में ओप्पो इंडिया ने एक ई-मेल के जवाब में कहा कि इस मामले में उसका अलग दृष्टिकोण है और कंपनी कानूनी उपायों समेत उचित कदम उठाएगी।



मोबाइल विनिर्माता कंपनी ने कहा, कारण बताओ नोटिस में दाखिल आरोपों को लेकर हमारा दृष्टिकोण अलग है। हमारा मानना है कि यह एक पूरे उद्योग का मुद्दा है जिस पर कई कंपनियां काम कर रही हैं। उसने कहा, ओप्पो इंडिया डीआरआई से मिले नोटिस की समीक्षा कर रही है और हम अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस का जवाब देने जा रहे हैं तथा संबंधित सरकारी विभागों के साथ आगे काम करेंगे। कंपनी ने कहा, ओप्पो इंडिया एक जिम्मेदार कंपनी है और कामकाज के बेहतर ढांचे में विश्वास रखती है। इस संबंध में जरूरत के अनुसार उचित कदम उठाए जाएंगे...। ओप्पो इंडिया पूरे भारत में विनिर्माण, कलपुर्जे जोड़ने, खुदरा व्यापार, मोबाइल हैंडसेट और चार्जर, पावरबैंक जैसे संबंधित सामानों के वितरण का कारोबार करती है। मंत्रालय के अनुसार, गलत जानकारी देकर ओप्पो इंडिया ने 2,981 करोड़ रुपए की शुल्क छूट का गलत लाभ उठाया गया। अन्य लोगों के अलावा, ओप्पो इंडिया के वरिष्ठ प्रबंधन कर्मचारियों और घरेलू आपूर्तिकर्ताओं से भी इस संबंध में पूछताछ की गई।

मंत्रालय ने कहा, पूछताछ में इन सभी लोगों ने अपने स्वैच्छिक बयानों में आयात के समय सीमा शुल्क अधिकारियों के सामने गलत जानकारी देने की बात को स्वीकार किया। जांच में यह भी पता चला कि ओप्पो इंडिया ने टेक्नोलॉजीब्रांडाआईपीआर (बौद्धि संपदा अधिकार) लाइसेंस आदि के उपयोग के बदले चीन में स्थित विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों को रॉयल्टी और लाइसेंस शुल्क के लिए धनराशि का हस्तांतरणा भुगतान के भी प्रावधान किए थे। वित्त मंत्रालय ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ओप्पो इंडिया को 4,389 करोड़ रुपए की मांग करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में सीमा शुल्क कानून,1962 के प्रावधानों के तहत ओप्पो (शेष पेज 8)

# देशभर में तोड़फोड़ पर रोक नहीं लगा सकते

## ● निगम या परिषद कार्रवाई करने के लिए अधिकृत है, तो वह सर्वव्यापी आदेश कैसे पारित कर सकती है: पीठ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कई राज्यों में हिंसक प्रदर्शन के आरोपियों की संपत्ति ढहाए जाने की कार्रवाई पर रोक लगाने के लिए अंतरिम निर्देश पारित करने से बुधवार को इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई कि यदि कोई अवैध निर्माण किया गया है और निगम या परिषद कार्रवाई करने के लिए अधिकृत है, तो वह तोड़फोड़ अभियान के खिलाफ ऐसा सर्वव्यापी आदेश कैसे पारित कर सकती है।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की एक पीठ ने कहा कि किस तरह के सर्वव्यापी निर्देश जारी किए जा सकते हैं, इस बात को लेकर कोई विवाद नहीं है कि कानून का पालन करना होगा। किन्तु क्या हम एक सर्वव्यापी आदेश पारित कर सकते हैं? यदि हम ऐसा सर्वव्यापी आदेश पारित करते हैं तो क्या हम अधिकारियों को उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोकेंगे?



शीर्ष अदालत मुस्लिम संगठन जमीयत-उलेमा-ए-हिंद द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य राज्यों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि हिंसा के हालिया मामलों के आरोपियों की संपत्तियों में और तोड़फोड़ न की जाए। सुनवाई की शुरुआत में जमीयत-उलेमा-ए-हिंद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है और उन्हें समाचार पत्र की एक खबर के जरिए पता चला है कि असम में हत्या के एक आरोपी का भी मकान ढहा दिया गया है। दवे ने तोड़फोड़ के खिलाफ अंतरिम निर्देश जारी करने की मांग करते हुए कहा कि हम यह चलन नहीं चाहते। माननीय आपको हमेशा के लिए इस संबंध में फैसला करना होगा। उन्हें कानून का पालन करना होगा। वे नगर निगम कानूनों का फायदा नहीं उठा सकते और केवल किसी मामले में आरोपी होने पर ही किसी का मकान नहीं ढहा सकते। उन्होंने कहा कि यह देश इसकी अनुमति नहीं देगा।

हमारा समाज कानून द्वारा चलता है, जो कि संविधान की बुनियाद है। इस पर सुनवाई करके, इसका निपटारा किया जाना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है कि बाकी अनधिकृत मकानों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई, जबकि कुछ अन्य समुदायों को निशाना बनाया गया। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए एक अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता सी.यू. सिंह ने कहा कि दिल्ली के जहांगीरपुरी में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश के बावजूद एक शहर के बाद दूसरे शहर में ऐसी ही कार्रवाई की जा रही है। सॉलिसिटर जनरल तुषार (शेष पेज 8)

# आईजीआई पर 45 पिस्टल के साथ दंपति गिरफ्तार



इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पकड़ी गईं पिस्टल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने वियतनाम से लौट रहे एक भारतीय दंपति को .22 कैलिबर के 45 पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। इन पिस्टल की कीमत लगभग 22.5 लाख रुपये होती है।

आरोपियों की पहचान जगजीत सिंह और उसकी पत्नी जसविंदर कौर के रूप में हुई है। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने पुष्टि की है कि बंदूकें पूरी तरह चालू हैं और इनका उपयोग किया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि दंपति को 10 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था, जिन्होंने कथित तौर पर पहले तुर्की से 12.5 लाख रुपये की 25 बंदूकें तस्करी करने की बात कबूल की थी।

अधिकारियों ने उनकी नवजात बेटी को जो उनके साथ यात्रा कर रही थी, उसकी दादी को सौंप दिया गया है। एक वरिष्ठ सीमा शुल्क अधिकारी के अनुसार, युगल को सीमा शुल्क अधिकारी ने (शेष पेज 8)

**उदयपुर हत्या कांड**

# दोनों आरोपियों की पाकिस्तान में 18 नंबरों हुई थी बातचीत

**राकेश के सिंह।** नई दिल्ली

**उदयपुर** में सिर काटने के मामले की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दोनों मुख्य आरोपी रियाज़ अख्तरी और ग़ौस मोहम्मद 18 पाकिस्तानी मोबाइल नंबरों, देश के 25 राज्यों में 300 से अधिक संदिग्ध कट्टरपंथियों के संपर्क में थे। सूत्रों ने कहा कि इन दोनों प्रमुख संदिग्ध 300 लोगों के संपर्क में थे, इनमें से लगभग 250 लोग अकेले महाराष्ट्र के हैं और शेष गुजरात, केरल, पश्चिम बंगाल और बिहार से हैं। उन्होंने कहा कि एजेंसियां किसी भी संदिग्ध लेनदेन के लिए इन 300 संदिग्धों के बैंक खातों की जांच कर रही हैं, प्रारंभिक निष्कर्ष यह भी बताते हैं कि 300 संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी समूह दावत-ए-इस्लामी के स्लीपर सेल का हिस्सा हो सकते हैं और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई के लिए निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं। इन 300 संदिग्धों में से कुछ पाकिस्तानी मोबाइल फोन नंबरों के संपर्क में (शेष पेज 8)

# वयस्कों को सरकारी केंद्रों पर कल से लगेगी फ्री बूस्टर डोज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## ● आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 75 दिनों तक चलाया जाएगा विशेष अभियान

**केंद्र** सरकार ने 18-59 आयु वर्ग में 77 करोड़ की लक्षित आबादी में से एक फीसदी से भी कम लोगों के बूस्टर डोज लेने पर चिंता जताते हुए 15 जुलाई से 75 दिवसीय विशेष निशुल्क टीकाकरण अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। इस अभियान के तहत देश के सभी राज्यों में सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर निशुल्क बूस्टर डोज लगाई जाएगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडिविया ने अपने ट्विटर हैंडल से जानकारी साझा करते हुए लिखा कि भारत की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए सरकार के आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में बूस्टर डोज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अब तक, 18-59 आयु वर्ग में 77 करोड़ की लक्षित आबादी के 1 फीसदी से भी कम को एहतियाती खुराक दी गई है। हालांकि, 60 वर्ष और उससे अधिक आयु की अनुमानित 16 करोड़ पात्र आबादी में से लगभग 26 फीसदी के साथ-साथ हेल्थकेयर और फ्रंटलाइन वर्कर्स को बूस्टर डोज मिली है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि अधिकांश भारतीय आबादी को नौ महीने पहले अपनी दूसरी खुराक मिली।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और अन्य अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थानों के अध्ययनों ने सुझाव दिया है कि दोनों खुराक के साथ प्राथमिक टीकाकरण के लगभग छह महीने बाद एंटीबॉडी का स्तर कम हो जाता है, बूस्टर देने से प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि इसलिए सरकार 75 दिनों के लिए एक विशेष अभियान शुरू करने की योजना बना रही है, जिसके दौरान 18 से 59 वर्ष की आयु के व्यक्तियों को 15 जुलाई से शुरू होने वाले (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,514 | ↓ | 372 | |
| निफ्टी | 16,000 | ↓ | 91 | |
| सोना | 50,487 | ↓ | 85 | /10g |
| चांदी | 56,179 | ↑ | 161 | /kg |

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री शनिवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उत्तर प्रदेश के दौरे पर जाएंगे जहां वह बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे। पीएमओ से जारी एक बयान के अनुसार, 296 किलोमीटर लंबे चार लेन वाले एक्सप्रेस-वे के निर्माण में करीब 14,850 करोड़ रुपए की लागत आई है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि एक्सप्रेस-वे का काम 28 महीनों में पूरा हुआ और अब प्रधानमंत्री उसका उद्घाटन करेंगे। पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 जुलाई, 2022 को उत्तर प्रदेश जाएंगे और जालौन जिले के ओराई तहसील के कैथेरी गांव में सुबह पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे। बयान के अनुसार, सरकार देश में संपर्क सुविधाएं बढ़ाने को प्रतिबद्ध है और उसके तहत सड़कों को बेहतर बनाया जा रहा है।

# लैंगिक समता में भारत विश्व में 135वें स्थान पर

**भाषा।** नई दिल्ली

## ● विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट का दावा, आर्थिक भागीदारी एवं अवसर के क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पांच पायदान ऊपर चढ़ा

**विश्व** आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की एक रिपोर्ट में भारत को लैंगिक समता के मामले में विश्व में 135वें स्थान पर रखा गया है। हालांकि, यह पिछले साल से आर्थिक भागीदारी एवं अवसर के क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पांच पायदान ऊपर चढ़ा है। डब्ल्यूईएफ की जिनेवा में जारी वार्षिक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2022 के मुताबिक, आइसलैंड विश्व के लैंगिक रूप से सर्वाधिक समता वाले देश के रूप में शीर्ष पर काबिज है, जिसके बाद फिनलैंड, नार्वे, न्यूजीलैंड और स्वीडन का स्थान है।

कुल 146 देशों के सूचकांक में सिर्फ 11 देश ही भारत से नीचे हैं। वहीं, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, कांगो, ईरान और चाड सूची में सबसे निचले पायदान वाले पांच देशों में शामिल हैं। विश्व आर्थिक मंच ने चेतावनी दी है कि जीवनयापन के संकट से विश्व में महिलाओं के सर्वाधिक प्रभावित होने की संभावना है। श्रम बल में लैंगिक अंतराल बढ़ने से लैंगिक अंतराल को पाटने में और 132 साल (2021 के 136 साल की तुलना में) लगेंगे। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कोविड-19 ने लैंगिक समता को एक पीढ़ी पीछे कर दिया है और इससे उबरने की कमजोर दर इसे वैश्विक रूप (शेष पेज 8)

# संसद में अब नहीं बोल सकेंगे बालबुद्धि सांसद, जयचंद, शकुनी जैसे शब्द

**भाषा।** नई दिल्ली

## ● लोकसभा सचिवालय ने असंसदीय शब्द 2021 शीर्षक के तहत ऐसे शब्दों एवं वाक्यों का नया संकलन तैयार किया है जिन्हें असंसदीय अभिव्यक्ति की श्रेणी में रखा गया है

**संसद** के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान सदस्य अब चर्चा में हिस्सा लेते हुए जुमलाजीवी, बाल बुद्धि सांसद, शकुनी, जयचंद, लॉलीपॉप, चांडाल चौकड़ी, गुल खिलाए, पिठ्ठू जैसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। ऐसे शब्दों के प्रयोग को अमर्यादित आचरण माना जाएगा और वे सदन की कार्यवाही का हिस्सा नहीं होंगे। दरअसल, लोकसभा सचिवालय ने असंसदीय शब्द 2021 शीर्षक के तहत ऐसे शब्दों एवं वाक्यों का नया संकलन तैयार किया है जिन्हें असंसदीय अभिव्यक्ति की श्रेणी में रखा गया है।

संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले सदस्यों के उपयोग के लिए जारी किए गए इस संकलन में ऐसे शब्द या वाक्यों को शामिल किया गया है जिन्हें लोकसभा, राज्यसभा और राज्यों के विधानमंडलों में वर्ष 2021 में असंसदीय घोषित किया गया था। इस संकलन के अनुसार, असंसदीय शब्द, वाक्य या अमर्यादित अभिव्यक्ति की श्रेणी में रखे गए शब्दों में कमीना, काला सत्र, दलाल, खून की खेती, चिलम लेना, छोकरा, कोयला चोर, गोरू चोर, चरस पीते हैं, सांड जैसे शब्द शामिल हैं। अध्यक्षीय पीठ पर आक्षेप को लेकर भी कई वाक्यों को असंसदीय अभिव्यक्ति की श्रेणी में रखा गया है। इसमें आप मेरा समय खराब कर रहे हैं, आप हम लोगों का गला घोंट दीजिए, चेयर को कमजोर कर दिया है और यह चेयर अपने सदस्यों का संरक्षण नहीं कर पा रहीञ्च है, आदि शामिल हैं। अगर कोई सदस्य पीठ पर आक्षेप करते हुए यह कहते हैं कि जब आप इस तरह से चिल्ला कर वेल में जाते थे, उस वक्त को याद करूं या आज जब आप इस आसन पर बैठें हैं तो इस वक्त को याद क-रूं ...तब ऐसी अभिव्यक्त को असंसदीय मानते हुए इन्हें रिकार्ड का हिस्सा नहीं माना जाएगा। असंसदीय अभिव्यक्ति के संकलन में छत्तीसगढ़ विधानसभा में कार्यवाही से हटाए गए कुछ शब्द या वाक्यों को भी रखा गया है जिनमें बॉब कट हेयर, गरियाना, अंट-शंट, उच्चके, उल्टा चोर कोतवाल को डांटे आदि शामिल हैं।



इसमें राजस्थान विधानसभा में असंसदीय घोषित कुछ शब्दों को भी रखा गया है जिसमें कांव कांव करना, तलवे चाटना, तड़ीपार, तुर्म खां तथा झारखंड विधानसभा में असंसदीय घोषित कई घाट का पानी पीना, ठेंगा दिखाना आदि शामिल है। इस संकलन में अंग्रेजी के कुछ शब्दों एवं वाक्यों को भी शामिल किया गया है जिनमें आई विल कर्स यू , बिटेन विद शू , बिट्रेड, ब्लडशेड, चिटेड, शेडिंग क्रोकोडाइल टियर्स, डंकी, गून्स, माफिया, रबिश, स्नेक चार्मर, टाउट, ट्रेटर, विच डाक्टर आदि शामिल हैं। संसद के सदस्य कई बार सदन में ऐसे शब्दों, वाक्यों या अभिव्यक्ति का इस्तेमाल कर जाते हैं जिन्हें बाद में सभापति या अध्यक्ष के आदेश से रिकॉर्ड या कार्यवाही से बाहर निकाल दिया जाता है।

लोकसभा में कामकाज की प्रक्रिया एवं आचार के नियम 380 के मुताबिक, अगर अध्यक्ष को लगता है कि चर्चा के दौरान अपमानजनक या असंसदीय या अभद्र या असंवेदनशील शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, तो वे सदन की कार्यवाही से उन्हें हटाने का आदेश दे सकते हैं। वहीं, नियम 381 के अनुसार, सदन की कार्यवाही का जो हिस्सा हटाना होता है, उसे चिन्हित करने के बाद कार्यवाही में एक नोट इस तरह से डाला जाता है कि अध्यक्ष के आदेश के मुताबिक इसे हटाया गया।

# एलिवेटेड रोड की जांच के घेरे में 15 से अधिक अधिकारी

## नियमों की अनदेखी कर निर्माण कंपनी को तय लागत से अधिक करीब 38 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया

**पायनियर समाचार सेवा सेवा।** नोएडा


फाइल फोटो

मास्टर प्लान रोड नंबर-2 पर बने एलिवेटेड रोड की जांच के घेरे में 15 से अधिक अधिकारी आ गए हैं। इनमें सिविल और वित्त विभाग के अधिकारी शामिल हैं। अभी तक इस मामले में सिविल विभाग के एक वरिष्ठ परियोजना अभियंता पर कार्रवाई करते हुए हटा दिया गया है। इसमें आरोप है कि नियमों की अनदेखी कर निर्माण कंपनी को तय लागत से अधिक करीब 38 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया।

एमपी टू रास्ते पर सेक्टर-28 विश्वभारती स्कूल के सामने से लेकर सेक्टर-60 अंडरपास के पास तक एलिवेटेड रोड है। यह रोड सितंबर 2017 में बनकर तैयार हुआ था। इसको बनने हुए करीब पांच साल का समय हो चुका है लेकिन अब इसके निर्माण में हुए घोटाले की परतें खुलने लगी हैं। तय लागत से अधिक का भुगतान किए जाने की शासन स्तर पर शिकायत हुई। शासन के निर्देश पर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ने प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए उस समय वर्क सर्किल-2 के प्रभारी रहे वरिष्ठ परियोजना अभियंता एससी मिश्रा से सभी कामकाज छीन लिए थे। इसके अलावा पूरे मामले की जांच के लिए एसीईओ मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जो मामले की जांच कर रही है। अधिकारिक सूत्रों की मानें तो समिति ने नोट्स शीट की फोटो कॉपी भी मंगा ली है।

अब इन कागजातों का समिति अध्ययन कर रही है। अधिकारिक सूत्रों की मानें तो इस प्रकरण में बेशक अभी तक सिर्फ एक अधिकारी पर कार्रवाई की गई है लेकिन इसके जांच के घेरे में 15 से अधिक अधिकारी हैं। इनमें वरिष्ठ परियोजना अभियंता से नीचे जेई व एपी स्तर के अलावा तत्कालीन तीन मुख्य परियोजना अभियंता, मुख्य वित्त नियंत्रक, वित्त नियंत्रक के अलावा वित्त विभाग के ही अन्य अधिकारी के अलावा कंसल्टेंट भी शामिल हैं।

इसकी वजह यह है कि इस मामले में निर्माण कंपनी को जो भुगतान हुआ है उसमें सभी अधिकारियों के हस्ताक्षर हुए थे। क्या इनका दायित्व नहीं था कि भुगतान की राशि को एक बार चेक किया जाए कि वह सही है या गलत। ऐसे में संबंधित अधिकारियों से भी जांच समिति सवाल करेगी। एलिवेटेड रोड समय से पहले ही उखड़ने लगी। करीब ढाई साल पहले सड़क में दरार आने पर सेक्टर-31, 25 के एक लूप को तीन महीने तक बंद रखा गया। इसके लिए सीईओ ने करीब तीन महीने पहले प्राधिकरण की एक समिति गठित की। यह समिति जांच करने सिर्फ एक दिन मौके पर गई, फिर इसके बाद शांत बैठ गई। लोगों की मांग पर इसकी जांच आईआईटी रूड़की से कराने का निर्णय लिया गया। करीब बीस दिन पहले आईआईटी ने सहमति भी दे दी लेकिन निरीक्षण के लिए करीब दो लाख रुपये फ ीस मांगी। अब यह फाइल मंजूरी के लिए अटकी हुई है।

सूत्रों की मानें तो एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए एक कंसल्टेंट के रूप में कंसल्टेंट इंजीनियरिंग सर्विसेज नियुक्त किया गया था। इस कंसल्टेंट की जिम्मेदारी थी कि वह रोजाना निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के अलावा और निर्माण कंपनी की ओर से प्रस्तुत किए गए बिलों की जांच करना भी था। इसके बाद ही प्राधिकरण भुगतान करता है। सूत्रों की मानें तो नोएडा प्राधिकरण की 28 अप्रैल 2010 को 167 वीं बोर्ड बैठक हुई थी। इस बैठक के बारे में तत्कालीन उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीबी सिंह ने एक कार्यालय आदेश जारी किया था जिसके तहत ऐसी परियोजनाएं जिनकी अनुमानित लागत 10 करोड़ रुपये से अधिक एवं उस परियोजना के पूरा होने का समय 18 महीने से अधिक है तो काम में सीईओ की प्रशासनिक एवं व्यय स्वीकृति के समय अनुमति के बाद मूल्यवृद्धि का प्रावधान सीपीडब्लूडी की क्लॉज-10 सीसी के अनुसार किया जाएगा।

इसके तहत निर्माण कार्य के दौरान निर्माण सामग्री के जो भी रेट होंगे, उनका मूल्याकन इसी क्लॉज के तहत किया जाएगा। दावा है कि इसी के तहत भुगतान किया गया लेकिन प्राधिकरण के नियमों के तहत भुगतान की प्रक्रिया में इस राशि में अंतर आ गया।

## संक्षिप्त समाचार


आप कार्यकर्ताओं ने कला संस्कृति प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष बनने पर किया बोईशाली सिन्हा का स्वागत, कर चुकी हैं कई फिल्मों का निर्माण

### घर के बाहर खड़ी कार की बैटरी और ईसीएम चोरी

**गाजियाबाद।** रामप्रस्थ में रहने वाले अधिवक्ता ने अपने पुत्र की कार से रात में अज्ञात चोरों द्वारा पुर्जे चुराने की शिकायत दर्ज कराई है। रात में हुई चोरी का शिकायतकर्ता को उस वक्त पता चला जब उनके बेटा कार से कही जाने के लिए उसे स्टार्ट कर रहा था। पुलिस ने दी गई सूचना के आधार पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। अधिवक्ता राजेश गोयल लिंक रोड थाना क्षेत्र के रामप्रस्थ में रहते हैं। पांच जुलाई की शाम को उनके पुत्र ने कार घर के बाहर खड़ी की थी। अगली सुबह वह जाने के लिए जब कार में बैठे तो कार चालू नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने देखा तो पता चला कि किसी ने गाड़ी की बैटरी और ईसीएम चोरी कर ली है। शिकायतकर्ता ने बताया कि क्षेत्र में इस तरह से चोरियां हो रही है। लेकिन स्थानीय स्तर पर चोरी रोकने के उचित इंतजाम नहीं हैं। लिंक रोड थाना प्रभारी मनीष बिष्ट का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

### महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवंतिका कॉलोनी में बहूमंजिला इमारत में रहने वाली एक 45 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक महिला भवन के पांचवे माले से नीचे गिर गई थी, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक जिस महिला का शव उनके मकान के नीचे पड़ा मिला, उसका नाम शोभना पत्नी अरुण सिंघल है। एसएचओ का कहना है कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि शोभना सिंघल किसी वजह से वह डिप्रेशन में चल रही थी। इसी केचलते उसने पांचवी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।

### मंदिरों से फूल इकट्ठा कर खाद व अगरबत्ती बनेगी

**नोएडा।** शहर के मंदिरों में इकट्ठा होने वाले फूलों से अब खाद व अगरबत्ती बनाई जाएगी। इसके लिए शहर के 33 मंदिरों से रोजाना प्राधिकरण की गाड़ी फूल लेकर आया करेगी। इसकी तैयारी नोएडा प्राधिकरण ने शुरू कर दी है। अभी तक शहर के मंदिरों में चढ़ाए जाने वाले फूलों को अगले दिन कहां रखा जाए अब तक यह समस्या थी। मंदिर परिसरों की सफाई से निकलने वाला कूड़ा भी कई जगहों पर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को जाने वाली गाड़ियों को नहीं दिया जाता है। इसको देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने अलग से योजना तैयार की है। अधिकारियों ने बतायाकि शहर के सभी मंदिरों में चढ़ाए जाने वाले फूल व सफाई से निकलने वाले कूड़े का कलेक्शन अलग से करवाया जाएगा।

### गुरुपूर्णिमा पर साधु-संतों व गुरूओं को किया सम्मानित

**नोएडा।** गुरुपूर्णिमा के अवसर पर नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। आज लोगों ने अपने.अपने गुरुओं और शिक्षकों को नमन का उन्हें विशेष सम्मान दिया। सेक्टर-49 स्थित मंदिर में गुरुपूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने साधुए संतों का सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सभी गुरुओं और शिक्षकों को समर्पित दिन है, जो किसी भी व्यक्ति को ज्ञान की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# यमुना सिटी में लोगों के बसने से पहले पार्क का काम शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- प्राधिकरण ने 2009 से लेकर अब तक 30000 भूखंडों का आवंटन किया

यमुना प्राधिकरण ने अपने क्षेत्र में आबादी बसने से पहले पार्कों को विकसित करना शुरू कर दिया है। इसमें आवासीय और औद्योगिक दोनों सेक्टर हैं। यहां 27 पार्कों की चारदीवारी, घास और पेड़.पौधे लगाने का काम चल रहा है। साथ ही, इनका रखरखाव किया जा रहा है।

यमुना विकास प्राधिकरण ने वर्ष 2009 से लेकर अब तक करीब 30000 आवासीय भूखंडों का आवंटन किया है। इसके अलावा औद्योगिक, संस्थागत, व्यावसायिक भूखंडों का भी आवंटन किया गया है। हाउसिंग परियोजनाएं भी इस क्षेत्र में विकसित हो रही हैं। इसको देखते हुए प्राधिकरण अपने क्षेत्र में जरूरी सुविधाओं को विकसित करने में लगा हुआ है।

यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों का प्रयास है कि आबादी बसने से पहले जरूरी सुविधाएं विकसित कर दी जाएं ताकि यहां आने वाले लोगों को किसी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। प्राधिकरण इन सेक्टरों में सड़क, पानी निकासी की व्यवस्था, एसटीपी का निर्माण, पानी आपूर्ति की लाइन समेत तमाम विकास कार्यों को करा रहा है। यमुना प्राधिकरण का हरियाली पर जोर है। ग्रीन बेल्ट का विकास किया जा रहा है।

सड़कों के किनारे पेड़.पौधे लगाए जा रहे हैं। प्राधिकरण ने अपने आवासीय और औद्योगिक क्षेत्र में पार्कों को विकसित करना शुरू कर दिया है। पार्कों की चारदीवारी बनाई जा रही है।

कई पार्कों की चारदीवारी बन गई है। घास लगाने का काम चल रहा है। पेड़ पौधे लगाए जा रहे हैं। इन पार्कों में अभी फुटपाथ का निर्माण नहीं किया जा रहा है। जैसे-जैसे यहां आबादी बसेगी वैसे.वैसे इन सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। अभी फुटपाथ बनने से उसके टूटने फूटने का खतरा रहेगा।

इसके चलते अपनी फुटपाथ बनाने का निर्णय नहीं लिया गया है। यमुना प्राधिकरण सेक्टर-18 विभिन्न ब्लॉकों में 21 पार्क विकसित किए जा रहे हैं। सेक्टर-22 डी में छह पार्क विकसित किए जा रहे हैं।

# कल से बिना टैक्स जमा किए दौड़ रहे वाहन जब्त होंगे

- परिवहन विभाग दस दिन तक चलाएगा विशेष अभियान



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जुर्माने में राहत और रोड टैक्स को किस्त में जमा की योजना के तहत आवेदन न करने वाले व्यवसायिक वाहन मालिकों पर सख्ती होगी। 15 जुलाई से वाहन मालिकों को रोड टैक्स वसूली का नोटिस जारी किया जाएगा। साथ ही वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई होगी। दस दिन तक यह विशेष अभियान चलेगा।

गाजियाबाद परिवहन विभाग कार्यालय में मंगलवार को उप परिवहन आयुक्त सुनीता वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद समेत पूरे मंडल के परिवहन अधिकारियों ने हिस्सा लिया। आरटीओ गाजियाबाद अरुण कुमार ने बताया कि 27 जून से 27 सितंबर तक व्यवसायिक वाहनों के रोड टैक्स बकाएदार लोगों के लिए शासन की ओर से योजना लागू की गई है। इसके तरह अप्रैल 2020 से पहले पंजीकृत वाहनों पर बकाए रोड टैक्स को तीन किस्तों में जमा किया जा सकता है। इसमें पहली किस्त 50 फीसदी और बाकी दो किस्ते 25.25 फीसदी में जमा करनी है। रोड टैक्स पर लगा जुर्माना वाहन मालिकों को नहीं जमा करना है।

भले ही कितना पुराना रोड टैक्स बकाया हो। उन्होंने बताया कि उप परिवहन आयुक्त ने निर्देश दिया है कि जिन वाहन मालिकों ने अभी तक योजना के तहत टैक्स नहीं जमा किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। अभी तक पूरे मंडल में गौतमबुद् नगर आवेदनों की संख्या के मामले में अव्वल है। एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा ने बताया कि 12 जुलाई तक 156 आवेदन मिले हैं। इसमें से 114 आवेदनों को निस्तारित किया गया है। 56.95 लाख रुपये रोड टैक्स जमा हुआ है।

## नकली करेंसी छापने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में पुलिस ने भारतीय करेंसी जैसी नकली करेंसी छापने वाले गिरोह को बुधवार को पकड़ा है। एक आरोपी गिरफ्तार है। उसके कब्जे से 94 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए हैं। यह गिरोह 35 हजार रुपए के असली नोट लेकर एक लाख रुपए के नकली नोट मुहैया कराता था। आरोपी ने यूटयूब के जरिये सीखा था कि नकली नोट कैसे बनाए जाते हैं।

पकड़ा गया आरोपी 30 वर्षीय खुशी मोहम्मद है। वह बदायूं में विनावर थाना क्षेत्र के गांव सउनख का रहने वाला है।

फिलहाल, नोएडा के ग्राम गिरधरपुर में रह रहा था। आरोपी से 500, 200 और 100 रुपए के 348 नोट बरामद हुए हैं। इसके अलावा नोट स्कैन और छापने में प्रयुक्त प्रिंटर, हरे रंग की टेप, कटर आदि सामान बरामद हुआ है।

इस आरोपी ने यूट्यूब पर नकली नोट छापना सीखा था। इसके बाद प्रिंटर से नकली नोट छापकर उन्हें मार्केट में चलाता था। लोगों को नकली नोट बेचता भी था। वह 35 हजार रुपए असली नोट लेकर एक लाख रुपए के नकली नोट देता था। पुलिस यह पता कर रही है कि इस गिरोह में कौन-कौन लोग शामिल हैं।


Mahindra HOME FINANCE

**महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड** — **मांग सूचना**

कार्पोरेट कार्यालय :- महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400 018, भारत, फोन : +91 22 66523500, फैक्स : +91 22 24972741
शाखा कार्यालय : तृतीय तल, 139-141, मंगल पांडे नगर, सीसीएस यूनिवर्सिटी के सामने, मेरठ, उत्तर प्रदेश- 250 002
शाखा कार्यालय : एफ/एफ, प्लॉट नंबर 17, संजय नगर, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, निकट विशाल मेगा मार्ट तथा पीएनबी बैंक, संजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी उपरोक्त अधिनियम के तहत महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना जारी की थी, जिसमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदारगण") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां चुकाने की मांग की गई थी, जिसकी विषयवस्तु नीचे पुनर्-प्रस्तुत की गई है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | कर्जदार(रों)/गारंटर का पता | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहारनपुर शाखा LAN:-1134633/ XSEMSAR00973128 गुलजार (कर्जदार) रिजवाना उर्फ खुसनुमा (सह-कर्जदार) मोहम्मद इस्लाम (गारंटर) | एस/ओ इकबाल मोहल्ला इलाही बक्श गंगोह, नकुड़, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश - 247341<br>गंगोह खालसा, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश - 247341 | 30-05-2022 रू. 6,00,000/- | खसरा नंबर 3088, वाके ग्राम गंगोह, मजबटा अंदर हदूद जा, परगना और तहसील नकुड़, पिन कोड 247462 उत्तर : 14 फीट चौड़ी रोड, दक्षिण : यासीन का मकान, पूरब : इरफान का मकान, पश्चिम : इरफान का मकान |
| 2. | मेरठ शाखा LAN:-1170440/ XSEMMER00960354 इकबाल (कर्जदार) रिहाना, मोहम्मद सलमान (सह-कर्जदार) | 207, रामलीला टीला, मुजफ्फर नगर, उत्तर प्रदेश -251002 | 30-05-2022 रू. 7,00,000/- | आवासीय प्लॉट खसरा नंबर 473, 474, 475, ग्राम नयाजूपुरा माजरा शाहबुद्दीनपुर, मेरठ, दक्षिण : गुफरान का प्लॉट, पूरब : श्रीनाज का प्लॉट, पश्चिम : अन्य का प्लॉट |
| 3. | गाजियाबाद शाखा LAN:-573229/ XSEMGZB00482359 विपिन त्यागी (कर्जदार) मिथलेश, कल्पना त्यागी, संतोष, विनीत त्यागी (सह-कर्जदार) | एस/ओ सुभाष चंद त्यागी, मकान नंबर एल-190, सेक्टर-23, संजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201002 | 30-05-2022 रू. 8,00,000/- | प्लॉट नंबर 15, गार्डन एन्क्लेव, खसरा नंबर 245, मेनपुर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201002 उत्तर : प्लॉट नंबर 13 और 14, दक्षिण : प्लॉट नंबर 16, पूरब : अन्य सम्पत्ति, पश्चिम : रोड 18 फीट |
| 4. | मेरठ शाखा LAN:-761697/ XSEMMER00656767 संगीता (कर्जदार) सुरेन्द्र (सह-कर्जदार) | 942/13, शाहबुद्दीनपुर रोड, रामपुरी, मुजफ्फर नगर, उत्तर प्रदेश-251002 | 30-05-2022 रू. 13,40,240/- | प्लॉट नंबर ए-46 का भाग, खसरा नंबर 304, ओम साई वाटिका,मोहिउद्दीनपुर, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250103 उत्तर : रास्ता 20 फीट चौड़ा, दक्षिण : प्लॉट नंबर ए-35, पूरब : प्लॉट नंबर ए-45, पश्चिम : प्लॉट नंबर ए-46 का भाग |
| 5. | आगरा शाखा LAN:-801802/ XSEMAGR00711664 आशिक खान (कर्जदार) हबीब अहमद, सलीमन बेगम (सह-कर्जदार) कासिम अली (गारंटर) | एस/ओ हबीब खान - शाह नगर बम्बा मस्जिद टेढ़ीबगिया कुबेरपुर आगरा, उत्तर प्रदेश - 282006<br>मकान नंबर 156, नैनाना जाट आगरा, उत्तर प्रदेश- 282001 | 30-05-2022 रू. 5,20,000/- | प्लॉट स्थित खसरा नंबर 863, साहब खान निकट सराय हज्जाम, मौजा नाराइच, तहसील ऐतमादपुर, जिला आगरा, उत्तर प्रदेश -283202 उत्तर : अन्य का प्लॉट, दक्षिण : अलीशा का प्लॉट, पूरब : सुलेमान का प्लॉट, पश्चिम : 15 फीट चौड़ी रोड |
| 6. | आगरा शाखा LAN:-1033751/ XSEMAGR00838589 विष्णु सिंह (कर्जदार) कृष्णा (सह-कर्जदार) विनोद कुमार परमार (गारंटर) | एस/ओ भोलाराम, मकान नंबर 26, नीरज विहार देहतोरा मोड़ बोडला, आगरा, उत्तर प्रदेश - 282007<br>एस/ओ दसरथ/ नगला लालदास राइभा नगला लालदास राइभा, आगरा, उत्तर प्रदेश - 283101 | 13-08-2021 रू. 9,25,864/- | सम्पत्ति सं. 26 का भाग, खसरा नंबर 519 एवं 520, शारदा विहार कालोनी, मौजा बोडला, आगरा, उत्तर प्रदेश - 282007 उत्तर : प्लॉट नंबर 27, दक्षिण : प्लॉट नंबर 25, पूरब : प्लॉट नंबर 26, पश्चिम : 4-0 चौड़ा रास्ता |
| 7. | मेरठ शाखा LAN:-689380/ XSEMMER00589765 नजमा बेगम (कर्जदार) नसीर अहमद (सह-कर्जदार) शहबाज (गारंटर) | डब्ल्यू/ओ नसीर अहमद, मकान नंबर 37, समर कालोनी, घंटा घर, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002<br>मकान नंबर 39, समर कालोनी, घंटा घर, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002 मकान नंबर 896, रशीद नगर निकट शादरा मस्जिद, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002 | 30-05-2022 रू. 8,00,000/- | प्लॉट नंबर सी-112 का भाग, खसरा नंबर 2794, समर कालोनी, राजस्व ग्राम लिसाड़ी, परगना एवं तहसील एवं जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002 उत्तर : प्लॉट, दक्षिण : प्लॉट, पूरब : समर कालोनी, पश्चिम : 20 फीट रोड |
| 8. | मेरठ शाखा LAN:-760749/ XSEMMER00653064 शायरा (कर्जदार) अफजल मोहम्मद इरफान सैफी (सह-कर्जदार) | डब्ल्यू/ओ मोहम्मद अफजल 285, गली नंबर 1, आशियाना कालोनी, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002 | 30-05-2022 रू. 8,00,000/- | प्लॉट नंबर जी/बी 17/1, खसरा नंबर 3487 एवं 3488, समर गार्डन कालोनी, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002 उत्तर : रास्ता 20 फीट चौड़ा, दक्षिण : अन्य का प्लॉट, पूरब : शकील का प्लॉट, पश्चिम : नवीहसन का प्लॉट |

उपरोक्त के अनुसरण में एतद्द्वारा, उक्त कर्जदारों को एक बार पुनः सूचना दी जाती है कि वे महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड को यहां ऊपर वर्णित राशि, ऊपर वर्णित तिथि(यों) से आगे बकाया के भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक 2 प्रतिशत प्रति माह की दर पर ब्याज के साथ, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर चुका दें।
उपरोक्त कर्जदारों को एतद्द्वारा कम्पनी को उपरोक्तानुसार भुगतान करने की सलाह दी जाती है, जिसमें असफल रहने पर, कम्पनी द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे।
स्थान : दिल्ली, एनसीआर, मेरठ, सहारनपुर, तिथि : 14-07-2022 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड



THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Baljit Singh S/o. Mangat Ram, R/o. 83, JJ Colony, Satya Niketan, Moti Bagh-2, New Delhi-110021 have changed my name to Baljeet Singh for all purposes.
PD(90127)A

**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता के ध्यान में लाना है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी देवानंद का एक आईडी कार्ड नंबर.-2210590 दिनाक 13-07-2022 को गायब पाया गया और / या खो गया। किसी को भी, जो उक्त आईडी कार्ड पाता है, से अनुरोध किया जाता है कि वह उक्त आईडी कार्ड को मैनेजर डेबट सर्विसेज एंड मैनेजमेंट ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एस.डी.टावर, सेकटर-08, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 में लौटा दे।
इसलिए, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को इस प्रकार अधिसूचित किया गया है कि उक्त आईडी कार्ड नंबर-2210590 रखने वाले किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को कोई भी भुगतान न करे।
कृपया आगे ध्यान दें कि उक्त आईडी कार्ड रखने वाले किसी भी व्यक्ति को भुगतान करने वाला व्यक्ति अपनी लागत, जोखिम पर ऐसा करेगा और आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और / या जिम्मेदार नहीं होगा।
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए
तारीखः 14.07.2022
जगहः नई दिल्ली

**प्रपत्र 'जी' - अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

*[दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36क (1) के अधीन]*

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्पोरेट देनदार का नाम | साधना मीडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 24-12-2002 |
| 3 | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, एनसीटी ऑफ दिल्ली एवं हरियाणा |
| 4 | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U92111DL2002PTC118164 |
| 5 | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | 38 रानी झांसी रोड, झंडेवालान, नई दिल्ली - 110055 |
| 6 | कार्पोरेट देनदार की ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि | 30 मार्च, 2022 (आदेश की प्रति 12-04-2022 को प्राप्त हुई) |
| 7 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि | पूर्व तिथि : 26 जून, 2022 संशोधित तिथि : 14 जुलाई, 2022 |
| 8 | संहिता की धारा 25(2)(ज) के अधीन समाधान आवेदकों की ग्राह्यता : | अभिरूचि की विस्तृत अभिव्यक्ति में संहिता की धारा 25(2)(ज) के अधीन समाधान आवेदकों की ग्राह्यता का विवरण दिया गया है, जो निम्न पर ई मेल भेज कर प्राप्त की जा सकती है : irpsmpl22@gmail.com |
| 9 | धारा 29क के अधीन अग्राह्यता के मानदंड : | वही जैसाकि ऊपर (8) में वर्णित है |
| 10 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | पूर्व तिथि : 11 जुलाई, 2022 संशोधित तिथि : 29 जुलाई, 2022 |
| 11 | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | पूर्व तिथि : 20 जुलाई, 2022 संशोधित तिथि : 07 अगस्त, 2022 |
| 12 | अनंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | पूर्व तिथि : 25 जुलाई, 2022 संशोधित तिथि : 12 अगस्त, 2022 |
| 13 | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि | पूर्व तिथि : 03 अगस्त, 2022 संशोधित तिथि : 21 अगस्त, 2022 |
| 14 | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | पूर्व तिथि : 25 जुलाई, 2022 संशोधित तिथि : 12 अगस्त, 2022 |
| 15 | समाधान योजना हेतु अनुरोध, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना प्राप्त करने की विधि | संभावित समाधान आवेदकों से अनुरोध है कि गोपनीयता अनुबंध जमा करने के बाद irpsmpl22@gmail.com पर एक ई मेल भेजें, जिसकी कॉपी pkrayip@gmail.com को भेजें। |
| 16 | समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | पूर्व तिथि : 24 अगस्त, 2022 संशोधित तिथि : 11 सितम्बर, 2022 |
| 17 | समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की विधि | समाधान योजना एक सीलबंद लिफाफे में निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत करनी होगी : प्रदीप कुमार राय, साधना मीडिया प्राइवेट लिमिटेड का समाधान प्रोफेशनल। पता : 38 रानी झांसी रोड, झंडेवालान, नई दिल्ली-110055. समाधान योजना की सॉफ्ट कॉपी पासवर्ड संरक्षित पीडीएफ फाइल में irpsmpl22@gmail.com को भेजनी होगी। |
| 18 | निर्णायक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि | पूर्व तिथि : 24 सितम्बर, 2022 संशोधित तिथि : 24 सितम्बर, 2022 |
| 19 | समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर | नाम : प्रदीप कुमार राय, पंजीकरण संख्या : IBBI/IPA-002/IP-N01100/2021-2022/13648 |
| 20 | समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है | पता : डब्ल्यूजैड 108, प्रथम तल, शादीपुर मेन बाजार, छोटी चौपाल (पकोड़ी वाली गली), दिल्ली 110008 ई-मेल : pkrayip@gmail.com |
| 21 | पता और ई-मेल, जो समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है | पता : 38 रानी झांसी रोड, झंडेवालान, नई दिल्ली-110055. ई-मेल : irpsmpl22@gmail.com |
| 22 | अतिरिक्त विवरण पर अथवा के पास उपलब्ध है | आगे की जानकारी ई-मेल आईडी : irpsmpl22@gmail.com के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। |
| 23 | प्रपत्र "जी" के प्रकाशन की तिथि | पूर्व तिथि : 26 जून, 2022 संशोधित तिथि : 14 जुलाई, 2022 |

तिथि : 14 07 2022
स्थान : नई दिल्ली

हस्ता./-
प्रदीप कुमार राय
पंजीकरण संख्या : IBBI/IPA-002/IP-N01100/2021-2022/13648
डब्ल्यूजैड-108, प्रथम तल, शादीपुर मेन बाजार, छोटी चौपाल (पकोड़ी वाली गली), दिल्ली-110008
वास्ते साधना मीडिया प्राइवेट लिमिटेड


# पॉवर कॉर्पोरेशन के अवैध दफ्तर को बुलडोजर से ढहाया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में पॉवर कॉरपोरेशन ने ही सरकारी नाले की जमीन पर कब्जा करके अपना ऑफिस खड़ा कर दिया। नगर निगम ने कई नोटिस दिए, लेकिन कॉरपोरेशन ने अवैध कब्जा नहीं हटाया। आखिरकार नगर निगम ने बुधवार को बुलडोजर से ऑफिस ही ध्वस्त कर दिया।

निगम अफसरों का कहना है कि अवैध निर्माण ढहाने में जो खर्च आया है, उसका इस्टीमेट बनाकर वसूली के लिए कॉरपोरेशन को भेजा जाएगा। नगरायुक्त महेंद्र सिंह तंवर के अनुसार, नवयुग मार्केट के पास यह अवैध निर्माण बना हुआ था। नाले के ऊपर ऑफिस बना होने से नाला सफाई में दिक्कत आ रही थी। आकाश वशिष्ठ नामक व्यक्ति ने इस संबंध में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में केस फाइल किया था। पिछले दिनों नाला सफाई में बाधक बन रहे नाले को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। जिसके तहत बुधवार को बुलडोजर से यह अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया गया है।

अब नगर निगम को इस संबंध में 28 सितंबर को एनजीटी में रिपोर्ट दाखिल करके यह बताना है कि उन्होंने एनजीटी के आदेशों का पालन कर दिया है। उधर, बुधवार सुबह से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का बुलडोजर भी गांव डूंडाहेड़ा में अवैध निर्माणों पर चल रहा है। यहां भी लोगों ने कई प्लॉट अवैध तरीके से काबिज किए हुए थे।


## अश्लील वीडियो वायरल करने वाला दबोचा

**नोएडा।** फेज-3 पुलिस ने किशोरी की अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़िता को अगवा कर उसे नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। फिर उसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी थी।

थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली किशोरी का कुछ समय पहले अपहरण हो गया था। रिंकू नाम के युवक ने उसको अगवा किया था। किशोरी के परिजनों ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उनकी बेटी को अगवा कर उसे नशीला पदार्थ पिला दिया। फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। रिंकू ने पीड़िता की अश्लील वीडियो बना ली थी। इसके बाद उसने वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए थे।

# नोएडा में प्राधिकरण बेचेगा गाय का दूध

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



- सीईओ ने सेक्टर-14ए के गौवंश आश्रय स्थल में अधिक से अधिक निराश्रय गौवंश लाने के निर्देश दिये

निराश्रित गौवंश के संवर्धन तथा उनके पालन-पोषण के नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ ने एक अनूठी पहल शुरू की है। यदि यह अनूठी पहल नोएडा में कारगर रही तो प्रदेश भर में जगह.जगह बने निराश्रित गौवंश आश्रय स्थलों के लिए यह एक मॉडल साबित हो सकता है।

नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने मातहत अफसरों को निर्देश दिये कि सेक्टर-135 में स्थित अस्थायी गौवंश आश्रय स्थल व शनि मंदिर 14ए के पास स्थित गौशाला में उत्पादित दूध की बिक्री के लिए किसी एजेंसी अथवा सोसायटी में समन्वय करके दूध बिक्री का मॉडल विकसित किया जाए। सीईओ ने सेक्टर-14ए के गौवंश आश्रय स्थल में अधिक से अधिक निराश्रय गौवंश लाने के निर्देश दिये वहीं अन्य निर्माण व सुविधाएं दुरूस्त करने के भी निर्देश दिये। वहीं इन आश्रय स्थलों के व्यापक सुधार, निर्माण तथा अन्य सुविधाएं दुरूस्त करने के भी निर्देश दिए। बता दें कि सड़कों पर घूमने वाले आवारा गौवंश को रखने के लिए प्राधिकरण ने शनि मंदिर के पास सेक्टर.14ए सेक्टर-135 में आश्रय स्थल बनाए हैं। इनमें हजारों गौवंश को रखा गया है।

इन गौवंशों को खिलाने-पिलाने तथा इलाज व बेहतर रख-रखाव करने के लिए नोएडा प्राधिकरण द्वारा माकूल व्यवस्था की गयी है। पशुओं को ताजा चारा खिलाने के लिए मशीनें भी स्थापित की गयी हैं। प्राधिकरण अब इन गौवंशों का उत्पादित दूध निकालकर बेचने की योजना बना रहा है ताकि दूध की बिक्री से प्राप्त धनराशि का उपयोग गौवंश के रख-रखाव व संवर्धन में किया जा सके। इससे जहां सड़कों पर आवारा गौवंश से निजात मिलेगी। वहीं गौवंश का बेहतर संवर्धन भी हो सकेगा। सीईओ की यह पहल यदि नोएडा में सफल रही तो प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी इसे लागू किया जा सकता है। यह पहल पूरे प्रदेश के लिए एक मॉडल भी बन सकती है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# राजधानी में प्रदूषण कम करने की नीति तैयार

## ताप बिजली संयंत्रों, स्वच्छ ईंधनों और इलेक्ट्रिक वाहन, डीजल जनरेटर और पटाखे फोड़ने से संबंधित तमाम मसलों पर उठाए गए कदम

## अन्य शमन उपायों में बड़े पैमाने पर हरियाली और पौधरोपण के माध्यम से वायु प्रदूषण को कम करने पर किया गया ध्यान केंद्रित

**संजय राय।** नई दिल्ली



दिल्ली एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों की आबोहवा में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग एक विस्तृत नीति तैयार की है।

इस नीति में उद्योगों, वाहनों, सार्वजनिक परिवहन, निर्माण और विध्वंस (सीएंडडी), सड़कों-खुले क्षेत्रों से धूल, नगरपालिका के ठोस कचरे को जलाने, पराली जलाने आदि सहित एनसीआर में वायु प्रदूषण को रोकने, नियंत्रित करने और कम करने के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) के साथ केंद्र सरकार, एनसीआर की राज्य सरकारों और विभिन्न एजेंसियों एवं विभागों के लिए क्षेत्रवार सिफारिशें शामिल हैं। सीएक्यूएम द्वारा बनाई गई नीति में थर्मल पावर प्लांट (टीपीपी), स्वच्छ ईंधनों और इलेक्ट्रिक वाहनों, सार्वजनिक परिवहन, सड़क यातायात प्रबंधन, डीजल जनरेटरों (डीजी), पटाखे फोडने से निपटना, हरियाली एवं वृक्षारोपण के माध्यम से वायु प्रदूषण को कम करने जैसे सभी मुददे शामिल हैं।

एनसीआर के उप क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और प्रणालियों में कमी के मददेनजर, आधारभूत कार्यों में व्यापक बदलाव और शहरीकरण के विभिन्न स्तरों के कारण, उप-क्षेत्रों के लिए एक अलग दृष्टिकोण और समय-सीमा का सुझाव दिया गया है। इन उपक्षेत्रों में शामिल हैं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के पास एनसीआर के जिले गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, झज्जर, रोहतक, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर और बागपत व अन्य एनसीआर जिले, पंजाब के पूरे राज्य व हरियाणा के गैर- एनसीआर जिलों में, मुख्य रूप से पराली जलाने की घटनाओं का समाधान करने के लिए।

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने वर्ष 2017 में वर्गीकृत प्रतिक्रिया कार्ययोजना को अधिसूचित किया था और यह उसी साल अक्टूबर के मध्य में तब प्रभावी हुआ जब वायु प्रदूषण की स्थिति खराब होनी शुरू हुई। सीएक्यूएम ने यह कार्ययोजना दिल्ली- एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में प्रदूषण के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से बनाई थी। राष्ट्रीय राजधानी के लिए जीआरएपी को अब खराब वायु गुणवत्ता के आधार पर चार स्तरों में परिभाषित किया गया है। पहला स्तर खराब (वायु गुणवत्ता सूचंकाक 201- 300 होने पर), दूसरा स्तर बहुत खराब (एक्यूआई-301 से 400 के बीच), तीसरा स्तर गंभीर (एक्यूआई 401 से 450) और चौथा स्तर आपात (एक्यूआई 450 से अधिक) है।

संशोधित जीआरएपी में पहले स्तर पर ही प्रदूषण होने पर कोयला, लकड़ी जलाने पर रोक लगाने का प्रावधान किया गया, जिनमें तंदूर होटल, खुले में चल रहे ढाबे, डीजल जेनरेटर शामिल हैं। इस श्रेणी में केवल आवश्यक और आपात सेवाओं को इन दों ईंधनों के इस्तेमाल पर छूट मिलेगी। अगर स्थिति गंभीर (तीसरे स्तर) तक पहुंचती है तो अधिकारी दिल्ली-एनसीआर में आवश्यक परियोजनाओं जैसे रेलवे, मेट्रो, हवाई अड्डे, अंतरराज्यीय बस अड्डा (आईएसबीटी, राष्ट्रीय सुरक्षाारक्षा से जुड़ी राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं) को छोड़कर निर्माण और ध्वस्तीकरण के कार्य पर रोक लगा देंगे। इस स्तर के प्रदूषण में गैर प्रदूषणकारी कार्य जैसे नल आदि, लकड़ी, आतंरिक सज्जा और बिजली के काम पर भी रोक होगी।

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण तीसरे स्तर पर पहुंचने पर स्वच्छ ईंधन से चलने वाले ईंट भट्टे, हॉट मिक्स संयंत्र और पत्थर तोड़ने वाले संयंत्र और खनन गतिविधियां भी प्रतिबंधित रहेंगी। नीतिगत दस्तावेज में कहा गया, दिल्ली-एनसीआर की राज्य सरकारें प्रदूषण के तीसरे स्तर पर बीएस-तीन और बीएस-चार मानक के हल्के डीजल मोटर वाहन पर भी रोक लगा सकती हैं। दस्तावेज के मुताबिक चौथे चरण या आपात स्थिति से निपटने की योजना के तहत दिल्ली में ट्रकों के प्रवेश पर रोक और दिल्ली में पंजीकृत मध्यम और भारी माल ढोने वाले वाहनों पर भी रोक रहेगी, लेकिन आवश्यक सेवाओं में लगे ऐसे वाहनों के परिचालन को प्रतिबंध से ढील दी जाएगी। इस स्तर के प्रदूषण में बीएस-चार मानक के वाहनों और आवश्यक सेवाओं में संलग्न वाहनों को छोड़ सभी चार पहिया डीजल वाहनों पर भी दिल्ली-एनसीआर में रोक होगी।

### चौथे स्तर के प्रदूषण पर 50 प्रतिशत वर्क फ्रोम होम

*चौथे स्तर के प्रदूषण की स्थिति में की स्थिति में प्रदूषण करने वाले ईंधन से चलने वाले उद्योगों और राजमार्ग, सड़क, फ्लाईओवर, ओवर ब्रिज, बिजली पारेषण और पाइपलाइन के निर्माण और ध्वस्तीकरण की गतिविधियां भी प्रतबंधित रहेंगी।*

*राज्य सरकारें सरकारी और निजी कार्यालयों के 50 प्रतिशत कर्मचारियों को घर से ही काम करने देने की अनुमति देने पर विचार कर सकती हैं। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने और वाहनों के परिचालन के लिए सम-विषम व्यवस्थाओं को लागू करने पर विचार कर सकती हैं। स्तर दो, तीन और चार के तहत कार्ययोजना को लागू करने के लिए कम से कम गत तीन दिनों के एक्यूआई पर विचार किया जाएगा। इससे पहले अधिकारी पीएम-2.5 या पीएम.10 के स्तर के आधार पर प्रदूषण प्रतिक्रिया कार्य योजना लागू करते थे।*



फोटो: रंजन डिमरी

# मतदान पेटी, अन्य चुनाव सामग्री विधानसभा परिसर में पहुंची

**राष्ट्रपति चुनाव**

● दिल्ली विस के सहायक चुनाव अधिकारी सी. वेलमुरुग्गन ने मतदान पेटी, मतपत्र, विशेष क्लम समेत अन्य सामग्री निर्वाचन आयोग से प्राप्त की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान पेटी और अन्य महत्वपूर्ण चुनाव सामग्री बुधवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में लाई गई और उन्हें एक स्ट्राँग रूम में रखा गया है।

निर्वाचन आयोग ने जून में कहा था कि भारत के अगले राष्ट्रपति के लिए चुनाव 18 जुलाई को होगा जिसमें सांसदों और विधायकों सहित 4,809 निर्वाचक मौजूदा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के उत्तराधिकारी को चुनने के लिए मतदान करेंगे। निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, राष्ट्रपति चुनाव के लिए तैयारियों के क्रम में दिल्ली विधानसभा के सहायक चुनाव अधिकारी (एआरओ) सी. वेलमुरूगन ने बुधवार को मतदान पेटी, मतपत्र, विशेष कलम और अन्य सीलबंद महत्वपूर्ण चुनाव सामग्री निर्वाचन आयोग से प्राप्त की।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने भारत का 16वां राष्ट्रपति चुनाव सफलतापूर्वक कराने के लिए सभी आवश्यक सामग्रियों का वितरण करना और उन्हें भेजना शुरू कर दिया है। राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को चुनाव सामग्री भेजने के लिए यहां निर्वाचन सदन में दो दिवसीय प्रक्रिया मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे की निगरानी में समयबद्ध और सुरक्षित तरीके से की जा रही है। निर्वाचन आयोग यह प्रावधान करता है कि दिल्ली स्थित उसके मुख्यालय से चुनाव सामग्री मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी सहित एआरओ द्वारा प्राप्त की जाए। इसके अनुरूप, मतदान पेटी प्राप्त करने के दौरान सीईओ, दिल्ली के एक प्रतिनिधि भी मौजूद रहें। इसके अलावा, निर्वाचन आयोग से मतदान पेटी एवं महत्वपूर्ण चुनाव सामग्री प्राप्त करने के बाद उन्हें दिल्ली विधानसभा परिसर लाया गया।

उन्होंने बताया कि मतदान पेटी और अन्य चुनाव सामग्री को फिर इमारत के भूतल स्थित एक स्ट्राँग रूम में रखा गया। उन्होंने बताया कि सामग्री को रखे जाने से पहले स्ट्राँग रूम में रसायनों का छिड़काव किया गया और वीडियोग्राफी की गई। दिल्ली विधानसभा के सभी 70 सदस्य राष्ट्रपति चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। मतगणना 21 जुलाई को होगी। कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त होगा।

# मेट्रो में रोजाना सफर करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ी



● इसकी मुख्य वजह स्कूलों और संस्थानों का खुलना है : डीएमआरसी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मेट्रो में रोजाना सफर करने वाले यात्रियों की औसतन संख्या पिछले तीन महीनों में इजाफा हुआ है।

इसका मुख्यकरण स्कूलों, कॉलेजों और संस्थानों का नियमित रूप से खुलना है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम डीएमआरसी) के प्रमुख विकास कुमार ने मंगलवार शाम को कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण दुनियाभर में कई मेट्रो की सवारियों में करीब 20 फीसदी की गिरावट आई है। विकास कुमार के मुताबिक दिल्ली मेट्रो में जुलाई में औसत दैनिक सवारियों की संख्या 42.64 लाख रही। जून और मई में सवारियों की संख्या क्रमशः 41.90 लाख और 39.48 लाख रही थी, जो दिखाता है कि इसमें धीरे-धीरे वृद्धि हुई है। कोविड-19 से पहले प्रतिदिन सवारियों की औसत संख्या करीब 60 लाख रहती थी।

कुमार ने कहा कि कार्यालयों और घर दोनों तरीके से चल रहे संस्थानों और स्कूलों के फिर से खुलने के कारण इन आंकड़ों में सुधार हुआ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दिसंबर अंत तक यह संख्या कोविड-19 के पहले के स्तर तक पहुंच जाएगी। ज्ञात हो कोरोना काल में मेट्रो बंद होने के कारण डीएमआरसी को काफी नुकसान हुआ था। बाद में यात्रा शुरू होने के कारण संख्या तो बढ़ी लेकिन पहले जैसी स्थिति नहीं बन पा रही थी।

## दुकानदार पर लोगों ने किया हमला, गंभीर

**नई दिल्ली।** कोतवाली इलाके में एक दुकानदार पर लोगों के एक समूह ने हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

इस हमले में पीड़ित दीपक जैन के दोनों हाथ व पैरों में चोटें आई हैं। पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने कहा किनारी बाजार में एक दुकानदार और दुकान के मालिक के बीच झगड़ा हो रहा है। जैन के पिता का बयान दर्ज किया गया। कलसी के मुताबिक, उन लोगों ने आरोप लगाया कि दीपक ने एक लड़की को परेशान किया है। दीपक के पिता ने कहा कि दुकान के मालिक और उसके बेटे के बीच कुछ झगड़ा था और घटना के पीछे उसी का हाथ होने का शक है।

# न्यू उस्मानपुर में बहस के बाद युवक की हत्या

● पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही, आरेपी फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर में किसी बात को लेकर बहस होने पर स्थानीय लोगों के एक समूह ने 23 वर्षीय एक युवक की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि युवक के सिर और पैर में चोटें आईं थी। कुछ लोगों ने सोमवार की शाम करीब चार बजे उसे ब्रह्मपुरी में एक मंदिर के द्वार पर बेहोश पड़ा देखा था।

पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच कर युवक आशु को अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 201 और 34 के तहत मामला दर्ज किया है।

उन्होंने कहा कि प्राथमिक जांच में पता चला कि नौ जून को आशु की कुछ स्थानीय लोगों के साथ किसी बात को लेकर बहस हो गई थी जिसके बाद उसने उनमें से एक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। इस संबंध में न्यू उस्मानपुर थाने में एक मामला दर्ज है। पुलिस ने बताया कि उन्हीं स्थानीय लोगों के समूह ने सोमवार को आशु पर हमला किया और उसके बेहोश होने के बाद मौके से फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई है और उनकी तलाश की जा रही है। वहीं दिल्ली पुलिस ने आसपस से लोगों से पूछताछ शुरू कर दी ताकि इस मामले में कुछ अहम जानकारी मिल सके।

# प्रशिक्षण पाकर और अधिक पेशेवर बनेंगे पुलिसकर्मी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला पुलिसकर्मियों को और अधिक पेशेवर बनाने के लिए मिशन कमयोगी दक्षता निर्माण कार्यक्रम शुरू किया। इसका मकसद साफ्ट स्किल्स में मास्टर ट्रेनर्स का एक पूल बनाना है।

केंद्र सरकार का प्रमुख निकाय क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) द्वारा इस योजना के तहत सरकारी अधिकारियों को तकनीकी में दक्षता और पेशेवर बनाया जाएगा, ताकि ते नागरिकों की उम्मीदों पर और अधिक खरा उतर सके। इस योजना के तहत अभी सिपाही से लेकर एसीपी स्तर के 360 कर्मियों का चयन किया गया है। जिन्हें आयोग द्वारा आनलाइन तीन दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण लेने के बाद उक्त कर्मी आगे थानों, यूनिटों में तैनात 35 हजार कर्मियों को प्रशिक्षित देंगे।

पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने कहा कि कार्यबल का व्यवहार किसी भी संगठन के लिए अच्छी और स्वस्थ छवि की कुंजी है। यह प्रशिक्षण माड्यूल निश्चित रूप से प्रदर्शन के साथ-साथ बल के प्रति जनता की धारणा में सुधार करेगा। कामकाज के तरीके या तकनीकी को प्रभावित किए बिना दक्षता बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।


**मिशन कर्मयोगी दक्षता निर्माण कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को गुलदस्ता भेंट करते दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना।**

## संक्षिप्त समाचार


**एफसीआई मुख्यालय पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।**

### एफसीआई कर्मचारियों का मुख्यालय पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के कर्मचारियों ने बाराखंभा स्थित मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों सहित मुख्यालय के साथ-साथ नॉर्थ जोने के सभी राज्यों के लगभग 600 से अधिक कर्मचारियों शामिल हुए। ईएसयू के नेता दीपक पोद्दार ने बताया कि यह आए दिन ट्रांसफर पॉलिसी को दरकिनार कर बिना वजह कर्मचारियों को ट्रांसफर करके प्रताड़ित किया जा रहा है। कर्मचारी लगातार इसका विरोध कर रहे लेकिन प्रशासन सभी बातों को अनसुनी कर रहा है। पोद्दार ने मांग की है कि हमारी यूनियन की प्रमुख डिमांड गैरकानूनी आर्डर को तत्काल निरस्त करने की है। आंदोलन में एफसीआईईएसयू के प्रमुख अनिल शर्मा, आशुतोष कुमार, सागर गुप्ता, रोशन कमार, रंजीत कुमार, अविनाश कुमार, पीएन मीना आदि ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### विदेश मंत्री ने किया 'कनेक्टिंग थ्रू कल्चर' का लोकार्पण

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को भारत के सॉफ्ट पॉवर के विभिन्न आयामों से समृद्ध लेखों के संग्रह 'कनेक्टिंग थ्रू कल्चर' का लोकार्पण करते हुए कहा कि भारत के सांस्कृतिक महाशक्ति बनने का मार्ग प्रशस्त है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान थे। इस किताब में कुल 23 लेख हैं जिनका संपादन संपादन विनय सहस्त्रबुद्धे,अध्यक्ष (आईसीसीआर) और सच्चिदानंद जोशी, सदस्य सचिव,इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) ने सम्मलित रूप से किया है। इस संग्रह में लेखक अमीश त्रिपाठी, शोधकर्ता पुष्पेश पन्त, जया जेटली, क्रिस्टोफर बेनिन्गर, कपिल कपूर, गाँधीवादी विचारक राजीव वोरा हैं। इसके अलावा आरिफ मोहम्मद खान और दोनों सम्पादकों ने भी अपने लेखों द्वारा इस संग्रह को समृद्ध किया है।

# गोल्फ क्लब से सांभर हिरण को स्थानांतरित करने का काम रुका

## फिलहाल 30 से 40 सांभर हिरण मौजूद हैं, सर्दियों में भोजन की समस्या के चलते खा रहे थे क्लब की घास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी में लगातार बढ़ी गर्मी से लोगों के कई काम प्रभावित हो रहे इसी बीच दिल्ली के प्रतिष्ठित गोल्फ क्लब से सांभर हिरणों के झुंड को स्थानांतरित करने का काम रोक दिया गया है। दिल्ली वन विभाग की योजना को असोला अभयारण्य की चारदीवारी का निर्माण पूरा होने तक स्थगित कर दिया गया है।

राष्ट्रीय राजधानी के मध्य में सबसे पुराने और प्रतिष्ठित क्लबों में से एक दिल्ली गोल्फ क्लब (डीजीसी) ने पिछले साल दिल्ली वन एवं वन्यजीव विभाग से संपर्क कर हिरणों को असोला अभयारण्य में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया था। क्लब के एक सदस्य ने बताया कि इस बात की स्पष्ट जानकारी नहीं है कि हिरण शुरू से डीजीसी में हैं या किसी ने उन्हें वहां पहुंचाया था। समय के साथ इनकी संख्या में इजाफा हुआ है। डीजीसी में फिलहाल 30 से 40 सांभर हिरण हैं और ये गोल्फ कोर्स की घास को नुकसान पहुंचाते हैं। गोल्फ क्लब के अधिकारियों ने बताया कि सर्दियों के मौसम में जब भोजन की समस्या आती है तो ये हिरण घास खाना शुरू कर देते हैं, जिससे रखरखाव का खर्च बढ़ जाता है।

वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, अभयारण्य की चारदीवारी हरियाणा की तरफ टूटी हुई है। इस बात की आशंका है कि हिरण अभयारण्य से गुजरने वाली या उससे सटी सड़कों पर चोटिल हो सकते हैं या मारे जा सकते हैं।

उन्होंने कहा वह निश्चित रूप से डीजीसी से हिरणों को असोला अभयारण्य में स्थानांतरित करेंगे, लेकिन इससे पहले चारदीवारी का निर्माण पूरा कर लेना चाहते हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन कोई यह नहीं कह सकता है कि इसका निर्माण कब पूरा होगा।

बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के अनुसार, पिछले छह वर्षों में वन्यजीव अभयारण्य से गुजरने वाली सड़कों पर हुए हादसों में कम से कम पांच तेंदुए मारे जा चुके हैं।

अधिकारियों के अनुसार, वन्यजीव अभयारण्य के आसपास भारी यातायात वाली तीन प्रमुख सड़कें हैं। सूरजकुंड-फरीदाबाद रोड, गुरुग्रम-फरीदाबाद रोड और महरौली-बदरपुर रोड।

दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर को फरीदाबाद के मांगर गांव से जोड़ने वाली एक और सड़क अभयारण्य से होकर गुजरती है।

# बीएमडब्ल्यू से व्यक्ति को कुचलने के आरोप में गैरेज मालिक गिरफ्तार

● आरोपी शुभम जैन लक्जरी और पुरानी कारों के कल-पुर्जे बेचने का काम करता है : पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मरम्मत के लिए आई ग्राहक की बीएमडब्ल्यू कार से दक्षिण दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में एक व्यक्ति को कथित रूप से कुचलने के आरोप में पुलिस ने एक गैरेज मालिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी शुभम जैन गैरेज का मालिक है और लक्जरी तथा विंटेज (पुरानी) कारों के कल-पुर्जे बेचने का काम करता है।

पुलिस उपायुक्त बेनिता जयकर ने बताया कि चंडीगढ़ के अजय परिहाट की लाल रंग की बीएमडब्ल्यू कार उसके पास मरम्मत के लिए आई थी। लाल रंग की यह बीएमडब्ल्यू कार परिहाट के भाई रवि परिहाट के नाम पर पंजीकृत है। पूछताछ के दौरान जैन ने पुलिस को बताया कि 9 जुलाई की देर रात को गैरेज मालिक अपने भाई वैभव जैन और दोस्तों के साथ बीएमडब्ल्यू से नेहरू प्लेस गया था। दस जुलाई की रात करीब 2:30 बजे नेहरू प्लेस से लौटते हुए उसने लाजपत राय रोड स्थित प्लास्टिक बाजार के पास एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि बाद में उसने ब्लू बेल्स स्कूल के पास कुछ देर के लिए कार रोकी लेकिन, डर के कारण वहां से भाग गया।

# गुरुग्राम विवि में तिलक लगा शिष्यों ने किया गुरुओं का सम्मान

### गुरु पूर्णिमा पर गुरु-शिष्य की परंपरा निभाने का दिया संदेश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरु** शिष्य की परंपरा का पावन पर्व गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुग्राम विवि और भारतीय शिक्षण मंडल, हरियाणा प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में विवि परिसर सेक्टर-51 में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की।

भारतीय शिक्षण मंडल हरियाणा प्रांत की प्रांतीय अधिकारी प्रो. चंचल भारद्वाज कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु की पूजा से हुई। इस अवसर पर विवि के छात्र-छात्राओं ने तिलक लगा कर अपने गुरुओं का सम्मान किया। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित, भारतीय शिक्षण मंडल, हरियाणा प्रान्त की प्रांतीय अधिकारी चंचल भारद्वाज ने जीवन में गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ज्ञान की रोशनी हर प्रकार के अंधकार को मिटाती है और यह ज्ञान हमें गुरु कृपा के माध्यम से ही प्राप्त होता है। हमारे जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि है। इसलिए गुरु के प्रति शिष्य के मन में हमेशा श्रद्धा होनी चाहिए तभी हमारा जीवन सार्थक होगा और हम अपने जीवन के अंतिम लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे।


गुरुग्राम विवि में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरुओं को तिलक करती एक छात्रा।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सभी को गुरु पूर्णिमा पर गुरु-शिष्य की परंपरा निभाने का संदेश देते हुए कहा कि हम सभी के जीवन में गुरु का विशेष महत्व होता है। इसलिए गुरु के महत्व को समझना चाहिए। जीवन भर गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि गुरु के आशीर्वाद के बिना मानव जीवन अधूरा है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व जीवन में गुरु के विशिष्ट स्थान को दर्शाता है। बिना गुरु के ज्ञान प्राप्त करना कठिन है। अच्छा गुरु जीवन में रोशनी लाने का कार्य करता है।

जीयू में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में जीयू के कुलसचिव राजीव कुमार सिंह, डॉ. सुभाष कुंडु, शिक्षण मंडल के प्रान्त सम्पर्क प्रमुख अशोक कुमार, भूमेश पूनिया, डॉ. अशोक खन्ना, डॉ. अमरजीत कौर, डॉ. राकेश कुमार योगी, डॉ. नीरा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जनसेवा समिति ने सिविल लाइन में लगाया विशाल भंडारा


गुरुग्राम के सिविल लाइन में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

**गुरुग्राम।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा विशाल भण्डारों का आयोजन किया गया, जिसमें असंख्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में सिविल लाइन क्षेत्र स्थित अग्रवाल धर्मशाला के निकट सामाजिक संस्था जनसेवा समिति द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को 14वें विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।

संस्था के विवेक बंसल, सुनील गर्ग, राहुल गर्ग, दलीप लूथरा आदि का कहना है कि हिंदू धर्म में गुरु का स्थान भगवान से भी पहले रखा गया है। गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन प्रथम गुरु का दर्जा प्राप्त महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। गुरु के माध्यम से ही हम ज्ञान को प्राप्त करते हैं। गुरु हमे अंधेरे से उजाले की तरफ बढ़ने का रास्ता दिखाते हैं। भारतीय संस्कृति में गुरु का महत्व, सम्मान और सच्ची निष्ठा और समर्पण का भाव हमेशा रहता आया है। संस्था का यही उद्देश्य है कि जरुरतमंद लोगों को प्रसाद के रूप में भोजन उपलब्ध कराया जाए। गुरुग्राम में प्रतिदिन आस-पास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग मेहनत-मजदूरी व कारोबार के लिए आते हैं। उन्हें भोजन की किल्लत का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में संस्था द्वारा किए जाने वाले इस प्रकार के पुण्य कार्यों का उन्हें लाभ भी मिल जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी अमित गोयल, अभिषेक अग्रवाल का सहयोग रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिपालया संस्था महिलाओं को दे रही है रोजगार का हुनर

**सोहना।** सामाजिक संगठन दिपालया सामाजिक संगठन बेसहारा और आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं को रोजगार का हुनर सिखाएगा। जिसके लिए महिलाओं को पांच दिन का प्रशिक्षण देना शुरू किया है। बुधवार से दिपालया सामाजिक संस्था ने महिलाओं को रोजगारमुखी बनाने के उद्देश्य से अपने सोहना में स्थित केन्द्र पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण देने की शुरुआत की है। जिसमें सोहना शहर समेत आस-पास लगते करीब 20 गांवों से युवतियों से लेकर 40 वर्ष उम्र वाली महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्ती के लिए आ रही है। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में महिलाओं को हर्बल साबुन बनाना सिखाया जा रहा है। जिसमें महिलाए प्रशिक्षण प्राप्ति के बाद आने घर पर रहकर बना सकेंगी। उसके बाद तैयार माल को बाजार में बेचकर अपना आय को धीरे-धीरे बढ़ा सकती है। केन्द्र के प्रभारी अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि संस्था द्वारा महिलाओं को यह प्रशिक्षण निशुल्क दिया जा रहा है। इसके अलावा महिलाओं का संस्था कपड़ा सिलाई, मसालें बनाने, ब्यूटी पार्लर और शिक्षा देने का कार्य करती रहती है। उन्होंने बताया कि संस्था में अलग-अलग प्रकार के प्रशिक्षण देने के कार्यों में सुमन, ललित, बरणा, अमित आदि अपना-अपना योगदान दे रहे है। गुप्ता ने बताया कि उनके साथ महिलाओं को रोजगार का हुनर सिखाने में सहयोग कर रही है।

### सोहना में स्थित दिपालया संस्था का प्रशिक्षण केन्द्र

**सोहना।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने गांव कुलियाका के निकट पुलिस निर्माण कार्य के दौरान की उपयोग की जा रही बिजली चोरी को छापामार पकड़ा है। उड़नदस्ता टीम ने बिजली चोरी करने वाले ठेकेदार पर करीब 60 लाख 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। खंड के गांव कुलियाका के निकट से जा रही गुरुग्राम कनाल के ऊपर पुलिस निर्माण का कार्य चल रहा है। पुलिया निर्माण का मुख्य ठेकेदार भिवानी निवासी बाल किशन है। जिसने इस ठेका को जिला नूंह निवासी मुस्तफा को अपने स्तर पर दे रखा था। जानकारी के अनुसार मुस्तफा के कारीगर पुलिया निर्माण के दौरान यहां से जा रही बिजली की लाइन पर सीधा तार डालकर चोरी की जा रही थी। जिसकी सूचना सीएम उड़नदस्ता टीम को मिलने पर आज छापा मारा गया। उड़नदस्ता की टीम ने मुस्तफा पर 2 लाख 70 हजार रुपये का जुर्माना बिजली चोरी करने का लगाया है। मौके पर मौजूद बिजली चोरी के उपकरण को सीएम उड़नदस्ता टीम ने अपने कब्जे में ले लिया है।

### कांवड़ लाने आज से रवाना होने शुरू हो जाएंगे शिव भक्त

**गुरुग्राम।** गुरुवार से सावन माह शुरु हो रहा है। सावन माह के पहले दिन से ही कावड़ यात्रा भी शुरू हो जाएगी। जिला प्रशासन ने भी कावड़ यात्रा को लेकर अपनी तैयारियां शुरु कर दी हैं। कोरोना के बाद से कावड़ यात्रा का कई साल बाद आयोजन किया जा रहा है। गुरुग्राम के साथ प्रदेश के अन्य जिलों से भी भगवान शिव में आस्था रखने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में हरिद्वार व गंगोत्री से कांवड़ लाने के लिए जाते हैं। कोरोना काल में आस्था का प्रतीक यह पर्व नहीं मनाया जा सका था। इसलिए भी श्रद्धालुओं में कावड़ यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इन कावड़ियों ने कई माह पूर्व ही कावड़ लाने की तैयारियां शुरु की हुई थी। जिला प्रशासन ने भी कावड़ यात्रा को लेकर बैठकें आयोजन कर पुख्ता व्यवस्था करने के आदेश दिए हैं। जानकारों का कहना है कि उत्तराखंड आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए उत्तराखंड पुलिस की ओर से पंजीकरण के लिए पोर्टल खोला गया है। पोर्टल खोलने के बाद उसमें एक मोबाईल नंबर पंजीकृत करना होगा, इसके बाद अपना नाम, पिता का नाम, आधार कार्ड नंबर, घर का पता, हरिद्वार आने व जाने की तिथि, ग्रुप में सदस्यों की संख्या, यदि वाहन से आ रहे हैं तो वाहन नंबर भी पोर्टल में दर्ज करना होगा। ये सब जानकारियां दर्ज करने के बाद एक नंबर मिलेगा। उत्तराखंड पुलिस ने कावड़ लेकर आने वाले श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे पोर्टल पर पंजीकरण करने के बाद ही कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार आएं।

# दमदमा के राजकीय शहीद राजसिंह स्कूल का दर्जा बढ़ा


दमदमा का राजकीय शहीद राजसिंह मिडल स्कूल का दर्जा बढ़कर हुआ सीनियर सैकेंडरी।

### शिक्षा विभाग और मुख्यमंत्री ने स्कूल का दर्जा बढ़ाने की मांग स्वीकारी

### ग्रामीणों ने छात्रों से मारपीट के बाद गांव में ही टेंट लगाकर एक माह तक दिलाई थी शिक्षा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शिक्षा** विभाग ने दमदमा के राजकीय शहीद राजसिंह मिडल स्कूल को सीनियर सैकेंडरी का दर्जा प्रदान कर दिया है। जल्द ही स्थानीय स्कूल में 9 से 12वीं की कक्षाएं लगनी आरंभ हो जाएंगी। दमदमा के नागरिकों की पिछले दो माह से प्रदेश शिक्षा विभाग और मुख्यमंत्री से चली आ रही राजकीय शहीद राजसिंह मिडल स्कूल का दर्जा बढ़ाकर सीनियर सैकेंडरी किए जाने की मांग को हरी झंडी दे दी है।

शिक्षा विभाग द्वारा जैसे ही ग्राम पंचायत को मिला राजकीय स्कूल को दर्जा बढ़ाए जाने का पत्र दिया गया। वैसे ही ग्रामीण खुशी से झूम उठे है।

#### मारपीट के बाद छात्रों के अभयपुर स्कूल जाने पर लगा दी थी रोक

**दमदमा** से अभयपुर के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में कक्षा 9 से 12वीं में पढ़ाई करने के लिए 130 के लगभग बच्चे जा रहे थे। लेकिन दो मई को दमदमा के विद्यार्थियों के साथ हुई मारपीट के बाद ग्रामीणों ने बच्चों को अभयपुर के राजकीय स्कूल में जाने से रोक लगा दी थी।

ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग और प्रदेश मुख्यमंत्री से स्कूल का मिडिल से सीनियर सेकेंडरी किए जाने को लेकर धरना दे दिया था। बच्चों को ग्रामीणों ने गांव में ही टेंट लगाकर करीब एक माह तक अपने बल पर शिक्षा दी थी। ग्रीष्म अवकाश की छुट्टियों के बाद भी ग्रामीणों ने अपने बच्चों को अभयपुर पढ़ाई के लिए नहीं भेजा था।

**प्रधानाचार्य समेत 21 पद हुए सृजित :** दमदमा के नवनियुक्त राजकीय शहीद राजसिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल बनाए जाने पर प्रधानाचार्य समेत 12 पद प्राध्यापक के पद सृजित किए हैं। दो कंप्यूटर शिक्षक, एक क्लर्क, 3 लैब सहायक, 2 चपरासी के पदों की मंजूरी दे दी गई है।

# हर कार्यकर्ता निष्ठावान होकर काम करे: गोयल

### ओम नगर में पार्टी कार्यकर्ता हरजीत कौर के कार्यालय का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने बुधवार को यहां ओम नगर में पार्टी कार्यकर्ता हरजीत कौर के कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। इस अवसर पर अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासनात्मक पार्टी है। इसमें हर कार्यकर्ता, हर नेता को पूरा सम्मान दिया जाता है। ऐसे में सभी कार्यकर्ताओं का भी यह फर्ज बनता है कि वे पार्टी के लिए निष्ठावान होकर काम करें। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम सहित पूरे हरियाणा में भाजपा की जमीन मजबूत हुई है। यह सब कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण ही संभव हो पाया है। केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद देश-प्रदेश में लोगों को सुविधाएं मिलनी शुरू हुई। भय, भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देकर आम आदमी को बड़ी राहत दी गई है। पहले की सरकारों में बिना रिश्वत के काम नहीं होते थे। अब सिस्टम ऐसा बना दिया गया है कि अधिकतर कार्यों में जनता और कार्यालयों के बीच व्यक्तिगत रूप से मिलने की भी जरूरत नहीं है। घर बैठे ऑनलाइन ही अपने कार्यों को लोग निपटा रहे हैं। यह सबसे बड़ा बदलाव है। लोगों को अब अपने छोटे-बड़े कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ रहा।


गुरुग्राम के ओम नगर में कार्यालय का उद्घाटन करते नवीन गोयल।

श्री गोयल ने कहा कि आज डिजिटल का युग शुरू हो चुका है। ऐसे में सभी को डिजिटल माध्यम से भी सरकार की नीतियों को जनता के बीच पहुंचाना है। हर कार्यकर्ता अपने वरिष्ठ नेताओं के साथ समय-समय पर मुलाकात करके इस पर राय भी ले सकता है। उन्होंने कहा कि जितना अधिक सोशल मीडिया का इस्तेमाल हम करेंगे, उतना ही हम जनता से जुड़े रहेंगे। व्यक्तिगत रूप से भी हमें क्षेत्रवार दौरे करके लोगों की समस्याओं पर भी फोकस करना है, ताकि उन्हें दूर करके लोगों को राहत दी जा सके। एक तरह से हमें जनता और सरकारी विभागों के बीच कड़ी का काम करना है।

# डेरा सच्चा सौदा ने दो शाही बेटियों और चार शाही बेटों की करवाई शादियां



डेरा सच्चा सौदा की ओर से चार शाही बेटों ( जिन्हें डेरे में ही पाला गया ) की करवाई गई शादी। कुल का क्राउन मुहिम के तहत शादी करने वाले जोड़े को सम्मानित करते संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा।

पायनियर समाचार सेवा। बरनावा

**वो बेटियां,** जिन्हें गर्भ में ही मार दिया जाना था या जिन्हें मां-बाप मरने के लिए कूड़े के ढेर पर छोड़ गए थे। पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने ऐसी 21 बेटियों को न केवल अपनाया, बल्कि मां-बाप की जगह खुद अपना नाम दिया। उन्हें शाही बेटियां बनाया। इनका पालन पोषण किया, पढ़ाया-लिखाया। इनमें से कई बेटियों ने शिक्षा व खेलों में देश का नाम रोशन किया। अब उनकी शादी करके उन्हें विदा किया गया। इन स्वर्णिम पलों के गवाह बने देश-दुनिया में बैठे करोड़ों डेरा प्रेमी और उनसे जुड़े आम व खास लोग। डेरा सच्चा सौदा के संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पावन उपस्थिति में दो शाही बेटियों के अलावा शाही आसरा आश्रम के चार नवयुवक भी कुल का क्राउन मुहिम के तहत (ससुराल में रहने के लिए) विवाह बंधन में बंधे। संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा ने अपनी नेक कमाई में से शादी के बंधन में बंधी शाही बेटियों को 7-7 लाख रुपये और शाही आसरा आश्रम के बेटों को 5-5 लाख रुपये की एफडी टोकन ऑफ लव के रूप में दी। बरनावा में ऑनलाइन मजलिस का आयोजन किया गया।

इस शुभ अवसर पर शाही बेटी सुचेतना इन्सां सुपुत्री फोस्टर फादर गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की शादी महक इन्सां सुपुत्र धर्मपाल इन्सां निवासी सिरसा व शाही बेटी खुशबू इन्सां सुपुत्री फोस्टर फादर गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की शादी अनमोल इन्सां सुपुत्र धर्मपाल इन्सां निवासी दोदा, मुक्तसर (पंजाब) के साथ हुई। बरवाना आश्रम से ऑनलाइन माध्यम से देश-विदेश में लाखों लोगों का नशा और बुराइयां छुड़वाने का संकल्प कराया। शाही आसरा आश्रम में गुरुजी द्वारा चलाए जा रहे 140 मानवता भलाई के कार्यों में से 5वां कार्य है। जिसके तहत अनाथ, बेसहारा लड़कों को अपनाना और उन्हें शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बनाना। गुरुजी ने ऐसे 17 बच्चों को न केवल अपनाया, बल्कि इन्हें मां-बाप की जगह अपना नाम दिया, इनका पालन-पोषण किया, पढ़ाया-लिखाया और काबिल बनाया। इसी तरह से कुल का क्राउम मुहिम मानवता भलाई के 140 कार्यों में से 73वां कार्य है। समाज में यह माना जाता था कि लड़कों से ही वंश चलता है। पूज्य गुरु जी ने कुल का क्राउन मुहिम के तहत लड़की शादी करके दूल्हे को अपने घर लेकर जाती है। इस तरह लड़की से ही वंश चलता है। इस अवसर पर गुरुजी ने फरमाया कि मालिक, परम पिता परमात्मा, सच्चे दाता रहबर शाह सतनाम, शाह मस्तान, ओउम, हरि, अल्लाह, वाहेगुरु, राम कण-कण में विराजमान है, हर जगह रहते हैं वो।

# शामली के 10 सरकारी स्कूलों में काम करने को एमउएम फाउंडेशन ने देवी संस्थान के साथ मिलाया हाथ

### सिनर्जी समिट में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) पर हुई चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। शामली



**आधारभूत** साक्षरता और संख्यात्मकता (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी ) पर दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, मैक्समूलर मार्ग में भारत की सबसे रणनीतिक दो दिवसीय शिखर बैठक सिनर्जी समिट का आयोजन हुआ। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वीडियो संदेश के माध्यम से जुड़े और अपने विचार व्यक्त किए। इस समिट का उद्घाटन मुख्य अतिथि मालदीव गणराज्य के शिक्षा राज्य मंत्री डॉ अब्दुल्ला रशीद अहमद द्वारा किया गया । इस अवसर पर देवी संस्थान की फाउंडर एंड सीईओ डॉ. सुनीता गांधी, एम3एम फाउंडेशन की ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया, एम3एम फाउंडेशन के प्रेसिडेंट डॉ. ऐश्वर्य महाजन, निक्सोन जोसेफ, सीईओ, सीएलटी इंडिया, आलोक वर्मा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एचसीएल फाउंडेशन, थिरुमाला आरोही, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, हेड-एजुकेशन, ट्रेनिंग एंड असेस्मेंट्स, इंफोसिस लिमिटेड, कमल गौर, डिप्टी डायरेक्टर, प्रोग्राम्स एजुकेशन, सेव द चिल्ड्रेन और एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आज इस समिट का दूसरा और अंतिम दिन रहा।

दो दिवसीय इस समिट में विभिन्न संथाओं द्वारा फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी पर चर्चा की गई। वहीं इस अवसर पर डॉ. पायल कनोडिया ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि एम3एम फाउंडेशन अपने विभिन्न प्रोग्रामों के माध्यम से फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी पर किस तरह पहले से ही काम कर रहा है और बुनियादी शिक्षा के साथ देश के बेहतरी में अहम योगदान दे रहा है। एम3एम फाउंडेशन के सफल प्रयासों को देखते हुये एम3एम फाउंडेशन को एक और नई ज़िम्मेदारी मिली है। ज्ञात हो की देश के कई हिस्सों में अभी भी फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी पर काम करने की जरूरत है और इसी को देखते हुये एम3एम फाउंडेशन ने देवी फाउंडेशन के साथ मिलकर शामली के 10 चिन्हित स्कूलों में एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी ) के कार्यान्वयन में सहयोग करने के लिए एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया। इस समझौते के तहत एम3एम फाउंडेशन अपने साक्षर प्रोग्राम के तहत शामली में कार्य करेगा। इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वीडियो सन्देश के माध्यम से जुड़ें एवं समिट की सराहना करते हुए कहा की, शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह के आयोजन को मैं निवेश की तरह देखता हूं जो रिटर्न के रूप मे आने वाले समय में शिक्षा के बेहतरी का मार्ग प्रशस्त करते है।

# कोरोना: मृतकों के परिजनों को मिले रुपये 50-50 हजार

### मृत्यु के 90 दिनों के भीतर करना होता है आवेदन

**गुरुग्राम।** कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान कोरोना के कारण अकाल मौत का ग्रास बने नागरिकों के परिजनों को सरकार की ओर से 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जी रही है। इस योजना के तहत जिला में अब तक 983 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 904 पात्र परिजनों को लाभ पहुंचाया गया है, जबकि 49 आवेदनों पर काम चल रहा है।


प्रभावित पात्र परिजनों को आर्थिक मदद के लिए अंत्योदय सरल पोर्टल सरलहरियाणा.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार समयावधि भी निर्धारित है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि 20 मार्च 2022 के बाद कोरोना महामारी से मृत्यु होने वाले लोगों के परिजन सहायता राशि के लिए 90 दिन के भीतर आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अगर निर्धारित समय अवधि के भीतर कोई आवेदन नहीं कर पाया हो तो वह इस विषय को लेकर गठित ग्रीवेंस रिड्रेसल कमेटी के समक्ष अपील कर सकता है। कमेटी आवेदन से जुड़ी जानकारी का अध्ययन कर मामले में निर्णय लेगी। संबंधित को परिवार पहचान पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र तथा कोविड पॉजिटिव होने का प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा। आवेदन के एक माह में सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। इस संबंध में आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी एसएमएस द्वारा भेजी जाएगी।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि इस योजना का लाभ ऐसे पीड़ित परिवार उठा सकते हैं, जिनके परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु कोरोना की बीमारी से हुई हो या कोविड पॉजिटिव पाए जाने के 30 दिनों के अंदर हुई हो। ऐसे पीड़ित परिवार जिन्होंने अभी तक मृतक का मृत्यु प्रमाण किन्ही कारणों से नहीं बनवाया है। वे अपने नजदीक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# ट्रूकॉलर ने ओपन डोर्स के लॉन्च की घोषणा की

### नए कनेक्शंस के साथ दुनिया का दायरा और सिमट गया है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**दुनिया** में ग्लोबल कम्युनिकेशन के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने आज बेहद सुरक्षित एवं गोपनीय तरीके से ऑडियो बातचीत के लिए बिल्कुल नए ऐप ओपन डोर्स को लॉन्च किया। स्टॉकहोम और भारत की एक विशेष टीम ने साथ मिलकर कई महीनों की मेहनत के बाद इस ऐप को तैयार किया है लोगों के डिजिटल लाइफ को सुरक्षित बनाने वाले ऐप, ट्रूकॉलर और लोगों की निजी सुरक्षा के लिए मुफ्त में उपलब्ध ऐप, गार्जियन को बनाने वाली स्वीडन की कंपनी ने अब एक नए लक्ष्य को हासिल करने की योजना बनाई है। जिसका उद्देश्य लोगों को बातचीत का मजेदार एवं गोपनीय साधन उपलब्ध कराना है। लोग मुफ़्त में ओपन डोर्स का इस्तेमाल कर सकेंगे, और यह ऐप पूरी दुनिया में गूगल प्ले स्टोर तथा एप्पल ऐप स्टोर पर उपलब्ध होगा। यह ऐप दोनों तरह के स्मार्टफोन प्लेटफॉर्म पर बिना किसी रुकावट के काम करता है। इस मौके पर नामी ज़रिंगहलम, सह-संस्थापक, ट्रू सॉफ्टवेयर स्कैंडिनेविया एबी, ने कहा, ट्रूकॉलर पिछले 13 वर्षों से इस व्यवसाय का संचालन कर रहा है, और इस दौरान हमने लोगों के संवाद करने के तरीके के बारे में सीखने में काफी समय बिताया है। हमारे नए ऐप ओपन डोर्स का जन्म एक साधारण सवाल से हुआ है कि, हम बिना दखल के लोगों को नए कनेक्शन बनाने में कैसे मदद कर सकते हैं? और हम यही करना चाहते हैं। हम संचार के सबसे कुदरती तरीके, यानी आवाज़ का उपयोग करके पूरी दुनिया में लोगों के बीच की दूरियों को खत्म करना चाहते हैं।

**ओपन डोर्स कैसे काम करता है:**
**ओपन** डोर्स में ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया बेहद आसान है। अगर आप पहले से ही ट्रूकॉलर का उपयोग कर रहे हैं, तो आप बस एक टैप से साइन-इन कर सकते हैं। अगर आप ट्रूकॉलर के उपयोगकर्ता नहीं हैं, तो केवल मिस्ड कॉल या ओटीपी के जरिए आपके फोन नंबर को वेरीफाई किया जाएगा। इस ऐप को सिर्फ दो चीजों की अनुमति चाहिए। कॉन्टेक्ट (ताकि आप ओपन डोर्स को शेयर कर सकें, या अपने कॉन्टैक्ट्स में ऐसे लोगों से जुड़ सकें । जिनके पास ओपन डोर्स हैं) और फोन परमिशन (ऑडियो बातें के लिए यह जरूरी है) । बातचीत में भाग लेने वाले एक दूसरे का फोन नंबर नहीं देख सकते हैं। ओपन डोर्स के उपयोगकर्ता के रूप में, हर समय सभी चीजों पर आपका पूरा नियंत्रण होता है।

आप अपनी मर्जी से बातचीत शुरू कर सकते हैं और छोड़कर जा सकते हैं। आपके दोस्त नोटिफिकेशन मिलने पर या आपके द्वारा शेयर किए गए लिंक पर क्लिक करके बातचीत में शामिल हो सकते हैं। लॉन्च के समय इस ऐप का इंटरफेस अंग्रेजी, हिंदी, स्पेनिश, लैटिन और फ्रेंच में उपलब्ध होगा, साथ ही बाद में उपयोगकर्ता की मांग पर और अधिक भाषाओं को इसमें शामिल किया जाएगा। आपके दोस्त के बातचीत में शामिल होने के बाद उनके दोस्तों को भी आमंत्रित किया जाएगा। बेहद प्रभावशाली नेटवर्क के जरिए, आप बेहद कम समय में बड़ी संख्या में लोगों से जुड़ सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि बातचीत रीयल-टाइम होती है।

# बुकिंग करवाने के दस दिन बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर

कविता। फरीदाबाद

**जहां** एक तरफ घरेलू गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ अब गैस सिलेंडर मिलना मुश्किल हो गया है। उपभोक्ताओं को गैस की बुकिंग करने पर दस दिन बाद सिलेंडर मिलने की बात कही जा रही है। ऐसे में उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। ऐसा ही एनएच-तीन स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर देखने को मिला। जहां बुकिंग करवाने पर दस-दस दिन बाद का समय दिया जा रहा है। इस एजेंसी संचालक के द्वारा बुकिंग के बाद भी उपभोक्ताओं को लम्बी लाइन में लंबे इंतजार के गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाये जाते हैं।

**दस दिन बाद की बुकिंग :** डबुआ, जवाहर कालोनी और एनएच-दो, तीन और एक के निवासियों को एनएच-तीन स्थित इंडियन

### सिलेंडर एक हजार के पार फिर भी गर्मी में गैस की किल्लत से मचा हाहाकार

गैस एजेंसी के जरिये एलपीजी गैस सिलेंडरों की सप्लाई की जाती है। उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस की बुकिंग करवाने के बाद उन्हें दस दिन बाद सिलेंडर उपलब्ध करवाने का नम्बर दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि सिलेंडर मिलने में लगातार हो रही देरी के कारण वह परेशान हो चुके हैं।

**होती है यह परेशानी :** उपभोक्ताओं ने बताया कि बुकिंग के दस दिन बाद भी उन्हें गैस सिलेंडर घर पर उपलब्ध नहीं होगा। इसके लिए उन्हें लम्बी लाइनों में खड़े होकर सिलेंडर मिलने का इंतजार करना पड़ता है। उनका कहना है कि डबुआ पाली रोड पर


एनएच-तीन स्थित इंडियन एजेंसी का गैस बुकिंग करवाने वाला दफ्तर।

एक निश्चित स्थान पर एजेंसी संचालक द्वारा डबुआ कालोनी के उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिए जाते हैं।

दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक सिलेंडर के लिए लम्बी लाइनों में खड़े होकर लोगों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में बुकिंग कराने के बावजूद भी कई बार सिलेंडर नहीं मिल पाता है।

**उपभोक्ताओं का आरोप:** इंडियन गैस के सिलेंडरों का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं का कहना है कि जब लम्बी लाईन में लगने के बाद भी सिलेंडर न मिले तो इसका क्या कारण समझा जाए। कहीं

### उपभोक्ताओं के हिस्से की गैस कहीं दूसरी जगह तो इस्तेमाल नहीं हो रही

उपभोक्ताओं के हिस्से की गैस कहीं दूसरी जगह तो इस्तेमाल नहीं हो रही। उपभोक्ताओं को संदेह है कि उनके हिस्से की गैस की कालाबाजारी तो नहीं की जा रही है। इस गैस एजेंसी पर कहा जा रहा है कि पीछे से ही गैस की गाड़ी नहीं आ रही जबकि उपभोक्ताओं का कहना है कि अन्य गैस कंपनी की एजेंसियों में सिलेंडर की फिलहाल कोई मारामारी नहीं है। बुकिंग करवाने के एक या दो दिन बाद ही लोगों के घरों में गैस सिलेंडर पहुंच जाते हैं। ऐसे में इस एजेंसी में गैस सिलेंडर की मारामारी का कारण किसी की समझ में नहीं आ रहा है।

# आज अंधेरे रास्ते और गड्ढों की सड़कों से होकर गुजरेंगे कांवड़िये



सेक्टर-9 के निकट बाईपास पर निर्माण कार्य और बरसात के कारण भरा पानी और खस्ता हुई सड़क। बडौली से तिगांव पुल तक लगी नहीं जलने वाली लाईटें।

कविता। फरीदाबाद

**स्मार्ट** सिटी में विकास कार्यो के कारण सड़कों की हालत खस्ता है। जिस कारण कावड़ियों के लिए रास्ता तय करने के लिए करीब एक हफ्ता लग गया, लेकिन गत दिवस पुलिस की तरफ से पुराने रास्ते से ही कावड़ियों को निकालने की सूचना सूत्रों से मिली, लेकिन इन रास्तों से निकलने वाले कावड़ियों को भारी परेशानी हो सकती है।

पायनियर संवाददाता द्वारा जब इन रास्तों का जायजा लिया गया तो सामने आया कि रास्ता कुछ तो ठीक है, लेकिन जहां विकास कार्य किए जा रहे है, वहां से कावड़ियों को निकालने में काफी परेशानियां झेलनी पड़ सकती है। क्योंकि वहां बरसात

### कांवड लेकर लौट रहे शिवभक्तों के लिए कोई विशेष प्रबंध नहीं

के कारण किचड़ भरा है। जहां रास्ता ठीक है, वहां अंधेरा है। बाईपास रोड पर दिखावे के लिए लाईट तो लगी हुई है, लेकिन वहां लगी लाइटें अंधेरे में घिरी नजर आती हैं।

जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-2 दिल्ली-मथुरा रोड पर ट्रैफिक अधिक होता है। जिसके कारण वहां जाम लग सकता है। इसे देखते हुए इस बार भी पुराने रास्तों से ही कावड़ियों को निकाला जाएगा। शहर में जगह जगह हो रहे विकास कार्यो के कारण रास्ते बुरी तरह से खराब है। इस ओर अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया है। जिला प्रशासन की तरफ से हालांकि राष्ट्रीय मार्ग पर कोई भी कांवड़ शिविर नहीं लगाने के निर्देश दिए हैं। जिसमें जिला उपायुक्त ने कांवड़ शिविर के दोनों तरफ लाइटों का प्रबंध, साफ-सफाई, शिविरों को सैनेटाइज्ड तथा सीसीटीवी का भी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

वहीं कांवड़ शिविर मुख्य सड़क से कम-से-कम 5 मीटर की दूरी पर लगाने के निर्देश दिए हैं। वहीं जगह-जगह एम्बुलेंस की व्यवस्था करने और सड़क में जलभराव होने पर वहां टैंकर खड़े करेके जलभराव को रोकने के निर्देश दिए है, लेकिन बुधवार को कांवड़ियों के लौटने से एक दिन पहले उक्त रास्तों का पायनियर ने जायजा लिया, तो स्थिति खराब मिली। वहां सड़कों पर पानी और कीचड़ के अलावा लाईटों के खम्बे ही मिले।

**आरएसओ का कथन :** जब इस विषय में बीपीटीपी, तिगांव, बडौली और खेड़ीपुल तक के रास्ते को देख रहे रोड सेफ्टी के आरएसओ दिनेश मंडल ने बताया कि नहर किनारे का रास्ता कावड़ियों के लिए ठीक है। लेकिन इस रास्ते पर अंधेरा रहता है। रास्ते पर लाइटे तो लगी है, लेकिन वह जलती नहीं है। बीपीटीपी और तिगांव तक पोल लगे हुए हैं, वहां कुछ लाइटें जलती है। वहीं बीपीटीपी पुल से खेड़ी पुल तक खम्बे है, लेकिन लाईट जलती ही नहीं है। खेड़ी पुल के बाद कोई लाईट नहीं है।

## कांवड़ यात्रा को लेकर उपायुक्त ने ली अधिकारियों की मीटिंग


कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते डीसी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**श्रावण** माह के मद्देनजर फरीदाबाद में कांवड़ियों की सुविधा के लिए उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि श्रावण माह के दौरान ट्रैफिक को सामान्य बनाए रखने के लिए भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-2 दिल्ली-मथुरा रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था अधिक होती है। इसके अलावा राष्ट्रीय मार्ग पर कोई भी कांवड़ शिविर नहीं लगाया जाएगा। उन्होंने एमसीएफ, अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र के मुख्य मार्गो, जहां से जल लेकर कावड़िए अपने गंतव्य स्थानों तक जाते हैं, उनकी उचित मरम्मत सुनिश्चित करें।


उन्होंने आगे कहा की कांवड़ शिविर के दोनों तरफ लाइटों का प्रबंध, साफ़-सफाई, शिविरों को सैनेटाइज्ड तथा सीसीटीवी का भी प्रबंध हो। कांवड़ शिविर मुख्य सड़क से कम-से-कम 5 मीटर की दूरी पर होना चाहिए। इसके साथ ही कांवड़ शिविर में पीछे इतनी जगह हो कि वहां कांवड़ रखा जा सके। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए चिन्हित जगाओ पर एम्बुलेंस की वयवस्था हो। चिन्हित जगहों पर जहां सड़क में जलभराव होते हों, वहां टैंकर खड़े करें ताकि जलभराव को रोका जा सके। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने संबंधित थाना प्रबंधकों को भी निर्देश दिए कि जहां ट्रैफिक ज्यादा तेज हो वहां बैरिकेड लगाए जाएं। कांवड़िये भी अपने साथ गैस सिलेंडर, हॉकी, लाठी, डंडा, बेसबॉल बैट आदि नहीं रख सकेंगे। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि आउटर रोड बाईपास से कावड़ियों का आवागमन ज्यादा होता है, इसलिए संबंधित विभागों के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में उस सड़क की मरम्मत कराना सुनिश्चित करें, जिससे कांवड़ियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में एडीसी मोह्हमद इमरान रजा, सीटीएम नसीब कुमार, तहसीलदार नेहा सहारन, तहसीलदार भूमिका लाम्बा, डीएचबीवीएन से उर्मिला ग्रेवाल सहित कई अधिकारीगण मौजूद रहे।

## एसटीपी के गंदे पानी से खड़ी फसल हो रही बर्बाद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पलवली** गांव के किसानों को नगर निगम की लापरवाही का खामियाजा गांव बादशाहपुर के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कारण भुगतना पड़ रहा है। प्लांट में पानी की सही निकासी न होने के कारण सीवर के मैनहोल टूटने से बहते पानी के कारण यहां खड़ी फसल बर्बाद हो गई है।

वहीं इस विषय में नगर निगम के एक्सइएन नितिन कादियान का कहना है कि उन्हें इस समस्या के बारे में पता नहीं है और न ही किसानों ने बताया है। अब वे इस समस्या को अपने स्तर पर देखेंगे ।जानकारी के मुताबिक पलवली के लोग आज भी खेती करके अपना गुजारा चलाते हैं। इनमें से कुछ लोगों


खेतों में भरा सीवरेट ट्रीटमेंट प्लांट के मैलहोल से निकला का गंदा पानी।

ने अपने खेत बदायूं के किसानों को हजारो रुपये सालाना दिए हुए हैं। इसके चलते यह किसान खेतों में झुग्गी बनाकर अपने परिवारों के संग रहते हैं। इन किसानों की करीब 10 एकड़ भिंडी, पालक, धनिया, घीया व तौरई की फसल नष्ट हो गई, क्योंकि मवई गांव, वजीरपुर, पलवली के खेतों से सीवर लाइन निकल कर गांव बादशाहपुर के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में जाकर मिलती है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक को जीवन से बाहर करें : प्रो. तोमर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जे.सी.** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में छात्रों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा इसे जीवन शैली से पूर्णत: बाहर करने का आह्वान किया और कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति सिंगल यूज प्लास्टिक पर निर्भरता को खत्म कर दें तो यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लायेगा।

प्रो. तोमर विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान के तहत एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भारत सेवा प्रतिष्ठान के चेयरमैन कृष्ण सिंघल मुख्य अतिथि रहे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को चिह्नित करते हुए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय आगमन पर प्रो. तोमर ने कृष्ण सिंघल को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमारी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ रेणुका गुप्ता, दीपक अग्रवाल और डीएसडब्ल्यू


विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण करते हुए कृष्ण सिंघल, साथ में कुलपति प्रो. एसके तोमर।

कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। सिंघल ने विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर लैगरस्ट्रोमिया का पौधा भी लगाया। सिंघल ने शिक्षकों को गुरु पूर्णिमा की बधाई दी। कहा कि इस विवि का नाम प्रमुख भारतीय वैज्ञानिक आचार्य जगदीश चंद्र बोस के नाम पर रखा गया है।

## बेटियों को सशक्त बनाने को सरकार उठा रही कदम : डीसी

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में बेटियों के भविष्य को सुरक्षित व उज्ज्वल रखने के लिए आपकी बेटी-हमारी बेटी योजना क्रियान्वित जा रही है।

योजना का उद्देश्य राज्य में बालिकाओं के जन्म के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तन लाना और लिंगानुपात में सुधार और बालिकाओं करना है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी ने बताया कि इस योजना के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जन्मी अनुसूचित जाति तथा बीपीएल परिवारों की पहली बेटी के जन्म पर 21 हजार रुपये की धनराशि और सभी वर्गों की दूसरी व तीसरी बेटी के जन्म पर 21 हजार रुपये की राशि जीवन बीमा निगम में निवेश की जाती है।

## तीन दिवसीय मंथन से मजबूत होकर निकलेगी भारतीय जनता पार्टी


प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते बीजेपी के पदाधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारतीय** जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 15 से 17 जुलाई तक फरीदाबाद के सूरजकुंड स्थित राजहंस होटल में किया जा रहा है। इस शिविर में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक, राजनीतिक व भाजपा विचारधारा के मूल मंत्र दिए जाएंगे। इसी मंत्र को लेकर कार्यकर्ता मिशन 2024 में जनता के बीच जाकर केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत कराएंगे।

भाजपा जिला फरीदाबाद द्वारा मिलन वाटिका सेक्टर 11 में आयोजित प्रेसवार्ता में हरियाणा सरकार में कैबिनेट

### कार्यकारिणी की तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने के लिये प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने झोंकी ताकत

मंत्री मूलचंद शर्मा ने यह कहा। जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में भाजपा फरीदाबाद के नेताओं ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमे हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा,विधायक सीमा त्रिखा,प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख डॉ.ओमप्रकाश अत्रे, प्रदेश महासम्पर्क विभाग के प्रदेश संयोजक संदीप जोशी,स्थानीय निकाय विभाग के प्रदेश सह संयोजक देवेन्द्र चौधरी, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आर एन सिंह, जिला मिडिया प्रमुख विनोद गुप्ता व नरेन्द्र जैन, दीपांशु अरोड़ा उपस्थित रहे । कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस प्रशिक्षण वर्ग के प्रमुख हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने प्रेसवार्ता में कहा कि इस प्रशिक्षण वर्ग में राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष, सह संगठन मंत्री वी सतीश व शिव प्रकाश, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र शेखावत तथा भूपेंद्र यादव, कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पदाधिकारी प्रशिक्षण देंगे।

## श्रेष्ठ युवा एवं युवा संगठनों के लिए आवेदन आमंत्रित

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से वर्ष 2021-22 के दौरान सामाजिक उत्थान एवं युवा गतिविधियों में श्रेष्ठ कार्य करने वाले युवा एवं युवा संगठनों को उनकी उपलब्धियों के आधार पर जिला एवं राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया जाएगा।

इसके लिए युवा व युवा क्लब 15 जुलाई 2022 तक आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार का मूल्यांकन स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पर्यावरण संरक्षण,व्यवसायिक प्रशिक्षण, महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल गतिविधियां, रोजगार संबंधी कार्यक्रम, साहसिक कार्यक्रम, सामाजिक बुराईयों के विरूद्ध कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकता संबंधी कार्यक्रमों के आधार पर किया जाएगा।

## ग्रेटर फरीदाबाद के अधूरे काम तालमेल से करेंगे विभाग : मलिक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि ग्रेटर फरीदाबाद में बड़ी संख्या में आबादी आ रही है। ऐसे में यहां हमें बिजली, पानी, सीवरेज, सड़क व पौधरोपण जैसे अधूरे पड़े कार्यों को पूर्ण तालमेल के साथ पूरा करना है। उन्होंने कहा कि ढाई हजार बिस्तर की सुविधा के साथ मां अमृता आनंदमयी द्वारा स्थापित अस्पताल भी अगस्त माह में जनता को समर्पित किया जा सकता है। इससे यहां प्रतिदिन हजारों मरीजों व अन्य लोगों का आना-जाना बढ़ेगा। ऐसे में वीवीआईपी आगमन को देखते हुए यहां सभी सुविधाओं को जल्द से जल्द पूरा करना होगा। श्री मलिक बुधवार को ग्रेटर फरीदाबाद में विभिन्न विका कार्यों को लेकर लघु सचिवालय में अधिकारियों की मीटिंग के बाद विकास कार्यों का निरीक्षण कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने एचएसवीपी व

### अमृता अस्पताल के जल्द उद्घाटन की तैयारियों को लेकर अस्पताल के संचालकों के साथ भी की मीटिंग

एफएमडीए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अमृता अस्पताल के आस-पास की सभी सड़कों का निर्माण कार्य 15 अगस्त से पहले पूरा कर लें। इस पर अधिकारियों ने बताया कि सड़कों के टेंडर का कार्य पूरा हो चुका है और इन पर काम भी शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों के साथ-साथ पौधरोपण का कार्य भी जल्द से जल्द करें। उन्होंने पौधरोपण के लिए सभी स्थानों का मौके पर ही जाकर निर्देश दिए। इसके साथ ही बिजली निगम के अधिकारियों ने बताया कि ग्रेटर फरीदाबाद में अलग-अलग सड़कों के बीच में आए 14 ट्रांसफार्मरों को शिफ्ट कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो पशुओ की मौत पर लोगों ने लगाया जाम


बडौली के लोगों के द्वारा लगाया गया जाम।

**फरीदाबाद।** बीती शाम करंट लगने से दो भैसों की मौत हो गई। शाम चार बजे सूचना के बाद भी बुधवार को पुलिस, पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे। जिसे देखते हुए बुधवार को लोगों ने जाम लगा दिया। जिसके बाद पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और शवों का पोस्टमार्टम करवाने का आश्वासन देकर शांत करवा कर जाम खुलवाया। बडौली पुल पर जाम लगाने वाले लोगों ने बताया कि सेक्टर-75 के गोल्डन गेट पर दो पशुओं की करंट लगने से मौत हो गई। लोगों ने बताया कि मंगलवार की शाम को चार बजे के आसपास करंट लगने से दो पशु (भैंस) मर गई। इसके बाद एक व्यक्ति को शाम छह बजे करंट लग गया। जिस पर व्यक्ति ने गांव में आकर बताया कि दो भैंस मरी हुई है। जिस पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो देखा करंट आ रहा है। जिस कारण वह मरी हुई भैंसों को वहां से नहीं हटा सके। उन्होंने पुलिस और बिजली विभाग को सूचना दे दी। लेकिन न तो पुलिस मौके पर पहुंची और न ही बिजली विभाग के कर्मचारी पहुंचे। जिस पर गुस्साएं ग्रामीणों ने बुधवार की दोपहर को 12 बजे सड़क पर जाम लगा दिया। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें आश्वासन देकर जाम खुलवाया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि यह एरिया कौन से बिजली दफ्तर का है, इस बारे में पता नहीं चल सका था। अब बदरौला के एसडीओ से बात करके बिजली कटवाई है। वहीं पोस्टमार्टम के लिए फतेहपुर चंदीला से डॉक्टर को बुलवाया है।

### निगम के पीले पंजे ने अस्पताल, मकान और दुकान को तोड़ा

**फरीदाबाद।** प्याली चौके के निकट नरूला गार्डन रोड एनएच-दो ब्लॉक सी में निगम के पीले पंजे ने अवैध निर्माण पर तोड़फोड की कार्रवाही की। जिसमें एक दुकान, अस्पताल और एक मकान को तोड़ा गया। निगम के जेई संदीप ने पीले पंजे से निगमायुक्त के आदेश पर कार्य करते हुए सावित्री मोटर्स नामक एक दुकान को तोड़ा, उसके साथ बने एक मकान को भी ध्वस्त किया। वहीं यहां बने निजी अस्पताल के बाहरी हिस्से को तोड़ा गया। निगमायुक्त के द्वारा अवैध निर्माण तोड़ने के निर्देश दे रखे है। जिसे देखते हुए बुधवार की दोपहर को करीब 12 बजे निगम का पीला पंजा प्याली चौक के निकट मौजूद नरूला गार्डन के समीप पहुंचा। जहां निगम के जेई संदीप ने सावित्री मोटर्स नामक एक दुकान को तोड़ दिया। दो मंजिला दुकान के निकट एक मकान के संग ही बने एक निजी अस्पताल जोकि पत्थरी के इलाज के लिए मशहूर है, उसके बाहर अवैध रूप से बनी दीवार और गेट को तोड़ दिया।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना चाहिए : डॉ. सुमित

**फरीदाबाद।** मिशन जागृति द्वारा महिलाओं और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आत्मनिर्भर कौशल विकास केंद्र की स्थापना कड़ी गई है जो की एक बलबगढ़ और दूसरा राहुल कालोनी मे है। इन केंद्रों पर महिलाओं और बेटियों को सिलाई सीखाने के साथ साथ उन्हें सिलाई का काम् भी दिलवाया जा रहा है, जिसकी पहल फरीदाबाद स्थित सनराइज हॉस्पिटल ने की जिसमे हॉस्पिटल ने अपने स्टाफ और डॉक्टर की ड्रेस सिलने के लिए दी ताकि केंद्र पर काम कर रही महिलाओं को काम मिले और वो आत्मनिर्भर हो सके। मिशन जागृति आत्मनिर्भर कौशल विकास केंद्र की संयोजिका संतोष अरोड़ा ने अपने पहले ऑर्डर को पूरा किया। सिले हुए कपड़े हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर सुमित को दिए। इस अवसर पर सनराइज हॉस्पिटल के डॉक्टर सुमित ने कहा की वो इन महिलाओं और बेटियों को ओर भी काम् देंगे जिस से वे आत्मनिर्भर बनेगी और अच्छे से अपने परिवार का गुजारा कर पाएगी। उन्होंने कहा की आत्मनिर्भर का अर्थ एक व्यक्ति विशेष को किसी और के सहारे न रहकर अपने स्वयं के सहारे रहना चाहिए। हम किसी और के भरोसे पर न रहे और स्वयं कोई ऐसा काम करे जिससे हमारा जीवन यापन हो सके। उन्होंने दूसरे संगठनों से भी अहवाहन किया की मिशन जागृति के आत्मनिर्भर कौशल विकास केंद्र को काम दिया जाए। इस अवसर पर दिव्या अग्रवाल, रेनू शर्मा, दीपा सहदेव, दिनेश राघव, विकास कश्यप, अशोक भटेजा, अश्विनी चौधरी, प्रेमराज बाल्मीकि, संजय पाल आदि उपस्थित रहे।

### ऊर्जा संरक्षण बिल्डिंग कोड पर कार्यशाला आयोजित

**फरीदाबाद।** हरियाणा में ऊर्जा संरक्षण बिल्डिंग कोड (ईसीबीसी) और इको निवास संहिता (ईएनएस) को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (हरेडा) द्वारा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), भारत सरकार तथा जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के सहयोग से दो दिवसीय जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में बालाजी शैक्षणिक संस्थानों के निदेशक डॉ. जगदीश चैधरी मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो. तिलक राज ने की। डॉ. चैधरी ने अपने संबोधन में भवनों में ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। अंकुर तुलस्यान, निदेशक, ड्रीम स्पेस आर्किटेक्ट्स और मनोज सिंह, सस्टेनेबिलिटी कंसल्टेंट, एईसीओएम दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान विशेष वक्ता रहे। भवन क्षेत्र अर्थव्यवस्था के सबसे बढ़ते क्षेत्रों में से एक है और इसमें ऊर्जा कुशल भवन डिजाइन के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण की काफी संभावनाएं हैं। ऊर्जा संरक्षण उपायों (ईसीएम) को लागू करके एक इमारत में लगभग 40 प्रतिशत ऊर्जा को बचाया जा सकता है। इसके अलावा, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ने इको निवास संहिता (ईएनएस) 2018 और 2021 भी प्रकाशित किया है, जो आवासीय भवनों पर लागू होता है। कार्यशाला में सरकारी विभागों के अधिकारी, पेशेवर आर्किटेक्ट, इंजीनियर, ऊर्जा पेशेवर और विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य शामिल थे।

### सीएम फ्लाइंग ने अवैध प्रयोगशाला पर मारा छापा


छापेमारी के दौरान रिकार्ड की जांच करती टीम।

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जिला पलवल के हथीन में सरकारी अस्पताल के सामने अवैध रूप से लैब चलाई जा रही है। जिनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं है, उसके बावजूद स्वास्थ्य जांच की रिपोर्ट तैयार करके दी जा रही है, जिससे लोगो की जान से खिलवाड़ किया जा रहा। मौका पर चेक किया जाए तो मामले का खुलासा हो सकता है। इस सम्बंध में सिविल अस्पताल पलवल से कार्यवाही कराने के लिए डॉ सरफराज एमओ पलवल व डॉ संदीप गहलांन की संयुक्त टीम तैयार कराई गई व मौके का औचक निरीक्षण कराया गया। निरीक्षण पर सरकारी अस्पताल हथीन के सामने बालाजी एक्सरे व डायग्नोस्टिक सेंटर चलता पाया गया। लैब के अंदर एक व्यक्ति काउंटर पर बैठा हुआ मिला जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम सुतेन पुत्र रमेशचंद निवासी कौंडल थाना हथीन पलवल व कम्प्यूटर पर बैठी हुई महिला जो रिपोर्ट तैयार कर रही थी ने अपना नाम सीमा पत्नी समय सिंह गांव रजोलका पलवल बतलाया। संयुक्त टीम में शामिल डॉक्टर ने लैब चलाने व रिपोर्ट तैयार कराने के सम्बंध में वैध दस्तावेज पेश करने बारे कहा, लेकिन सुतेन व सीमा कोई दस्तावेज पेश नही कर सके।

## जनसंख्या वृद्धि

### देश पर प्रभाव

**इस** खबर का बुरा होना जरूरी नहीं है कि भारत 2023 में दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश होगा। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के 27वें संस्करण विश्व जनसंख्या संभावनायें, 2022 में अनुमान लगाया गया है कि भारत 2023 में चीन को पीछे छोड़ कर दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन जाएगा। जनसंख्या भारत में एक बड़ा मुद्दा है। बच्चों को स्कूलों में पढ़ाया जाता था कि बढ़ती जनसंख्या, यदि सबसे बड़ी नहीं तो भी बड़ी समस्या है। अनेक सरकारों ने जनसंख्या वृद्धि पर लगाम लगाने के कार्यक्रम बनाए जो 1970 के दशक मध्य में लगे आपातकाल के दौरान उत्पीड़क हो गए। कुख्यात नसबंदी अभियान ने 1977 में श्रीमती इंदिरा गांधी की सरकार के पतन में भूमिका निभाई। लेकिन 1991 में उदारीकरण के बाद जनसंख्या के मुद्दे पर सार्वजनिक विमर्श तथा राजनीतिक बहसों में कमी आई। हालांकि, राजनेता व मुख्यत: भारतीय जनता पार्टी के नेता इस मुद्दे को समय-समय पर उठाते रहे। लेकिन वास्तव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत इसके सर्वोच्च नेताओं ने 'जनसंख्या लाभांश' की बात भी कही। राजनीतिक व सार्वजनिक मुद्दे के रूप में जनसंख्या का महत्व घटने का एक कारण हमारे देश को इसकी वृद्धि रोकने में मिली सफलता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण या एनएफएचएस-5 के अनुसार देश में कुल प्रजनन दर-टीएफआर, यानी किसी महिला द्वारा अपने जीवनकाल में पैदा किए बच्चों की औसत संख्या 2015-16 में 2.2 थी वह 2019-20 में घट कर दो रह गई है। प्रजनन की रिप्लेसमेंट दर 2.1 है जिस पर कोई जनसंख्या वृद्धि नहीं होती है। ऐसे में टीएफआर का 2 पर आना भविष्य में जनसंख्या घटने का संकेत करता है। दूसरे शब्दों में अब



जनसंख्या समृद्धि के लिए कोई खतरा नहीं है, जैसा दशको पहले उस समय था जब जनसंख्या में तेज वृद्धि के कारण आर्थिक वृद्धि व विकास के लाभ काफी सीमा तक घट जाते थे।

वास्तव में वृद्धि एवं विकास ने जनसंख्या की समस्या समाप्त कर दी है जो महान राष्ट्रीय उपलब्धि का संकेत था। इसका अर्थ था कि भारत अत्यधिक गरीबी व तेजी से बढ़ती जनसंख्या के दुष्चक्र से निकल चुका था। इसलिए संरा. के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग के जनसंख्या प्रभाग की रिपोर्ट का यह कहना कोई खतरनाक संकेत नहीं देता है कि चीन और भारत की जनसंख्या 2022 में 1.4 बिलियन से अधिक हो जाएगी। भारत की उपलब्धि चीन की तुलना में ज्यादा शानदार है क्योंकि आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों को अपवाद स्वरूप छोड़ दिया जाए तो भारत ने जनसंख्या नियंत्रण का काम समझा-बुझा कर किया। भारत को इस रास्ते पर बने रहना चाहिए और जनसंख्या नियंत्रण के लिए कोई कानून नहीं बनाना चाहिए। एक केन्द्रीय मंत्री द्वारा कुछ सप्ताह पहले बयान को देखते हुए शायद सरकार इसकी योजना बना रही है। ऐसा प्रयास अनावश्यक होने की तुलना में ज्यादा खराब होगा क्योंकि देश में जनसंख्या पर होने वाली चर्चा अक्सर विभाजक हो जाती है। मुसलमानों पर आरोप लगाया जाता है कि वे बच्चों की संख्या के बारे में लापरवाही बरतते हैं। हालांकि, यह सच है कि उनमें जनसंख्या वृद्धि दर अधिक है और वह राष्ट्रीय दर से ज्यादा है, लेकिन वह घट रही है और यह एक अच्छा संकेत है। इसके साथ ही सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि जनसंख्या लाभांश एक बोझ न बन जाए। उसे सप्लाई-पक्ष में आने वाली बाधायें दूर करने का और अधिक प्रयास करना चाहिए जो आर्थिक वृद्धि के रास्ते में बाधा हैं। केवल वृद्धि ही ऐसी स्थितियां पैदा कर सकती है जहां जनसंख्या लाभांश देश के लिए लाभदायक सिद्ध हो सके।

# हाइड्रोकार्बन और भारत की ऊर्जा सुरक्षा

**तेल फर्मों पर भारी टैक्स उचित है। हाइड्रोकार्बन के लिए जीवन्त परिस्थितिकी तंत्र भारत को बहु-प्रतीक्षित राहत दे सकता है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



वैश्विक सप्लाई श्रृंखला में आई बाधा तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि को देखते हुए केन्द्रीय कैबिनेट ने पिछले सप्ताह तेल क्षेत्र को लेकर दो महत्वपूर्ण फैसले किए हैं। उसने देश में उत्पादित कच्चे तेल की बिक्री को नियंत्रणों से मुक्त कर दिया है। इसके साथ ही उसने कच्चे तेल पर प्रति टन 23,250 रुपये का विंडफाल टैक्स या सेस लगा दिया है। इसके अलावा पेट्रोल, डीजल व जेट ईंधन के निर्यात पर प्रति लीटर क्रमश: 6 रुपये, 13 रुपये व 6 रुपये विशेष अतिरिक्त उत्पाद उपकर-एसएईडी लगा दी है। कोविड-19 वैश्विक महामारी तथा वर्तमान समय में जारी रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक सप्लाई श्रृंखला पर भारी प्रभाव पड़ा है। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दामों में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। सरकार को उम्मीद है कि कैबिनेट के इस निर्णय से कच्चे तेल के घरेलू उत्पादन में वृद्धि होगी क्योंकि इससे आयल इंडिया लिमिटेड-ओआईएल, तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम-ओएनजीसी, कैयर्न आयल एंड गैस, आदि कंपनियों को खोज एवं उत्पादन-ईएंडपी में प्रोत्साहन मिलेगा। इससे वैश्विक सप्लायरों से महंगा तेल आयात करने में कमी आएगी। इसके साथ ही कैबिनेट के फैसले से घरेलू बाजार में ईंधन की कमी से पैदा समस्या से निपटने में भी सहायता मिलेगी।

पुरानी व्यवस्थाओं के अंतर्गत उत्पादन व साझा समझौतों-पीएससी की एक शर्त यह होती थी कि आपरेटर को कच्चा तेल सरकार या उसके नामित व्यक्ति या केवल सरकारी कंपनियों को ही बेचना होता था। तेल क्षेत्र से तेल की खोज का लाइसेंस या ईएंडपी पाने वाली प्रत्येक कंपनी को एक पीएससी पर हस्ताक्षर करने होते थे जिसमें खोज, उत्पादन व मार्केटिंग की शर्तें और स्थितियां लिखी होती थीं। इसका अर्थ था कि देश में उत्पादित कच्चा तेल केवल इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड-आईओसीएल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-एचपीसीएल व भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-बीपीसीएल की रिफाइनरियों को दिया जा सकता था जिनके अधिकांश शेयर सरकार के पास थे और वह उसके द्वारा नियंत्रित थीं। 1 अक्टूबर, 2022 से प्रभावित आदेश के अनुसार यह शर्त हटा ली गई है। इसका अर्थ है कि ईएंडओपी फर्मों को अपनी मर्जी से कच्चा तेल बेचने की स्वतंत्रता है। लेकिन मार्केटिंग की शर्त यह है कि ईएंडओपी कंपनियों को केवल देशी बाजार में बिक्री की अनुमति है तथा निर्यात पर लगे प्रतिबंध जारी रहेंगे। लेकिन इस तथ्य को देखते हुए कि देश में उत्पादित कच्चा तेल मुश्किल से भारत की मांग का 15 प्रतिशत है और सार्वजनिक क्षेत्र की आईओसीएल व बीपीसीएल जैसी रिफाइनरियां इसके अधिकांश का शोधन करती हैं, इसलिए यदि सरकारी उद्यमों तक बिक्री सीमित हो तो भी इन कंपनियों को बिक्री के नए स्रोत तलाशने होंगे। लेकिन ऐसी बिक्री आमतौर से नौकरशाही व लाल फीताशाही से बाधित होती है। निजी रिफाइनरियों समेत बिक्री की स्वतंत्रता मिलने से ये फर्में बाधाओं से मुक्त हो जाएंगी जो उत्पादन बढ़ाने में एक बड़ी बाधा थी।

बिक्री में स्वतंत्रता का विस्तार निर्यातों तक किया जा सकता है। इससे ईएंडपी कंपनियों को अपना उत्पाद बेचने के लिए असाधारण अवसर खुलेंगे। लेकिन भारत जैसे देश के लिए जो अपनी आवश्यकता का 85 प्रतिशत आयात करता है, यह एक बहुत अच्छा विकल्प नहीं है। कोई भी संप्रभु सरकार इसकी अनुमति नहीं देगी। इसलिए कच्चे तेल के निर्यात पर उचित ही प्रतिबंध जारी है। वर्तमान समय में ईएंडपी फर्मों को अपना कच्चा तेल अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर बिना नियंत्रण बेचने की अनुमति है। अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी वृद्धि का अर्थ इन फर्मों के मुनाफे में भी वृद्धि है। हालांकि, मुनाफे में यह वृद्धि यूक्रेन युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण है क्योंकि वैश्विक कच्चे तेल की सप्लाई के बड़े हिस्से में बाधा आ गई है। ये एक प्रकार से 'विंडफाल गेन्स' हैं जिनका एक हिस्सा घरेलू कच्चे तेल पर विंडफाल टैक्स के रूप में चला जाता है। सामान्य समय में 40 डालर प्रति बैरल के स्थान पर आज उत्पादकों को 80 डालर या इससे भी अधिक प्रति बैरल धनराशि मिल रही है।

ऐसे समय में सरकार को इस भारी मुनाफे में से भारी टैक्स लेने का अधिकार है जो 23,250 रुपये प्रति टन या 40 डालर प्रति बैरल है। यह लगभग 50 प्रतिशत मुनाफे के करीब है। ऐसे में इस शर्त से बचा जा सकता था कि 'उत्पादक द्वारा पिछले साल से अधिक उत्पादित कच्चे तेल की मात्रा पर ऐसा कोई उपकर नहीं लगेगा।' इससे उत्पादकों को उपकरों से बचने के लिए 'वृद्धि' में ज्यादा मात्रा दिखाने का अवसर मिलेगा और इस प्रकार परिवर्तन का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। केवल कच्चे तेल की बिक्री में स्वतंत्रता से ही ईएंडपी फर्मों को घरेलू उत्पादन में वृद्धि का प्रोत्साहन नहीं मिलेगा। इसका कारण यह है कि बहुसंख्य उत्पादक कच्चे तेल व प्राकृतिक गैस-एनजी, दोनों का उत्पादन करते हैं। लेकिन एनजी पर मूल्य व बिक्री के नियंत्रण बने हुए हैं। सरकार ने इस मामले में कम से कम आधा दर्जन कीमतें रखी हैं। पूर्व-एनईएलपी नीति के अंतर्गत निजी क्षेत्रों से निकलने वाली एनजी ओएनजीसी व ओआईएल के प्रतिनिधियों को दी जाती है, जबकि एनईएलपी प्रशासनिक मूल्य व्यवस्था के अंतर्गत आती है। गहरे व अत्यधिक गहरे जल क्षेत्रों से निकलने वाली गैस को प्रीमियम कीमतें मिलती हैं। बाजार द्वारा निर्धारित होने के बावजूद इन कीमतों की एक सीमा है और वह भी नियंत्रित है। अन्य श्रेणियों में हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन लाइसेंसिंग पालिसी-हेल्प या ओपेन एकरेज लाइसेंसिंग पालिसी-ओल्प के अंतर्गत क्षेत्रों के लिए बाजार आधारित कीमतें तथा एनईएलपी व हेल्प के अंतर्गत गैर-परंपरागत जैसे शेल गैस या कोल बेड मीथेन-सीबीएम के लिए विशेष कीमतें शामिल हैं। इसके अलावा छोटे व हाशियाकृत क्षेत्रों का स्वामित्व ओएनजीसी व ओआईएल ने निजी फर्मों को सौंप दिया है जिसके लिए कीमतें अलग हैं। इसके साथ ही मार्केटिंग का निर्धारण अंतर-मंत्रालयी समिति द्वारा किया जाता है जिसकी अध्यक्षता पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय-एमपीएनजी के एक सचिव करते हैं। इससे हित समूहों को गंभीर लाबींग करने का बेहतरीन आधार मिलता है और वे बिक्री के लिए मूल्य व मात्रा निर्धारण में लाभ उठाती हैं। इससे उत्पादक अधिकतक करने से ध्यान हटता है तथा ईएंडपी फर्में अधिकारियों को खुश करने पर ज्यादा ध्यान देती हैं।

उपरोक्त चीजों को देखते हुए यदि ईएंडपी फर्मों को एनजी की मार्केटिंग व मूल्य निर्धारण में भी स्वतंत्रता का अधिकार मिले तो वे ज्यादा उत्साहित होंगी। इस स्वतंत्रता में रिफाइनिंग व पेट्रोलियम उत्पादों की मार्केटिंग में लगी कंपनियों को भी शामिल करना चाहिए। हालांकि, पेट्रोल व डीजल से नियंत्रण हटा लिए गए हैं, पर वास्तव में केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-सीपीएसयू, जैसे आईओसीएल, बीपीसीएल व एचपीसीएल अपनी कीमतें निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं और 90 प्रतिशत खुदरा व्यापार उनके माध्यम से ही होता है। इन सीपीएसयू को अपने मालिकों से कीमतें निर्धारित करने के परोक्ष संकेत मिलते हैं।

उदाहरणार्थ दिल्ली में पंप पर पेट्रोल मूल्य 97 है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल के दामों से 13 रुपये प्रति लीटर कम है। सीपीएसयू द्वारा खुदरा कीमतें कृत्रिम रूप से कम करने के कारण ही रिजी रिफाइनरों जैसे रिलायंस इंडस्ट्रीज़-आरआईएल व नयारा इनर्जी द्वारा घरेलू बाजार में सप्लाई घटानी पड़ी थी क्योंकि वे सीपीएसयू की कीमतों का मुकाबला नहीं कर सकती थीं। इससे राजस्थान, मध्य प्रदेश व गुजरात जैसे कई राज्यों में ईंधन की कमी हो गई थी। कमी से बचने के लिए सरकार ने इन ईंधनों के निर्यात पर टैक्स लगाया।

वह सप्लायरों द्वारा 2022-23 में निर्यातित सप्लाई का आधा घरेलू बाजार में सप्लाई चाहती थी। लेकिन यह कोई समाधान नहीं है। जहां घरेलू कीमतें अंतरराष्ट्रीय कीमतों से कृत्रिम रूप से कम रखी गई हैं, वहीं निजी रिफाइनरों को निर्यात से लाभ होता था। ऐसे में निर्यात कर पर उपकर लगाना कोई प्रतिरोधक नहीं है क्योंकि इससे आंकड़ों में हेराफेरी की संभावना पैदा हो सकती है। संक्षेप में यही कहा जा सकता है कि अल्पकालीन उपायों के बजाय मोदी सरकार को हाइड्रोकार्बन क्षेत्र को मुक्त करना चाहिए जिसमें ईएंडपी से लेकर रिफाइनिंग व मार्केटिंग तक की पूरी सप्लाई श्रृंखला शामिल हो।

# बेहतर हैं वाहन रेटिंग के वैश्विक मानक

**पीयूष तिवारी**
(सेव लाइफ फाउंडेशन के संस्थापक एवं सीईओ)

**पल्लवी शाही**
(सेव लाइफ फाउंडेशन की वरिष्ठ प्रबंधक)

एक घटना में, जिसने राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया, 11 जून, 2021 को छिंदवाड़ा-नागपुर राजमार्ग पर एक एसयूवी दुर्घटना के बाद दो भागों में विभाजित हो गई, जिसके परिणामस्वरूप पांच यात्रियों में से तीन की मौत हो गई। तेज रफ्तार एसयूवी एक दोपहिया वाहन से टक्कर से बचने का प्रयास करते हुए एक पुल से जा टकराई, जिससे ढांचागत विभाजन हो गया। दिलचस्प बात यह है कि इस विशेष एसयूवी के भारतीय मॉडल को ग्लोबल न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (जीएनकैप) के तहत भारत अभियान के लिए सुरक्षित कारों में केवल तीन-सितारा सुरक्षा रेटिंग मिली है, वहीं इसके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष को ऑस्ट्रेलियाई एनकैप के तहत पांच सितारा रेटिंग मिली है। जहां तक बच्चे की सुरक्षा का सवाल है, तो उस मामले में पहले वाले को केवल दो स्टार मिले। यह भारत में बेचे जाने वाले कार मॉडलों की संरचनात्मक अखंडता के बीच मौजूद अंतर का एक चौंकाने वाला उदाहरण है, जो अन्य देशों, विशेष रूप से विकसित देशों में बेचे जाने वाले मॉडल की तुलना में है।

किसी भी सड़क दुर्घटना परिदृश्य में दो मुख्य घटक शामिल होते हैं। पहले में दुर्घटना के कारण शामिल हैं, जबकि दूसरा चोटों या मौतों के कारणों से संबंधित है। यह वह जगह है जहां सीटबेल्ट, चाइल्ड रेस्ट्रेंट सिस्टम (सीआरएस), एयरबैग और वाहन के एक सुरक्षित, स्थिर, क्रैश-टेस्टेड बॉडी जैसे आवश्यक सुरक्षा उपकरण चलन में आते हैं।

रक्षा की पहली पंक्ति के घटकों के रूप में जो संभावित चोटों और मृत्यु से रक्षा करते हैं, उनकी अनुपस्थिति या निम्न गुणवत्ता विनाशकारी साबित हो सकती है। उदाहरण के लिए, जैसा कि एसयूवी स्प्लिट मामले में देखा गया है, एक कमजोर कार फ्रेम, जो सड़क दुर्घटना के प्रभाव को बनाए रखने में असमर्थ है, वह वह है जो रहने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में असमर्थ होगा। विश्व के केवल एक प्रतिशत वाहनों का घर होने के बावजूद, भारत वैश्विक सड़क दुर्घटना मृत्यु भार का 11 प्रतिशत भार वहन करता है। अकेले 2020 में, भारत ने 366,138 सड़क दुर्घटनाओं और 131,714 लोगों की मौत की सूचना दी। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में अकेले वाहनों की खराबी के कारण हुई दुर्घटनाओं ने 6,000 से अधिक लोगों की जान ले ली। भारत में, 2019 में प्रति 100,000 पंजीकृत यात्री चार पहिया वाहनों में 59 मौतें दर्ज की गईं। यह संख्या संयुक्त राज्य अमेरिका की इसी संख्या से छह गुना अधिक थी, जिसमें प्रति 100,000 पंजीकृत यात्री चार पहिया वाहनों में नौ मौतें देखी गईं। अब तक, भारत में स्थायी कार सुरक्षा मूल्यांकन रेटिंग प्रणाली नहीं थी और ग्लोबल न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम के तहत भारत के अस्थायी सुरक्षित कारों के अभियान के तहत सभी नए कार मॉडलों का परीक्षण किया गया था। एक ऐतिहासिक कदम में, 24 जून, 2022 को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (एनसीएपी) की शुरुआत करते हुए एक मसौदा अधिसूचना जारी की। कार्यक्रम एम1 श्रेणी के वाहनों के सुरक्षा मानकों का आकलन करने के लिए भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के संयोजन का उपयोग करता है।

1 अप्रैल, 2023 से लागू, यह वर्तमान में स्वैच्छिक मूल्यांकन निर्मित और आयातित द्व1 वाहनों दोनों को सुरक्षा रेटिंग प्रदान करने में मदद करके उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव के लिए इंजीनियरिंग की दिशा में सहायक होगा। यात्रियों और उनके सामान की ढुलाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एम1 श्रेणी के वाहनों और चालक की सीट के अलावा आठ से अधिक सीटों वाले वाहनों का मूल्यांकन एक मजबूत दुर्घटना परीक्षण प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। मूल्यांकन में साइड-इफेक्ट, फ्रंटल इम्पैक्ट और पोल साइड-इफेक्ट टेस्ट शामिल होंगे। वयस्क और बच्चे के रहने वालों के लिए अलग-अलग आवश्यकताओं को निर्दिष्ट करते हुए, इस प्रस्तावित मूल्यांकन के भीतर परीक्षण संभावित संशोधक जैसे कि विभिन्न आकारों के रहने वालों या विभिन्न बैठने की स्थिति में रहने वालों, अन्य समान पहलुओं पर भी विचार करेंगे।

बीएनसीएपी रेटिंग से उपभोक्ताओं, नियामकों के साथ-साथ कार निर्माताओं पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। जिन देशों की अपनी एनकैप रेटिंग है, वहां उपभोक्ता व्यवहार अध्ययनों ने सुरक्षित वाहनों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि का संकेत दिया है। रेटिंग भारत में उपभोक्ता विकल्पों में एक समान बदलाव करने के लिए बाध्य है और बाद में मांग-पुल प्रोत्साहन के कारण सुरक्षित कारों का निर्माण और आपूर्ति करती है। एक सीधा परिणाम सड़क दुर्घटना की चोटों में कमी और एम1 श्रेणी के यात्री वाहनों से होने वाली मौतों में कमी हो सकती है।

एक स्थिर संरचना जो जीवन के लिए खतरनाक चोटों की संभावना को कम करते हुए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करती है, प्रत्येक चार पहिया वाहन खरीदार का अधिकार है। उनके भौगोलिक स्थानों के बावजूद, सभी व्यक्तियों को समान उच्च सुरक्षा मानकों की अपेक्षा करने का अधिकार है जो अन्य लोग समान मॉडल को कहीं और खरीदते हैं। बीएनसीएपी सेफ्टी रेटिंग गैप को बंद करने में मदद करेगा। बीएनसीएपी अनिवार्य रूप से सभी नए एम1 श्रेणी के वाहनों के लिए लागू होना चाहिए।

एक स्थिर संरचना जो जीवन के लिए खतरनाक चोटों की संभावना को कम करते हुए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करती है, प्रत्येक चार पहिया वाहन खरीदार का अधिकार है। उनके भौगोलिक स्थानों के बावजूद, सभी व्यक्तियों को समान उच्च सुरक्षा मानकों की अपेक्षा करने का अधिकार है जो अन्य लोग समान मॉडल को कहीं और खरीदते हैं। बीएनसीएपी सुरक्षा रेटिंग अंतर को पाटने में मदद करेगा। क्ल्ह्ष्टक्क अनिवार्य रूप से सभी नए रू श्रेणी के वाहनों के लिए लागू होना चाहिए। आखिरकार, यूरो एनसीएपी और यूएस एनसीएपी की तरह, जहां एम 2 श्रेणी के वाहनों (वैन) का भी परीक्षण किया जाता है, भारत में भी परीक्षण का विस्तार किया जाना चाहिए।

कई भारतीय कार निर्माता जीएनसीएपी के साथ स्वेच्छा से अपने चार पहिया वाहनों का परीक्षण शुरू कर चुके हैं। कुछ निर्माताओं, जो अभी भी असहज हैं, को यह अवश्य समझना चाहिए कि वर्तमान दौर में देखने को मिल रहा है कि ग्राहक और अंतर्राष्ट्रीय बाजार दोनों ही सुरक्षित कारों की ओर बढ़ रहे हैं। इस तरह का मूल्यांकन भारत से निर्यात की जाने वाली कारों के लिए बड़े अंतरराष्ट्रीय बाजार को खोलने में भी अत्यधिक फायदेमंद साबित होगा, जिससे मेक इन इंडिया अभियान को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा।

## आप की बात

### दांतों वाला शेर आया

**बचपन** में हम सबने एक् कहानी सुनी थी जो देश के लगभग सभी राज्यों के बच्चों और बड़ों नें सुनी होगी। शेर आया, कहीं कहीं भेड़िया भी आया करता था। शुरू में लोग विश्वास करते थे बाद में अविश्वास के चलते ऐसा शोर मचाने वाले युवक को उसका परिणाम भुगतना पड़ता था। परन्तु अब वो कहानी काफी दिनों से शायद भूल गयी थी जनता, वो तो भला हो राजनीति के शिक्षकों का जिन्होंने उसे नए रूप में पुर्नजीवित कर दिया और अब नयी कहानी राजनैतिक गलियारों में गूंजने लगी है जिसका शीर्षक है दांतो वाला शेर आया। अब लोग पड़ गए असमंजस में कि बचपन में जो शेर कहानी में आता था, उसके दांत थे या नहीं, वो मांसाहरी होता था या शाकाहारी। दूध पीता था या जानवरों का खून। ये असमंजस यूह्व ही बना रहने देना चाहते हैं राजनैतिक खिलाड़ी ताकि भोली जनता को पता ही ना चले वास्तविक वस्तु स्थिति का, पर अब जमाना बदल गया है युग डिजिटल हो गया है, पुराने लोग अब बच्चों से गूगल आदि सीखने लगे हैं, इसलिए शायद अब राजनैतिक दाल गलना मुश्किल हो गया है। राजनेताओं को भी समय रहते नए दौर के तौर तरीके सीख लेने चाहिए, इससे बहुत लाभ मिलेगा।

– **मनोज शर्मा**, मेरठ

### बढ़ती जनसंख्या

**जनसंख्या** दिवस पर सोमवार को जारी यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड पॉप्युलेशन प्रॉस्पेक्ट्स (डब्लूपीपी) 2022 में बताया गया है कि भारत अगले साल ही चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा। डब्लूपीपी 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आबादी अगले साल चीन से ज्यादा हो जाएगी और इस तरह भारत दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा। फिलहाल चीन की आबादी 142 करोड़ है और भारत की 141 करोड़। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2050 में भारत की आबादी 166 करोड़ होगी। भले ही विकसित देशों के लिए बढ़ती आबादी समस्याओं ना हो। मगर भारत के संदर्भ में तो तूफानी गति से बढ़ती हुई जनसंख्या 2050 तक भारी मुसीबत का सबब बन जाएगी। खासकर, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में जहां टोटल फर्टिलिटी रेट राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। इस असंतुलन को दूर करना होगा। यह काम महिलाओं की शिक्षा में सुधार लाकर और उन्हें सशक्त कर किया जा सकता है।अभी वर्तमान में ही हमारी आय का एक बड़ा हिस्सा बढ़ती हुई आबादी की मूलभूत जरूरतों पर ही खर्च हो जाता है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### शेरों की मूर्तियों पर विवाद

**जबसे** केंद्र सरकार ने नए संसद भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू की तब से ही विपक्षी दलों के नेताओं के पेट में दर्द शुरू हो गया था। सुप्रीम कोर्ट तक संसद भवन और सेंट्रल विस्ता के निर्माण पर रोक लगाने की मांग करते हुए याचिका दायर की गई। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका ठुकरा दी। अब जबकि संसद भवन का काम पूर्ण होने को आ गया है उसके ऊपर लगाई गई अशोक स्तंभ की मूर्ति के शेरों की भाव भंगिमा पर बड़े हास्यास्पद किस्म के प्रश्न उठाए जा रहे हैं। जाकी रही भावना जैसी तिन मूरत देखी वो वैसी। जैसी विपक्ष की भावना है उसे वैसे ही शेरों की मूर्ति का भाव दिखाई दे रहा है। जब सारनाथ और संसद भवन की मूर्तियों के आकार में पांच छह गुना फरक है तो उसी हिसाब से मूर्ति का निर्माण किया जाएगा। वास्तव में विपक्ष के बाद पास सरकार को घेरने का कोई मुद्दा नहीं है। बैठे खाली अशोक स्तंभ और शेरों की मूर्तियों पर ही विवाद खड़ा करने का प्रयास किए जा रहे हैं। मगर देश की जनता सब जानती है और समझ रही है।

– **अतिवीर जैन**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**प्राकृतिक** खेती पर यह जनान्दोलन भी आने वाले वर्षों में सफल होगा।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**अमित** शाह से मिलना प्रसन्नता व सम्मान की बात है। वे सच्चे राजनेता हैं और भारत के लिए उनका दृष्टिकोण प्रेरणादायक है।

– **कुलदीप विश्नोई**
हरियाणा कांग्रेस विधायक





**वे** भाजपा में शामिल होने का फैसला लेने को स्वतंत्र हैं। लेकिन पहले उनको विधायक पद से इस्तीफा देना चाहिए।

– **भूपिंदर सिंह हुड्डा**
हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री

# पशुपालन विभाग में घोटाले पर सीएम सख्त

## छवि खराब करने वाले नौकरशाहों पर एक्शन के मूड में मुख्यमंत्री

- सीनियर आईएएस अफसरों की कमेटी बनाकर पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर दो दिनों में मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**इन** दिनों स्वास्थ्य और लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारी योगी सरकार के बेहतर कामकाज पर दाग लगा रहे हैं। अधिकारियों द्वारा सरकार की नीति को ताक पर रखते हुए किये गए तबादलों की गड़बड़ी सूबे में चर्चा का केंद्र बन गई हैं। यही नहीं पशुपालन विभाग में अफसरों द्वारा किए गए घपले को लेकर भी सरकार विपक्ष के निशाने पर आ गई है। ऐसे में अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तबादलों में गड़बड़ी और पशुपालन विभाग में हुए घोटाले पर कड़ा रुख अपनाया है। जिसके तहत उन्होंने सीनियर आईएएस अफसरों की कमेटी बनाकर पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर दो दिनों में मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री के इस फैसले के बाद यह कहा जा रहा है कि जल्दी ही स्वास्थ्य, लोक निर्माण और पशुपालन विभाग के आला अफसरों के खिलाफ सरकार एक्शन लेते हुए उन्हें महत्वहीन पदों पर भेजेगी। स्वास्थ्य विभाग में बीते 30 जून को हुए तबादलों को लेकर सूबे के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने नाराजगी जताते हुए ट्रांसफर नीति का पालन न होने की बात कही थी। इस मामले में डिप्टी सीएम ने विभाग के आला अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा था लेकिन अधिकारी द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। जिसके चलते देखते ही देखते यह प्रकरण तूल पकड़ गया और पार्टी केंद्रीय नेतृत्व ने इस मामले में पूछताछ कर ली, ऐसे में मंगलवार को मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के तबादलों को लेकर रिपोर्ट तलब की और पूरे प्रकरण को समझने के बाद उन्होंने मुख्य सचिव डीएस मिश्रा की अध्यक्षता में एक कमेटी बना दी जो की तबादलों में हुई गड़बड़ियों की समीक्षा दो दिन में सीएम योगी को रिपोर्ट सौंपेंगी। लोनिवि में अधिकारियों ने तबादला नीति का अनदेखी करते हुए तीन साल पहले मर चुके जूनियर इंजीनियर घनश्याम दास का तबादला झांसी कर दिया। ऐसे ही एक शख्स राजकुमार का तबादला इटावा से ललितपुर किया गया था। बाद में पता चला कि राजकुमार नाम का कोई शख्स विभाग में है ही नहीं, रिटायर होने कई कर्मचारियों का तबादला बहुत दूर के जिलों में कर दिया गया। तबादलों की ऐसी तमाम खामियों की जांच कमेटी कर दो दिन में रिपोर्ट मुख्यमंत्री को देगी। इसी प्रकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने करीब 50 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच अपर मुख्य सचिव को सौंपी है। इस घोटाले को विभाग के आला अफसरों ने अंजाम दिया है। आरोप है कि विभाग के अधिकारियों ने दवाई और उपकरणों की खरीद दोगुना दाम पर की है। अब कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उक्त कमेटियों की रिपोर्ट मिलते ही उन बेअंदाज नौकरशाहों के खिलाफसख्त कार्रवाई करेंगे जिसकी बेअंदाजी के चलते सरकार की छवि खराब हुई है।

## कानपुर में खुलेगा एटीएस का कमांडोज आपरेशन सेंटर

**लखनऊ।** कानपुर में एटीएस का कमांडोज आपरेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई घोषणा के अनुपालन में एटीएस को कानपुर के नर्वल में जमीन भी आवंटित कर दी गई है। कमांडोज ऑपरेशन सेंटर से कानपुर नगर, कानपुर देहात, जालौन, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, इटावा, झांसी समेत कई जिले जोड़े जाएंगे। सेंटर में कमांडोज के रहने के लिए बैरक का निर्माण किया जाएगा। यहां उच्च स्तर के एक अधिकारी की तैनाती भी की जाएगी। जानकारी के अनुसार कानपुर के नर्वल के खजऊपुर में 0.5500 हेक्टेयर जमीन पर यह सेंटर बनाया जाएगा। 2019 में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद से ट्रेनिंग सेंटर बनाने की कवायद चल रही थी। अब इसके लिए आवंटन पत्र जारी किया गया है। कानपुर व आसपास से अब तक कई आतंकी पकड़े जा चुके हैं। यहां सेंटर का निर्माण होने से आतंकियों की कमर टूटेगी।

## लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई: केशव मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वह अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु सभी आवश्यक क़दम उठाएं। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर इस तरह बनाए जांय कि वह गांव के विकास का हिस्सा बने और ग्रामीण पर्यटन केन्द्र बने। उन्होंने कहा कि जल संचयन और संरक्षण के लिए अमृत सरोवर वरदान साबित हों और पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन में भी सहायक सिद्ध हों। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरो के निर्माण से समाज में सकारात्मक संदेश जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग के शासन के उच्चाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व खंड विकास अधिकारी अमृत सरोवरों के कार्यों का औचक निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि विभाग के अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाए और कार्यों में लापरवाही व शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि विधायक निधि में कौन-कौन से कार्य होते हैं, इसकी एक बुकलेट प्रकाशित की जाए और उसे विधायकों को वितरित कराया जाए। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को विधान भवन में अपने कक्ष में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।


## ध्यान भटकाने के लिए विवादित मुद्दे चुनती हैं भाजपा सरकारें



**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने जनसंख्या कानून पर आए सीएम योगी के बयान के बाद इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि ऐसे समय में जब आसमान छूती महंगाई, अति गरीबी और बढ़ती बेरोजगारी आदि के अभिशाप से परिवारों का जीवन दुखी, त्रस्त और तनावपूर्ण है तथा वे स्वयं ही अपनी सभी जरूरतों को सीमित कर रहे हैं, तब जनसंख्या नियंत्रण जैसे दीर्घकालीन विषय पर लोगों को उलझाना भाजपा की कौन सी समझदारी है? मायावती ने बुधवार को ट्वीट कर इस मामले में अपनी राय व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण दीर्घकालीन नीतिगत मुद्दा है। इसके लिए कानून से कहीं ज्यादा जागरुकता की जरूरत है किन्तु भाजपा सरकारें देश की वास्तविक प्राथमिकता पर समुचित ध्यान देने के बजाए भटकाऊ व विवादित मुद्दे ही चुन रही है।

## सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लोक** निर्माण विभाग मंत्री तथा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जितिन प्रसाद की अध्यक्षता में बुधवार को लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित तथागत सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। लोक निर्माण मंत्री ने बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए विभिन्न सुझाव पर विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों को उच्च प्राथमिकता पर लेते हुए उन पर त्वरित रूप से सकारात्मक कार्यवाही की जाए। प्रसाद ने बैठक में राज्य सड़क निधि प्रबन्धन समिति के सदस्यों के सुझावों के त्वरित ढंग से निस्तारण हेतु एक नोडल ऑफिसर नियुक्त करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में लोक निर्माण मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि विश्व की सर्वश्रेष्ठ तकनीक का प्रयोग करते हुये तेजी से सड़कों का निर्माण कराया जाय तथा सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही भी की जाए। बैठक में सड़कों के निर्माण में सीमेंट ग्राउटेड विटुमिनस तकनीक एवं अन्य आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर सड़कों का निर्माण कराए जाने पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही ऐसे विकल्पों पर भी विचार विमर्श किया गया कि जिससे की वर्ष में कभी भी (12 महीनों) सड़कों का निर्माण कराया जा सके।

## थानों पर महिलाओं की शिकायतों का प्राथमिकता पर हो निस्तारण: बाथम

**लखनऊ।** प्रदेश में पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण व न्याय दिलाए जाने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम व आईजी लखनऊ द्वारा बैठक कर विचार-विमर्श किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम एवं पीड़िताओं को सुगम व त्वरित न्याय दिलाए जाने के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय बुधवार को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थलीय महिला जनसुनवाई के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसके साथ ही आयोग मुख्यालय में महिला उत्पीड़न के शिकायती प्रार्थना पत्रों पर कार्यालय दिवसों पर सुनवाई, महिला उत्पीड़न की गम्भीर घटनाओं की स्थलीय जांच बालिका गृहों, महिला बन्दी गृहों, महिला चिकित्सालयों का निरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जाते हैं।

## पर्यटन विकास की 172 परियोजनाएं पूरी: जयवीर

### 100 दिन की कार्ययोजना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटन सेक्टर आमदनी एवं रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण जरिया है। इसके साथ ही पर्यटन एवं संस्कृत विभाग की कई योजनाओं के माध्यम से पर्यटन को गॉव तक ले जाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गयी है। उन्होंने बताया यूपी की कानून व्यवस्था पूरे देश में सबसे उत्कृष्ठ हो जाने के कारण कोरोना काल खण्ड के बाद देशी-विदेशी पर्यटकों की उत्तर प्रदेश पहली पसंद बन गया है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने यह बात बुधवार को लोकभवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान अपने विभाग की उपलब्धियों को विस्तार से बताते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विभिन्न जनपदों में संचालित पर्यटन विभाग की 170 परियोजनाओं को पूर्ण करने के लक्ष्य के सापेक्ष 172 परियोजनायें पूरी कराई गयी। इसके अलावा लोक संगीत के संरक्षण, संवर्धन एवं पर्यटन विकास हेतु प्रदेश के समस्त जनपदों में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का गठन कराया गया। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इको पर्यटन विकास बोर्ड के गठन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है। पर्यटन मंत्री ने बताया हरिद्वार में 100 कक्षों का आधुनिक सुविधायुक्त भव्य भागीरथी अतिथि गृह का मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड द्वारा संयुक्त रूप से लोकार्पण किया गया। जयवीर सिंह ने बताया कि आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर 11 से 17 अगस्त 2022 तक पर्यटन निगम द्वारा संचालित सभी राही पर्यटक आवास गृहों में श्रद्धालुओं, पर्यटकों से आवासीय किराया मात्र 75 प्रतिशत चार्ज करने का निर्णय लिया गया है। मथुरा एवं आगरा में पीपीपी मॉडल पर हेलीपोर्ट संचालन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत प्रदेश में 5 डेस्टिनेशन विकसित करने हेतु केन्द्रीय पर्यटन मंत्री एवं सचिव, पर्यटन मंत्रालय के साथ संयुक्त बैठक में सहमति बनी है। ब्रज पर्यटन परिपथ के समेकित पर्यटन विकास के लिए केन्द्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के साथ संयुक्त बैठक में सहमति बनी है। जयवीर सिंह ने बताया कि भारतीय नौसेना मंत्रालय भारत सरकार से नौसेना पोत, आईएनएस गोमती को प्रदेश में लाने का निर्णय लिया गया है। प्रयागराज में ओल्ड कर्जन ब्रिज को गंगा गैलरी, हेरिटेज पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु रेलवे की सहमति प्राप्त की जायेगी।

### सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए संस्कृति विभाग कर रहा कार्य

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अयोध्या शोध संस्थान द्वारा अयोध्या में देश एवं विदेश की प्रसिद्ध रामलीला मण्डलियों द्वारा 2 अप्रैल 2022 से पुन: नित्य रामलीला का पुन: मंचन शुरू करा दिया गया है। जयवीर सिंह ने बताया कि मगहर में नवनिर्मित संतकबीर अकादमी के विभिन्न भवनों का लोकार्पण किया गया। संतकबीर के प्राकट्य दिवस के अवसर पर वाराणसी में तीन दिवसीय 'कबीर महोत्सव ' का आयोजन तथा मगहर में दो दिवसीय कबीर महोत्सव का आयोजन किया गया। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अन्तर्गत गुजरात सरकार से सांस्कृतिक आदान प्रदान हेतु समझौता किया गया। पर्यटन मंत्री ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर अयोध्या शोध संस्थान द्वारा अयोध्या, श्रृंग्वेरपुर प्रयागराज में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया।

## चार विधायक लोकसभा में, एक विधायक केरल विधानसभा में डालेंगे वोट: आयोग

- राष्ट्रपति चुनाव की तैयारी शुरू, 18 जुलाई को तिलक हॉल में होगा मतदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रपति** चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने तैयारी पूरी कर ली है। यूपी विधान सभा के पांच सदस्य विधान सभा के बजाए लोकसभा और केरल विधान सभा में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। जबकि जेल में बंद नाहिद हसन के मतदान को लेकर अभी तक चुनाव आयोग के पास कोई सूचना नहीं आई है।

यूपी के चार विधायक मुकेश चौधरी, प्रदीप कुमार सिंह, जियारूहमान, बृजभूषण राजपूत लोकसभा में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जबकि नील रतन पटेल केरल की विधान सभा में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। ऐसा इसलिए हो रहा है कि आयोग को मतदान करने से पहले मतदाता सूचित करता है और तब उस मतदाता के पत्र के अनुसार संबन्धित राज्य की विधान सभा में उसके मतदान की व्यवस्था कराता है। आगामी 18 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक इस चुनाव के लिए विधान भवन के तिलक हॉल में मतदान होगा। प्रदेश विधानसभा के विशेष सचिव बृजभूषण दुबे और संयुक्त सचिव अजीत कुमार शर्मा को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। श्री दुबे ने बताया कि सभी मतदात विधान भवन के गेट संख्या सात से आएंगे और उनको कक्ष संख्या 80 से मतदान पर्ची दी जाएगी। पर्ची लेकर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग तिलक हाल में करेंगे। मतदान कक्ष में पेन, मोबाइल और पर्स ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। सभी मतदाताओं को गाईड लाइन जारी की जा चुकी है। मतपत्र में मतदाताओं को सिर्फ अंक ही लिखना होगा जबकि टिक लगाने या हस्ताक्षर करने पर मतदान अवैध घोषित हो जाएगा। दुबे ने बताया कि विधान भवन स्थित कक्ष संख्या 54 को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहां पर मतपेटी और मतपत्र रखे गए हैं। एक विधायक के मत की वैल्यू 208 अंक निर्धारित की गई है। तिलक हाल के नीचे राज्यपाल कक्ष को कंट्रोल रूम बनाया गया है। आयोग द्वारा दी गई पेन से ही मतदाताओं को अंक मतपत्र में लिखने होंगे उन्हें अपने पेन का प्रयोग नहीं करना होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति चुनाव में प्रदेश विधानसभा के 403 विधायक ही मतदान करेंगे। इस चुनाव में विधान परिषद के सदस्य मतदान नहीं कर सकते। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए विधान सभा सचिवालय के सुरक्षाकर्मी और सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती की गई है।

## एसआई लिपिक भर्ती परीक्षा दो सप्ताह के लिए स्थगित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सब इंस्पेक्टर लिपिक के 164 रिक्तियों के सापेक्ष 70 पदों पर भर्ती के लिए 15 जुलाई को होने वाली विभागीय लिखित परीक्षा को दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है। भर्ती बोर्ड के मुताबिक कुछ कर्मचारियों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में राज्य सरकार के खिलाफ याचिका दायर की है। परिणाम स्वरूप अदालत ने परीक्षा को दो सप्ताह के लिए स्थगित रखने का आदेश दिया है। बोर्ड ने बताया कि अभ्यर्थियों की टंकड़ परीक्षा 11 जुलाई 2022 को संपन्न हो चुकी है। टंकण परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों की अगले चरण की लिखित परीक्षा करायी जानी है। बोर्ड द्वारा पुलिस उपनिरीक्षक गोपनीय, पुलिस सहायक उपनिरीक्षक, लिपिक एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक, लेखा नियमावली 2015 यथासंशोधित 2020 में निहित प्रावधानों के अनुसार 164 रिक्त पदों की रिक्तियों के सापेक्ष पदोन्नति की प्रक्रिया के अन्तर्गत अब लिखित परीक्षा के लिए पहली अगस्त 2022 की तिथि निर्धारित की गई है। टंकण परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थी ही लिखित परीक्षा में हिस्सा ले सकेंगे।

## सपा संस्थापक मुलायम से मिले ओपी राजभर

- गठबंधन रहेगा या नहीं यह अखिलेश यादव को ही तय करना है: अरुण राजभर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से नाराजगी के बीच सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर ने बुधवार को सपा संस्थापक एवं संरक्षक मुलायम सिंह यादव से मुलाकात की है। इस बीच ओपी राजभर के बेटे अरुण राजभर ने अखिलेश यादव पर हमला बोला है। अरुण ने यहां तक कहा कि गठबंधन रहेगा या नहीं यह अखिलेश यादव को ही तय करना है। अगर उन्हें लगता है कि पर्दे के पीछे कुछ हो रहा है तो हमें बुलाकर पूछना चाहिए। मुलायम से मुलाकात पर अरुण ने कहा कि उनकी पत्नी का निधन हुआ था। उसी को लेकर ओपी राजभर शोक संवेदना व्यक्त करने गए थे। मुलायम सिंह ने राजभर से यह भी पूछा कि सब ठीक चल रहा है। नेताजी हमेशा कहते हैं कि मेहनत करो। हम लोग लगातार मेहनत कर रहे हैं। अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए अरुण राजभर ने कहा कि सपा और सुभासपा एक दूसरे की सहयोगी हैं। हमारे गठबंधन में रालोद भी शामिल है। अगर किसी बैठक में एक सहयोगी को बुलाया जाएगा और दूसरे को नजरअंदाज किया जाएगा तो कोई भी आपत्ति दर्ज करेगा ही। अरुण ने कहा कि हम लोग विपक्ष की पार्टियां हैं। राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के प्रत्याशी यशवंत सिन्हा के साथ विपक्ष की सभी पार्टियों के साथ बैठक होनी चाहिए। बैठक में पहले हमें भी बुलाया गया। फिर अचानक कह दिया गया कि बैठक कैंसिल हो गई है जबकि ऐसा नहीं हुआ था।

## राजमार्ग से जुड़ी परियोजनाओं में आ रही बाधाओं को समन्वय से करें दूर



- मुख्य सचिव ने की प्रदेश में एनएचएआई की चल रही परियोजनाओं की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एनएचएआई** की प्रदेश में चल रही परियोजनाओं की समीक्षा बुधवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने करते हुए कहा कि यूपी में सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। आगे भी समय के साथ सड़क कनेक्टिविटी को तेजी से बढ़ाने की जरूरत है। प्रदेश में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई के माध्यम से चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं को विभागीय समन्वय से दूर कर कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को शीघ्रता से भूमि अधिग्रहण पूर्ण कराते हुए निर्माण कार्य के लिए भूमि उपलब्धता सुनिश्चित कराने का लक्ष्य नियत करते हुए नियत तिथि तक भूस्वामियों को मुआवजा दिलवाते हुये भूमि का हस्तान्तरण एनएचएआई को करवाने का निर्देश दिये।

उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि जिलाधिकारियों के पास भूस्वामियों को मुआवजा वितरित करने के लिये पर्याप्त धनराशि की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाए जिससे कब्जा दिलाने में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। अधिकांश जिलाधिकारियों द्वारा 31 जुलाई तक एवं कुछ जनपदों के जिलाधिकारियों द्वारा 31 अगस्त तक एनएचएआई को मार्ग निर्माण के लिए सम्पूर्ण लम्बाई में भूमि का कब्जा दिलाने एवं भूस्वामियों को मुआवजे के वितरण का आश्वासन दिया गया। मुख्य सचिव ने वन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिये कि फारेस्ट क्लियरेन्स के लिए प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाई जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि परियोजना प्रस्ताव से सम्बन्धित समस्त आपत्तियॉ सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को एक साथ सूचित की जाए जिससे उनका निस्तारण होने के पश्चात वन विभाग से फारेस्ट क्लियरेन्स के लिए अनापत्ति बिना किसी विलम्ब के जारी हो सके। मुख्य सचिव ने कहा कि विकास की गति जितनी तेज होगी, प्रदेश का विकास उतनी ही शीघ्रता से होगा। सभी अधिकारी प्रदेश के विकास के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के भूमि अर्जन, वन विभाग से क्लियरेन्स, यूटिलिटी शिफ्टिंग आदि कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण करायें।

चेयरपर्सन एनएचएआई अलका उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश में 45652 करोड़ की परियोजनायें पूर्ण की जा चुकी हैं। 7610 करोड़ की परियोजनायें लगभग पूर्ण होने की स्थिति में हैं। इसके अतिरिक्त 53102 करोड़ की परियोजनाओं पर कार्य प्रगति में है तथा 19477 करोड़ की परियोजनाओं के लिए संविदाकारों का चयन कर अनुबन्ध गठित हो चुके हैं।

## स्कूल चलो अभियान के तहत अब तक 1.90 करोड़ बच्चों का नामांकन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**उत्तर** प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग का शैक्षिक सत्र 2022.23 में 2.0 करोड़ बच्चों के नामांकन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत जनपदों द्वारा नामांकन बढ़ाये जाने की दिशा में सराहनीय प्रयास किया गया है और 2.0 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 1.90 करोड़ बच्चों को नामांकित किया जा चुका है। यह जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार ने एक पत्र के माध्यम से सभी जनपदों के जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किये हैं।

प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा ने बताया कि जनपदों में संचालित ईट भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों के बच्चे प्राय: शिक्षा के अवसर से वंचित रह जाते हैं। अत: इस सम्बन्ध में सभी जिलाधिकारियों द्वारा जनपद में संचालित ईंट भट्ठों के मालिकों की एक बैठक बुलाकर उनके भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों के 06 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को अनिवार्य रूप से समीप के प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयो में नामांकित कराए जाने हेतु प्रेरित किया जाये। असेवित बस्तियो, बाजारों, रेलवे स्टेशनों पर एवं रेल पटरियों के किनारे बसने वाले परिवारों, झुग्गी-झोपडी, बस स्टैण्ड, ओवरब्रिज के नीचे रहने वाले परिवारों आदि को विशेष रूप से फोकस करते हुए डीएलएड प्रशिक्षुओं की टीम लगाकर सर्वे कराया जाय एवं 06-14 आयुवर्ग के शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराया जाय। उन्होंने बताया कि पूर्वांचल के जनपदों में पाये जाने वाले मुसहर समुदाय, गोरखपुर मण्डल के जनपदों में पाये जाने वाले बनटांगिया समुदाय, तराई क्षेत्र के जनपदों में पाये जाने वाले थारू समुदाय तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जनपदों में सहरिया एवं कंज़र समुदाय के लोग निवास करते हैं। इन समुदाय के परिवारों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बहुत कम है तथा इन समुदाय के परिवार के बच्चों में विद्यालय न जाने की प्रवृत्ति होती है। जिलाधिकारी के नेतृत्व में इन क्षेत्रों में कार्य करने वाली स्वयं सेवी संस्थायें बीटीसी / डीएलएड के प्रशिक्षुओं एवं अध्यापकों की टीम बनाकर सर्वे कराते हुए 06-14 आयुवर्ग के बच्चों को विद्यालय में नामांकन कराया जाय।

### 1.25 करोड़ बच्चों के आधार प्रमाणित

**लखनऊ।** उप्र बेसिक शिक्षा विभाग छात्र छात्राओं को यूनीफार्म, जूता-मोजा, स्वेटर एवं स्कूल बैग के क्रय से सम्बन्धित धनराशि उनके माता-पिता / अभिभावकों के आधार सीडेड बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से गत वर्ष (2021-22) से भेज कर रहा है। जहां गत वर्ष मात्र माता पिता /अभिभावकों के आधार का प्रमाणीकरण कराया गया था, वहीं इस वर्ष बच्चों का भी आधार प्रमाणित किया जा रहा है। यह जानकारी महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनन्द ने दी। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 1.25 करोड़ बच्चों के आधार प्रमाणित हो चुके हैं, शेष बच्चों के आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया गतिमान है।

विभाग द्वारा पूर्व से ही प्रत्येक ब्लॉक संसाधन केन्द्रों को दो-दो आधार नामांकन किट्स उपलब्ध कराये गये हैं किन्तु परिषदीय विद्यालयों में नामांकित बच्चों की संख्या एवं कार्य के महत्व को देखते हुए मा बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह की पहल पर अब प्रत्येक कलस्टर स्तर पर आधार नामांकन केन्द्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इससे वर्तमान में आधार कार्ड विहीन बच्चों के साथ-साथ प्रतिवर्ष नये प्रवेश लेने वाले लाखों बच्चे भी लाभान्वित होंगे।

पदक प्राप्त खिलाड़ियों से जिलाधिकारी ने की बात....

# ...जब तरणताल पहुंच डीएम ने खिलाड़ियों से मिलाया हाथ

● तरणताल पहुंचकर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने प्रतिभागियों को किया प्रोत्साहित, राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले प्रतिभागियों से परिचय किया प्राप्त

● तरणताल का निरीक्षण कर कमियों को दूर कराने की डीएम ने कही बात

संवाददाता। सीतापुर



**तरणताल स्टेडियम** में राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर विजयी होने वाले प्रतिभागियों का जिलाधिकारी अनुज सिंह ने परिचय प्राप्त कर उनका न कि हौंसला बढ़ाया बल्कि उन्हें खेल में कोई असुविधाएं न आने पाए इसको लेकर जिला खेल अधिकारी को भी निर्देश दिए। आपको बता दें कि ताइक्कांडो की राज्य व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों से बात करते हुए प्रतियोगिताओं के बारे में भी जानकारी ली। पदक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को जिलाधिकारी ने सम्मानित भी किया और खेल अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि प्रतिभागियों की प्रतिभा को बढ़ाने के लिए कुछ ज्यादा प्रयास किया जाए जिससे स्पोर्ट्स में बच्चे रूचि लें। पुरस्कृत होने वाली मुस्कान राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त विजेता बनी, अनुभवी श्रीवास्तव, आदित्य वैभव स्वर्ण पदक, ऋषभ रावत, तनिश्का पाल, तनिश्क रावत, नूर, सांन्वी सेठ, प्रत्यूष सिंह, ग्रंथ सक्सेना आदि खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाते हुए आगे और खेलों में नम्बर 1 आने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह ने स्वीमिंग पुल, टेनिस हॉल का भी निरीक्षण किया और कमियां मिलने पर उन्हें सुधारने का खेल अधिकारी को निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम पंकज प्रकाश राठौर, खेल अधिकारी संजीव कुमार सिंह, खेल प्रशिक्षक सुरेन्द्र लाल सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## सिद्धेश्वर मंदिर पर मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

**सीतापुर।** श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर सिधौली में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा ,भक्ति और हर्षोल्लास से मनाया गया। मंदिर प्रबंधक स्वामी प्रकाशानंद सरस्वती फलाहारी बाबा के शिष्यों ने अपने गुरु का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी प्रकाशानंद सरस्वती ने शिष्यों को मंगलमय आशीर्वाद प्रदान करते हुए निरंतर गुरु सेवा में लीन रहने के प्रति प्रेरित किया (स्वामी जी ने कहा कि एक गुरु ही ऐसा है जो अपने शिष्य का परमात्मा से सीधे साक्षात्कार करा सकता है। इसीलिए गुरु को ब्रम्हा ,विष्णु, महेश कहा गया है। गुरु का दर्जा परमात्मा से भी ऊंचा है इसीलिए गुरु को साक्षात परम ब्रम्ह की संज्ञा दी गई है। गुरु पूर्णिमा पर सत्संग का समागम देर तक होता रहा इस मौके पर सकरन से पधारे राजेंद्र जाय सवाल, विमल मिश्रा, योगराज सिंह,कौशिलया देवी, सविता मिश्रा, अशोक कुमार मिश्रा, सुमित मिश्रा, नीरज कुमार मिश्रा, पम्मी मिश्रा, नवी नगर के शिवकुमार तिवारी , पूर्णिमा तिवारी, राजा भैया, अंबाटा लखीमपुर के इंद्र कुमार अवस्थी, जगदीश शुक्ला, विनोद तिवारी सहित तमाम शिष्यों ने अपने गुरु स्वामी प्रकाशानंद का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।

गुरु पूर्णिमा पर शिष्यों ने ली गुरु दीक्षा...

# नैमिष में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

● सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर प्रशासन/पुलिस विभाग रहा मुस्तैद

● नैमिषारण्य के मठ आश्रमों में रही कार्यक्रमों की धूम

संवाददाता। नैमिषारण्य सीतापुर



**गुरु पूर्णिमा** का पर्व नैमिषारण्य के मठ आश्रमों में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया, जहां पर भक्तों की काफी भीड़ देखने को मिली और बड़े श्रद्धाभाव के साथ शिष्यों ने अपने गुरूजनों का पूजन कर आशीर्वाद लिया। आपको बता दें कि नैमिषारण्य स्थित नारदानंद आश्रम में पीठाधीश्वर जगदाचार्य स्वामी देवेंद्रानंद सरस्वती के सानिध्य में उनके हजारों शिष्यों ने उनका आशीर्वाद लिया और भव्य शोभायात्रा निकाल आश्रम के संस्थापक स्वामी नारदानंद सरस्वती की समाधि पर स्थित गुरूचरण पादुकाओं का भी पूजनकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद जगदाचार्य स्वामी देवेंद्रानन्द सरस्वती शौनक कुटी पहुंचे जहां स्वामी के भक्तों ने अपने गुरु का पूजनकर गुरुपूर्णिमा के महत्व के बारे में जाना। इस अवसर पर कई श्रद्धालुओं ने स्वामी से गुरुमन्त्र लेकर दीक्षा ग्रहण की। वहीं भक्तो ने चक्रतीर्थ, गोमती नदी में स्नान कर तीर्थ पुरोहितों को दान किया, पूर्णिमा के अवसर पर भक्तो द्वारा सत्य नारायण भगवान की व्रत कथा सुनी और माँ ललिता देवी और अन्य मन्दिरों में पूजन एवं दर्शन किया। व्यासपीठाधीश अनिल शास्त्री का दूर-दूर से आये भक्तो ने पूजन किया। हनुमान गढ़ी महंत बजरंग दास, पवन दास के सानिध्य में गुरु पूजन उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। वही पहला आश्रम मे महंत नारायण दास नन्कू, बजरंग दास चरणदास त्यागी के सानिध्य में गुरु पूजन किया गया, गुरु पूर्णिमा पर्व पर अपने-अपने गुरुओं का पूजन कर गुरुपूर्णिमा मनाया। इस मौके पर एसडीएम मिश्रिख, गौरव रंजन श्रीवास्तव, सीओ मिश्रिख सुशील यादव, तहसील दार मिश्रिख राजकुमार गुप्ता, नैमिष थाना प्रभारी दिग्विजय पांडेय, मिश्रिख कोतवाल राकेश सिंह, संदना थानाप्रभारी फ्तेह सिंह, कथाव्यास धनंजय पांडेय, शांति देव आदि लोग उपस्थित रहे।

रैली 15 अगस्त को दिल्ली में होने कार्यक्रम में होगी शामिल...

# आरपीएफ व रेलवे विभाग जनजागणरण रैली निकाल दे रहे संदेश!

● अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आरपीएफ, रेलवे विभाग निकाल रहा जनजागरण रैली

● सीतापुर जंक्शन से हरी झंडी दिखाकर सहायक सुरक्षा आयुक्त ने किया रवाना, सीतापुर की स्टेशनों में भ्रमण के बाद बुढ़वल में करेगी कैंप



**सीतापुर।** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य मे रेलवे सुरक्षा बल व रेलवे विभाग द्वारा आम जनमानस तक रेल यात्री के सुरक्षा व रेल परिसर मे अपराधिक घटना ना हो जैसे जहरखुरानी, रेलवे परिसर मे चोरी, रेल परिचालन मे न कोई बाधा उत्पन्न किया जाना आदि के सम्बन्ध मे यह जनजागरण बाइक, कार रैली सीतापुर जंक्शन पर मंगलवार शाम पहुंची थी जिसको बुधवार को हरी झंडी दिखाकर सहायक सुरक्षा आयुक्त लखनऊ एस.के. बर्मान्त, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने रवाना किया। रैली के प्रभारी सीआर के राम है। यह रैली लखनऊ से चली थी जो सीतापुर जनपद के बिसवां, सरैंया, महमूदाबाद फ्तेहपुर स्टेशन होते हुए बुढ़वल के लिए रवाना हुई, यह रैली 14 अगस्त को दिल्ली पहुंचेगी जहां पर 15 अगस्त को आजादी के महोत्सव में सम्मलित होकर एक संदेश देगी। उधर जनजागरण बाइक कार रैली बिसवां रेलवे स्टेशन पहुचीं जिसका स्थानीय लोगो और स्थानीय रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों ने स्वागत किया। इस मौके पर आरपीएफ के अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगो को अमृत महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया। और वहां से जनजागरण रैली को क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर सरैया स्टेशन के लिए रवाना कर दिया। रैली महमूदाबाद होते हुए बुढ़वल जंक्शन पर कैम्प करेगी और गुरुवार को भ्रमण करते हुए 14 अगस्त को दिल्ली पहुचेंगी और 15 अगस्त को आजादी के महोत्सव में सम्मलित होगी। इस मौके पर तमाम रेलवे के अधिकारियों के अलावा भाजपा के नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, ब्लाक प्रमुख सकरन कृष्ण कुमार, सुनील पांडेय आदि मौजूद रहे।

# सरकारी जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा, डीएम से गुहार!

● राजस्व की जमीन से अवैध कब्जे हटाने की ग्राम प्रधान ने की मांग

● अटरिया के गनेरा मनवा का मामला, डीएम से लगाई गुहार

संवाददाता। सीतापुर



**एक तरफ** योगी सरकार अवैध कब्जे को लेकर सख्त नजर आ रही है वहीं दूसरी तरफ तहसील सिधौली के ग्राम पंचायत गनेरा मनवा थाना अटरिया का एक मामला सामने आया है जहां पर कुछ दबंग राजस्व की जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराकर जमीन अपने कब्जे में करने की जुगत में है। इसको लेकर बुधवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सोनू यादव ने ग्रामीणों के साथ डीएम कार्यालय पहुंचकर उक्त भूमि को मुक्त कराए जाने की मांग प्रार्थना पत्र देकर डीएम से की है। आपको बता दें कि गाटा संख्या 86 रकबा 0.164 हे. दर्ज जो राज्य सरकार व 234/0.190 श्रेणी खाद गड्ढे, 236/0.164 खलिहान स्थिति ग्राम सभा गनेरा स्थित भूमि को कब्जा मुक्त व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र में क्षेत्रीय लेखपाल पर मिली भगत का का आरोप लगाया है जिसपर जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की डीएम से ग्रामीणों ने की। ज्ञापन देने आए ग्रामीण राजेश कुमार, अशोक, प्रेमशंकर, हरिपाल यादव, विक्रम लाल, रामगोपाल, सुभाष कुमार, सुरेन्द्र सिंह सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने 2550 पौधे लगाये



**बरेली।** उ.प्र. सरकार द्वारा 35 करोड़ वृक्षारोपण कार्यक्रम 2022-23 का आयोजन दिनांक 1जुलाई से 7 जुलाई तक किया गया। इसी क्रम में संस्था के प्राचार्य एवं अधीक्षक प्रो. डी. के. मौर्य के निर्देशन में संस्था की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ग्राम भंडसार, सांगलपुर, टियुलिया, जटऊपट्टी में हरित वन महोत्सव को जोर शोर से मनाया गया। संस्था के द्वारा कुल 2550 पौधे लगाये गये जिनमें महानिम्ब, जामुन, इमली, अमरुद, आमला, युकलिप्टुस आदि थे द्य महाविद्यालय के प्राचार्य ने संस्था के स्वयंसेवक सेविकाओं द्वारा वृक्ष लगाए जाने पर उनका उत्साहवर्धन किया। डॉ रिंकी जाटव वृक्षारोपण अधिकारी ने भी पर्यावरण को साफ रखने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रेम प्रकाश गंगवार ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए वृक्षारोपण को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्रवक्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### टेंट कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या

**बरेली।** मामूली बात पर हुए विवाद के बाद पड़ोसियों ने एक टेंट कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।किला थाना क्षेत्र में सब्जी मंडी निवासी 30 वर्षीय राशिद पुत्र अख्तर हुसैन कि बीती रात उसके ही पड़ोस में रहने वाले मुजीब उसके भाई जुल्फी और ने लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर दी ।पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजनों ने बताया कि राशिद खन्नू मोहल्ले में वली टेंट हाउस के नाम से कारोबार करता था ।कल दिन में उसकी पत्नी गुलसबा पालतू कुत्ते को घर के बाहर टहला रही थी। इसी दौरान कुत्ते ने मुजीब के घर के सामने गंदगी कर दी। इसको लेकर गुलसबा और मुजीब की पत्नी सायमा में विवाद हो गया ।लेकिन मोहल्ले के लोगों ने मामले को रफा-दफा करा दिया। रात में जब मुजीब घर वापस लौटा तो पत्नी सायमा ने उसे दिन की घटना के बारे में जानकारी दी जिससे मुजीब अपने भाइयों के साथ राशिद के घर के बाहर पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। शोर सुनकर राशिद घर से बाहर निकला और दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। इसी दौरान मुजीब और उसके भाइयों ने राशिद पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे राशिद को घरवाले उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने लगे। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद सभी हमलावर फरार हो गए ।सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली औरआरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी ।

### घरेलू कलह के चलते सिपाही ने फांसी लगाकर दी जान

**बरेली।** घरेलू कलह के चलते एक सिपाही ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के इंदिरापुरम निवासी 28 वर्षीय वीरेंद्र प्रताप पुत्र महिपाल ने बीती रात घरेलू कलह के चलते छत के पंखे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली ।पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि वीरेंद्र 2014 बैच का सिपाही था और इन दिनों वह मुरादाबाद में ट्रैफिक पुलिस के पद पर तैनात था। उसका विवाह 4 वर्ष पूर्व फरीदपुर निवासी रविंद्र सिंह यादव की लड़की रूबी यादव से हुआ था। उसके कोई भी बच्चा नहीं था ।पत्नी रूबी उसके साथ संयुक्त परिवार में रहना नहीं चाहती थी ।जिसको लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था ।वीरेंद्र 10 दिन पूर्व अवकाश लेकर अपने घर लौटा था जहां पर उसका पत्नी रूबी से फिर विवाद हुआ था। इसी के चलते उसने रात में किसी समय पंखे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली।

### डीएम ने ग्रामीणों से बातचीत करके लिया फीडबैक

**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह के साथ ब्लाक नकहा की ग्राम पंचायत बिल्होरा के मजरा घोसियाना पहुंचे जहां उन्होंने चौका नदी के सन्निकट बसे इस गांव के वाशिंदों से बातचीत की। नदी के जलस्तर बढ़ने से ग्राम वासियों को होने वाली असुविधाएं जानी। डीएम से बातचीत के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि नौउवापुर व घोसियाना के बीच आवागमन का एकमात्र साधन नाव है। उन्होंने कहा कि नदी का जलस्तर बढ़ने पर ग्राम वासी आवागमन के दौरान सतर्कता एवं एहतियात बरतें। वही क्षमता से अधिक व्यक्ति नाव पर सवार होकर नदी पार न करें। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह करीब छह बजे सदर तहसील के ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम लंगडीपुर पहुंचे जहां उन्होंने मौजूद ग्रामीणों से बातचीत करके वहां की वस्तुस्थिति जानी। उन्होंने ग्रामीणों से प्राप्त सुझाव व शिकायतों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह, नायब तहसीलदार परगना श्रीनगर सहित राजस्व एवं ग्राम विकास अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# घरेलू विवाद में महिला की गला काटकर हत्या

● भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

● आरोपी पुलिस गिरफ्त में

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी



**कोतवाली** पसगवां के उचौलिया कस्बे में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई जिसमें एक पति ने एक मामूली विवाद के चलते अपनी पत्नी का सर धड़ से अलग कर दिया और मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार पसगवां कोतवाली के उचौलिया कस्बे के मजरा रूरा निवासी मुन्ना ने घरेलू विवाद में अपनी पत्नी शाहजहां (40) की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस ने पचनामा भर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। शाहजहां के भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। हत्या की खबर जैसे ही पूरे गांव में पहुंची सनसनी फैल गई। प्रभारी निरीक्षक अरुण सिंह ने बताया कि हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

# डीएम ने एनडीआरएफ संग की बैठक, बनाई रणनीति

● बाढ़ की विभीषिका से निपटने के लिए एनडीआरएफ ने कसी कमर

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**बुधवार** की सुबह डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने दफ्तर में नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ) 11-डी टीम संग समन्वय बैठक की। बैठक का सफल संचालन एडीएम संजय कुमार सिंह ने किया।

डीएम ने बाढ़ क्षेत्र में व्यापक जागरूकता के लिए कम्युनिटी बिल्डिंग प्रोग्राम चलाने के निर्देश दिए। एनडीआरएफ टीम से अब तक किए कार्योंए उपलब्ध फीड बैक की जानकारी ली, जरूरी निर्देश दिए। किसी भी आपदा से पूरी तरह बचाव हेतु तहसीले अपने स्तर पर स्वावलम्बी कैसे बने। इस पर हमारा फोकस होना चाहिए। बाढ़ विभीषिका से निपटने के लिए राजस्व कर्मियों, आपदा मित्रों को ट्रेनिंग के दौरान सभी जरूरी जानकारियां दें ताकि वह मुस्तैदी से तटस्थ होकर अपने दायित्वों का सम्यक निर्वहन कर सके। डीएम ने एनडीआरएफटीम को निर्देश दिए कि संबंधित एसडीएम से समन्वय कर 14 जुलाई को तहसील धौरहरा व 15 जुलाई को निघासन में दोपहर 12 से 02 के मध्य कम्युनिटी बिल्डिंग प्रोग्राम चलाए। 16 जुलाई को तहसील पलिया सभागार में दोपहर 02 से 04 के मध्य आपदा मित्रोंए लेखपालए राजस्व निरीक्षकों समेत राजस्व कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम के जरिये आपदा से निपटने के गुर सिखाए। इस प्रोग्राम का उद्देश्य किसी भी आपदा के वक्त आम जनमानस को जागरूक कर उनकी सहभागिता बढ़ाना है। एनडीआरएफ संबंधित तहसीलों के एसडीएम से संपर्क कर सीएबी प्रोग्राम को चलाएं।

एनडीआरएफ निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता ने बताया कि आपदा के वक्त जोखिमों को कम से कम करनेए आम लोगों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से एनडीआरएफ कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाएगी। प्रोग्राम में आपदा राहत, बचाव कार्य से जुड़े विशेष व्याख्यान, प्रशिक्षण प्रोग्राम तय तिथियों में आयोजित करेंगे। बताते चले कि नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स की 11-डी टीम जनपद खीरी में निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता के नेतृत्व में 35 जवानों की टीम पिछले कुछ दिनों से कैंप कर रही है। बैठक में एडीएम संजय सिंह, एसडीएम रेनू, विधेश, कार्तिकेय सिंह, एनडीआरएफ टीम कंमाडर निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता, सेकंड कंमाडर उपनिरीक्षक जीतेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक अजय सिंह व सहायक उपनिरीक्षक रंजन जायसवाल मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## श्रीलंका के...

आंसू गैस के गोले भी दागे लेकिन इसके बावजूद वे अवरोधकों को हटाकर प्रधानमंत्री के कार्यालय में घुस गए। देश के सरकारी टेलीविजन चैनल रूपवाहिनी ने बुधवार को कुछ समय के लिए प्रसारण बंद कर दिया क्योंकि प्रदर्शनकारियों ने इसकी इमारत पर धावा बोल दिया। हालांकि, बाद में चैनल ने प्रसारण बहाल किया। रूपवाहिनी द्वारा प्रसारण निलंबित किए जाने के कुछ देर बाद श्रीलंका के एक और सरकारी टीवी चैनल ने प्रसारण रोक दिया। वहीं, पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाल सिरिसेना ने आगाह कि सत्ता के लिए भूखा एक समूह धीरे-धीरे देश को तबाह कर रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति और कार्यवाहक राष्ट्रपति के पास जनादेश नहीं है इसलिए उन्हें अपने निर्देशों को लागू करने से पहले गहन विचार करना चाहिए। सिरिसेना ने एक बयान में कहा कि सशस्त्र बलों की जिम्मेदारी है कि वे संघर्ष कर रहे लोगों की सुरक्षा करें। नेता प्रतिपक्ष सजित प्रेमदास ने ट्वीट कर कहा, एक सीट वाले सांसद को प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाता है। अब उसी व्यक्ति को कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में नियुक्त गया है।

## मालदीव के...

उतरने के शुरुआती अनुरोधों को ठुकरा दिया था लेकिन बाद में अध्यक्ष नशीद के आग्रह पर विमान को उतरने की अनुमति दी गई। मालदीव में सूत्रों के हवाले से डेली मिरर ने एक रिपोर्ट में कहा कि राजपक्षे सिंगापुर रवाना हो सकते हैं। राजपक्षे मालदीव से किसी अन्य देश जा सकते हैं, जिसके बारे में अभी जानकारी नहीं है। उधर, श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग ने बुधवार को मीडिया में आई उन खबरों को निराधार बताया कि उसने राष्ट्रपति राजपक्षे के देश छोड़कर मालदीव जाने में मदद की है। उसने कहा, यह दोहराया जाता है कि भारत लोकतांत्रिक माध्यमों और मूल्यों, स्थापित लोकतांत्रिक संस्थानों और संवैधानिक रूपरेखा के जरिए समृद्धि एवं प्रगति की आकांक्षाओं को पूरा करने में श्रीलंका के लोगों का सहयोग करता रहेगा। वहीं, राजपक्षे के देश छोड़ने की खबरें आने के बाद उत्साहित भीड़ सिंहली भाषा में संघर्ष की जीत और गो होम गोटा के नारे लगाते हुए गाले फेस ग्रीन में एकत्रित हो गई। बीबीसी ने सूत्रों के हवाले से खबर दी कि राजपक्षे के छोटे भाई और पूर्व वित्त मंत्री बासिल राजपक्षे भी देश छोड़कर चले गए हैं।

## भारत ने...

इंडिया, उसके कर्मचारियों और ओप्पो चीन पर उपयुक्त दंड का भी प्रस्ताव है। मंत्रालय ने कहा कि ओप्पो इंडिया ने स्वेच्छा से सीमा शुल्क मद में 450 करोड़ रुपए जमा कराए हैं।

## देशभर में...

मेहता ने कहा कि उन्हें याचिकाकर्ता के कुछ दावों पर आपत्ति है। मेहता ने कहा कि अधिकारियों ने जवाब दायर किए हैं कि नोटिस जारी किए गए थे और प्रक्रिया का पालन किया गया है। अतिक्रमण रोधी अभियान कथित दंगों से काफी समय पहले शुरू हुआ था। आपके केवल कथित दंगों में शामिल होने से, आपके अवैध निर्माण को ढहाने से सुरक्षा नहीं मिल सकती। प्रभावित लोग पहले भी कई अदालतों के समक्ष मामला उठा चुके हैं। बिना वजह इसे सनसनीखेज न बनाएं। उन्होंने दवे की दलीलों का विरोध किया और कहा कि सभी समुदायों के लोग भारतीय हैं। मेहता ने कहा कि हम समुदाय-आधारित जनहित याचिकाएं स्वीकार नहीं कर सकते। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा कि कानून के शासन की बात पर बहुत जोर दिया जा रहा है, लेकिन वास्तविकता डगमगाने वाली हो सकती है। साल्वे ने कहा कि शीर्ष अदालत ऐसा कोई आदेश पारित नहीं कर सकती कि नगरपालिका कानून के बावजूद किसी आरोपी के मकान गिराए नहीं जा सकते। पीठ ने सभी पक्षों से मामले से जुड़ी दलीलें पूरी करने को कहा और फिर तोड़फोड़ के खिलाफ जमीयत-उलेमा-ए-हिंद की ओर से दायर याचिका को 10 अगस्त के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

## आईजीआई पर...

तब रोका जब वे आगमन हॉल के ग्रीन चैनल को पार कर पूर्वी गेट के पास आ रहे थे। वरिष्ठ सीमा शुल्क अधिकारी ने कहा कि वियतनाम से आया जगजीत सिंह दो ट्रॉली बैग ले जा रहा था। ये बैग उसे उसके बड़े भाई मंजीत सिंह ने सौंपे थे, जो लगभग उसी समय पेरिस से आया था। मंजीत एयरपोर्ट से बाहर आ गया था। वरिष्ठ सीमा शुल्क अधिकारी ने कहा कि जसविंदर कौर भी तस्करी की योजना में सक्रिय भागीदार थी और उसने दोनों ट्रॉली बैगों के टैग को हटाने और नष्ट करने में मदद की, जिसमें लगभग 22.5 लाख रुपये मूल्य की 45 बंदूकें थीं। सीमा शुल्क अधिकारी ने कहा कि दोनों ने इससे पहले तुर्की से 12.5 लाख रुपये मूल्य की 25 बंदूकें भी तस्करी करने की बात कबूल की है।

## दोनों आरोपियों...

थे, जिनसे उदयपुर में सिर काटने के मामले के दो मुख्य आरोपी भी संवाद कर रहे थे। इन प्रारंभिक निष्कर्षों की पुष्टि उदयपुर मामले में गिरफ्तार किए गए सात आरोपियों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड के विश्लेषण से भी हुई है। सूत्रों ने कहा कि सिर काटने के मामले में दोनों मुख्य आरोपी यह जानने के लिए उत्सुक थे कि उन्हें कितनी सजा का सामना करना पड़ेगा और क्या मृत्युदंड अनिवार्य है। एक अधिकारी ने कहा कि ऐसा लगता है कि पूछताछ के दौरान दोनों मुख्य आरोपियों को मौत की सजा की संभावना और आशंका उनके ने उन्हें जकड़ लिया है। सूत्रों ने कहा कि उदयपुर में सिर कलम करने का सुनियोजित कृत्य पाकिस्तान के आतंकी समूहों से सलाह लेकर एक बड़ी साजिश का हिस्सा था। दोनों मुख्य आरोपी रियाज अख्तरी और गौस मोहम्मद ने 28 जून को उदयपुर में अपनी दुकान पर कन्हैया लाल तेली की चाकू से हत्या कर दी थी और ऑनलाइन वीडियो पोस्ट करते हुए दावा किया था कि वे इस्लाम के कथित अपमान का बदला ले रहे हैं। दोनों आरोपियों ने पीड़ित को धारदार हथियारों से भी कई वार किए थे। उदयपुर हत्या मामले के अलावा, एनआईए 21 जून को अमरावती (महाराष्ट्र) में फार्मासिस्ट उमेश कोल्हे की कथित तौर पर कुछ सोशल मीडिया पोस्ट के कारण हत्या से संबंधित एक समान मामले की भी जांच कर रही है।

## वयस्कों को...

सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर मुफ्त में एहतियाती खुराक दी जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले हफ्ते सभी लाभार्थियों के लिए कोविड-19 वैक्सीन की दूसरी और एहतियाती खुराक के बीच के अंतर को नौ से छह महीने तक कम कर दिया। यह टीकाकरण राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) की सिफारिश का पालन करता है। टीकाकरण की गति में तेजी लाने और बूस्टर शॉट्स को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार ने 1 जून को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में हर घर दस्तक अभियान 2.0 के दूसरे दौर की शुरुआत की। वर्तमान में दो महीने का यह कार्यक्रम वर्तमान में चल रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत की 96 फीसदी आबादी को कोविड वैक्सीन की पहली खुराक दी जा चुकी है, जबकि 87 फीसदी लोगों ने दोनों खुराक ले ली है. इस साल 10 अप्रैल को, भारत ने 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को कोविड-19 टीकों की एहतियाती खुराक देना शुरू किया।

## लैंगिक समता...

से और प्रभावित कर रही है। डब्ल्यूईएफ ने भारत पर कहा कि इसका लैंगिक अंतराल अंक (स्कोर) पिछले 16 वर्षों में इसके सातवें सर्वोच्च स्तर पर दर्ज किया गया है लेकिन यह विभिन्न मानदंडों पर सर्वाधिक खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल है। पिछले साल से भारत ने आर्थिक साझेदारी और अवसर पर अपने प्रदर्शन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक बदलाव दर्ज किया है। लेकिन श्रम बल भागीदारी 2021 से पुरूषों और महिलाओं, दोनों की कम हो गई है। महिला सांसदों, विधायकों, वरिष्ठ अधिकारियों और प्रबंधकों की हिस्सेदारी 14.6 प्रतिशत से बढ़ कर 17.6 प्रतिशत हो गई है तथा पेशेवर एवं तकनीकी श्रमिकों के रूप में महिलाओं की हिस्सेदारी 29.2 प्रतिशत से बढ़ कर 32.9 प्रतिशत हो गई है। अनुमानित अर्जित आय के मामले में लैंगिक समता अंक बेहतर हुआ है जबकि पुरुषों और महिलाओं के लिए इसके मूल्य में कमी आई है। वहीं, इस संदर्भ में पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक कमी आई है। राजनीतिक सशक्तिकरण के उप सूचकांक में अंक का घटना इसलिए प्रदर्शित हुआ है कि पिछले 50 वर्षों में राष्ट्र प्रमुख के तौर पर महिलाओं की भागीदारी के वर्षों में कमी आई है। हालांकि, भारत इस उप सूचकांक में 48वें स्थान पर है जो अपेक्षाकृत अधिक है। स्वास्थ्य एवं जीवन प्रत्याशा सूचकांक में भारत का रैंक 146वां है और यह उन पांच देशों में शुमार है जहां का लैंगिक अंतराल पांच प्रतिशत से अधिक है। अन्य चार देश-कतर, पाकिस्तान, अजरबैजान और चीन हैं। हालांकि, प्राथमिक शिक्षा में दाखिले के लिए लैंगिक समता के मामले में भारत विश्व में प्रथम स्थान पर है।

# मुझमें खुद को देख सकते हैं वंचित, आदिवासी व शोषितः मुर्मू

भाषा। जयपुर




जयपुर में एनडीए समर्थित प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू का स्वागत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे सिंधिया व अन्य नेतागण।

**राष्ट्रपति पद** के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार आदिवासी समाज की एक बेटी को राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाना देश के सभी आदिवासी भाई-बहनों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि वंचित, आदिवासी और शोषित उनमें स्वयं को देख सकते हैं। मुर्मू राष्ट्रपति चुनाव के लिए अभियान के तहत बुधवार को यहां आईं थी जहां भारतीय जनता पार्टी ने उनके सम्मान में अभिनंदन कार्यक्रम रखा। इसमें भाजपा के विधायकों व राजस्थान से सांसदों से संवाद करते हुए मुर्मू ने कहा, मैंने कभी राष्ट्रपति बनने के विषय में नहीं सोचा था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग ने अंतिम छोरों पर बसे गाँवों के लोगों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए मुझे माध्यम बनाया है। वंचित, आदिवासी और शोषित मुझमें स्वयं को देख सकते हैं। हम में ना कोई भेद है, ना मतभेद है, आशांवित, अग्रसर और आश्वस्त हैं नए भारत के निर्माण के लिए।

उन्होंने कहा, स्वतंत्रता के बाद पहली बार आदिवासी समाज की एक बेटी को राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाना, जिसका सबसे जीवंत उदाहरण है, जो देश के सभी आदिवासी भाई-बहनों का सम्मान है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति का पद प्राप्त करना मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं होगी, यह किसी एक स्थान, समुदाय अथवा समाज के लिए भी गर्व का विषय नहीं होगा। यह भारतीय समाज में अन्त्योदय के प्रवाह से उपजी समावेशी एकता की मिसाल साबित होगा। मुर्मू ने कहा, राजग और समर्थक दलों की ओर से जब मुझे राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी बनाया गया तो मैं इसके पीछे की सोच को समझ सकती थी क्योंकि मेरा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संवेदनशील चेतना व दूरदर्शी सोच से साक्षात्कार है। वे मरूभूमि की मां-बेटियों के हाथों में किताब और कलम देखना चाहते हैं और वनभूमि की माँ-बेटियों को मुख्य धारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा, ओडिशा में छोटे-छोटे सपनों के साथ पली-बढ़ी जनजाति समाज की एक बेटी को राष्ट्रपति भवन तक जाने का रास्ता दिया गया, यह लोकतांत्रिक स्वप्न है, यही अन्त्योदय है, यह गाँव, गरीब और जंगल की बेटी पर विश्वास जताना है। उन्होंने कहा कि वह कार्यक्रम में मौजूद सांसदों और विधायकों के माध्यम से राजस्थान की जनता का समर्थन मांग रही हैं। इससे पहले विशेष विमान से यहां पहुंचने पर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचन्द कटारिया, प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर द्रौपदी मुर्मू का प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए आदिवासी समाज के प्रबुद्धजनों, विधायकों, सांसदों ने पारम्परिक तरीके से स्वागत किया।



बंगलुरू की महाबोधि सोसाइटी में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर परंपराओं का निर्वहन करते बौद्ध भिक्षु।

## राष्ट्रपति चुनाव में वोट देने के पात्र 4,700 से अधिक सांसदों, विधायकों में 477 महिलाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति चुनाव में वोट देने के लिए कुल 4,759 सांसद और विधायक पात्र हैं जिनमें से केवल 477 या 10 प्रतिशत महिलाएं हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने एक बयान में यह जानकारी दी। उसने कहा कि मतदान के हकदार सांसदों और विधायकों के मतों की कुल संख्या 10,74,364 है और संख्या के आधार पर इसमें 1,30,304 वोट (13 प्रतिशत) महिलाओं के हैं। एडीआर ने कहा कि सांसदों में लोकसभा में सदस्यों के कुल वोटों की संख्या 3,79,400 है और इनमें से 81 महिला सदस्यों के वोट 56,700 (15 प्रतिशत) हैं। इसी तरह राज्यसभा सदस्यों के 1,58,200 मतों में से 21,700 (14 प्रतिशत) 31 महिला सदस्यों के हैं। एडीआर के अनुसार राज्य विधानसभाओं में सर्वाधिक महिला मतदाता उत्तर प्रदेश में हैं जिनके मतों की संख्या 9,776 है जबकि कुल वोट 83,824 हैं। प्रदेश में 403 विधायकों में से 47 महिलाएं हैं। इसके बाद पश्चिम बंगाल और बिहार का नंबर है। राष्ट्रपति पद की राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के 2014 में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए दाखिल हलफनामे का जिक्र करते हुए एडीआर ने कहा कि उनके पास दो करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है और 14 लाख रुपए की देनदारी है। एडीआर ने विपक्ष के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के भी 2009 के लोकसभा चुनाव में दाखिल शपथपत्र का हवाला देते हुए कहा कि उनके पास 3 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है और कोई देनदारी नहीं है। कुछ हलफनामों के हवाले से एडीआर के बयान में कहा गया कि मुर्मू पर तीन आपराधिक मामले हैं, जबकि सिन्हा पर एक मामला है। लेकिन ए सभी मामले गंभीर प्रकृति के नहीं हैं।

## भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा मे परिवर्तन का दौर देख रहा हैः राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में परिवर्तन का दौर देख रहा है और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए कि उनकी कंपनियां दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में शुमार हों। सिंह ने यहां एक कार्यक्रम में अपने भाषण में कहा कि रक्षा मंत्रालय ने 2025 तक 1.75 लाख करोड़ रुपए के रक्षा उत्पादन का लक्ष्य रखा है जिसमें 35,000 करोड़ रुपए का निर्यात शामिल है। विश्वास व्यक्त किया कि रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम 70-80 प्रतिशत के योगदान के साथ इस लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सिंह ने रक्षा क्षेत्र के उपक्रमों के अध्यक्षों एवं प्रबंध निदेशकों तथा गैर आधिकारिक निदेशकों से आग्रह किया कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करें कि उनकी कंपनियां विभिन्न क्षेत्रों में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करें।

सिंह ने रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया, 2020 के तहत रक्षा उपकरणों/ प्लेटफॉर्म की खरीद प्रक्रिया को सरल बनाने सहित आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा की गई विभिन्न पहलोंअ ऑफसेट दिशा-निर्देशों में लचीलापन स्वचालित रूट के तहत एफडीआई सीमा को बढ़ाकर 74 फीसदी करने और सरकारी रूट के तहत 100 फीसदी तक की वृद्धि करनेअ लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया का सरलीकरणअ रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवोन्मेष (आईडीईएक्स) पहल की शुरुआत तथा रक्षा क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का उपयोग बढ़ाने को रेखांकित किया।

## सीबीआई ने भाजपा कार्यकर्ता की कथित हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पिछले साल मई में कोलकाता में भारतीय जनता पार्टी के एक कार्यकर्ता की कथित हत्या के मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बंगाल में चुनाव बाद हिंसा की जांच को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर सीबीआई ने बागुईआटी थाने के दो कर्मचारियों समेत नौ लोगों के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का मामला फिर से दर्ज किया है। उनके मुताबिक, पीड़ित की मां ने एक मजिस्ट्रेट को यह शिकायत दी थी। प्रक्रिया के अनुसार, सीबीआई बिना किसी बदलाव के स्थानीय पुलिस की प्राथमिकी फिर से दर्ज करती है। उन्होंने बताया कि यह मामला प्रसनजीत दास की मौत से संबंधित है जिनका शव पिछले साल 23 मई को उनकी मां को उनके आवास पर फंदे से लटका मिला था। दास की मां ने बारासात के मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर मामले में आरोप लगाया था कि बागुईआटी थाने ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज नहीं किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि अधिकारी उनके बेटे के शव को जबरन ले गए थे और उनकी अनुमति के बिना ही शव का पोस्टमार्टम कराया और फिर अंतिम संस्कार कर दिया। थाने के अधिकारियों की ओर से धमकाए जाने का आरोप लगाते हुए दास की मां ने कहा था कि अधिकारियों ने कोरे कागज़ पर उनके हस्ताक्षर ले लिए थे।

## कोविड-19 की निशुल्क एहतियाती खुराक देश के लोगों को और अधिक स्वस्थ बनाएगी : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 18 साल से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को कोविड-19 के टीके की निशुल्क एहतियाती खुराक देने के सरकार के फैसले से भारत में टीकाकरण अभियान का दायरा बढ़ेगा और इसके परिणामस्वरूप एक स्वस्थ देश का निर्माण होगा। केंद्र सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 15 जुलाई से अगले 75 दिनों के लिए सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को कोविड-19 टीके की निशुल्क एहतियाती खुराक दिए जाने का फैसला किया है।

इससे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर कोविड रोधी टीके की एहतियाती खुराक मुफ्त लगाने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में टीकाकरण एक प्रभावी उपाय है। मंत्रिमंडल के आज के फैसले से भारत में टीकाकरण का विस्तार होगा और स्वस्थ्य राष्ट्र बनाने में मदद मिलेगी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक देश में 18-59 आयु वर्ग के 77.10 करोड़ लोगों में से अब तक एक प्रतिशत से भी कम लोगों ने कोविड-19 की एहतियाती खुराक लगवाई है। गौरतलब है कि भारत ने 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए 10 अप्रैल से कोविड-19 की एहतियाती खुराक देने का अभियान शुरू किया था।

## पासपोर्ट लौटाने की आर्यन खान की याचिका अदालत ने की मंजूर

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की वह याचिका बुधवार को मंजूर कर ली, जिसमें उन्होंने अपना पासपोर्ट वापस करने का अनुरोध किया था। क्रूज ड्रग्स मामले में एनसीबी ने आर्यन खान को क्लीन चिट दे दी है। आर्यन ने अपनी जमानत की शर्तों के तहत अदालत के समक्ष अपना पासपोर्ट जमा कराया था। उन्हें हाई-प्रोफाइल ड्रग्स मामले में पिछले वर्ष तीन अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। जांच एजेंसी ने मई में दायर आरोप-पत्र में आर्यन का नाम आरोपी के रूप में शामिल नहीं किया था। एनसीबी ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में आर्यन खान एवं पांच अन्य को छोड़ दिया था। गत 30 जून को आर्यन ने स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम से संबंधित विशेष अदालत के समक्ष अर्जी दायर करके पासपोर्ट वापस किए जाने का अनुरोध किया था। आर्यन की याचिका पर एनसीबी ने अपने जवाब में कहा था कि उसे पासपोर्ट लौटाए जाने को लेकर आपत्ति नहीं है।



पुडुचेरी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्कूली छात्रों को नाव से ले जाते हुए पुलिसकर्मी

## केरल उच्च न्यायालय ने 13 आरएसएस कार्यकर्ताओं को बरी किया

**कोच्चि (केरल)।** केरल उच्च न्यायालय ने 2008 में तिरुवनंतपुरम में माकपा के एक कार्यकर्ता की हत्या के मामले में आरएसएस के 13 कार्यकर्ताओं को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ सबूत पेश करने में नाकाम रहा। न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति सी. जयचंद्रन की पीठ ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं को दोषी ठहराने के सत्र अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी अपील विचार के लिए मंगलवार को मंजूर कर ली। पीठ ने मंगलवार देर शाम दिए आदेश में कहा कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता साजिश, द्वेष और छल से पनप रही है जो अक्सर नफरत फैलाती है नतीजा बिना सोचे-समझे रक्तपात के रूप में सामने आ रहा है। अदालत के समक्ष घटनाक्रम पेश किए गए, उससे एक मनगढ़ंत कहानी को परिभाषित करने के लिए गवाहों को सिखा-पढ़ाने तथा सबूत एकत्रित करने की सोची-समझी कोशिश की बू आती है।

## सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, बिरला और नायडू भी दलों के साथ बैठक करेंगे

**नई दिल्ली।** ससंद के मानसून सत्र के दौरान सुचारू रूप से कामकाज संचालित करने के लिए सरकार ने रविवार की सुबह सर्वदलीय बैठक बुलाई है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को और राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू ने भी विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेताओं की बैठक रविवार को बुलाई है। सूत्रों के अनुसार, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है जिसमें सरकार संसद सत्र के दौरान सुचारू ढंग से कार्यवाही के संचालन के लिए विपक्ष से सहयोग मांगेगी और 18 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र के कामकाज के एजेंडे पर भी चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बैठक में हिस्सा ले सकते हैं जैसा उन्होंने अतीत में किया है। सूत्रों ने बताया कि बिरला ने सदन में विभिन्न दलों के नेताओं की बैठक शनिवार शाम चार बजे बुलाई है जबकि वेंकैया नायडू ने सर्वदलीय बैठक 17 जुलाई को शाम छह बजे बुलाई है। गौरतलब है कि संसद का मानसून सत्र 18 जुलाई को आरंभ होकर 12 अगस्त तक चलेगा। इसमें कुल 26 दिनों की अवधि में 18 बैठकें होंगी।

उपराष्ट्रपति के रूप में वेंकैया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त हो रहा है। संसद का यह सत्र खास रहने वाला है, क्योंकि 18 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान होना है। दूसरी ओर, उपराष्ट्रपति का चुनाव 6 अगस्त को होगा। उपराष्ट्रपति पद के लिए यदि निर्विरोध निर्वाचन नहीं हुआ तो उसी दिन मतों की गणना भी होगी। सूत्रों के मुताबिक संसद के इस सत्र के दौरान सरकार करीब एक दर्जन नए विधेयक पेश कर सकती है जबकि विपक्ष अग्निपथ योजना, बेरोजगारी व महंगाई, जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है।

## मोदी के सामने लिखा भाषण पढ़ने में अटके तेजस्वी यादव, विरोधियों ने ली चुटकी

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में एक समारोह के दौरान राजद नेता तेजस्वी यादव के अपने संबोधन में अटकने पर उनके विरोधियों ने चुटकी ली। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता अरविंद कुमार सिंह ने बुधवार को एक बयान जारी करके पटना में मंगलवार को बिहार विधानसभा परिसर में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी के संबोधन के दौरान अटकने को लेकर उन पर बिहार का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा के शताब्दी समापन समारोह में नेता प्रतिपक्ष ने अपनी अशिक्षा के कारण बिहार की फजीहत करवा दी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस राज्य के नेता प्रतिपक्ष एक लिखा हुआ भाषण भी सार्वजनिक मंच पर पढ़ नहीं सकते, तो ऐसे में वह कितने गुणवान होंगे और उनकी कार्य करने की क्षमता क्या होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर वे नेता प्रतिपक्ष को शिक्षा देने वाले गुरु को नमन करते हैं कि उन्होंने उन्हें इस उच्च कोटि की शिक्षा दी जिसके चलते वे एक पन्ना का अपना लिखा हुआ भाषण भी पढ़ नहीं सके। सिंह ने कहा कि 12 जुलाई को बिहार विधानसभा के शताब्दी समापन समारोह में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित प्रदेश के अन्य गणमान्य व्यक्ति विराजमान थे, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को जब अपना भाषण देने का अवसर मिला तो वे लिखा हुआ भाषण पढ़ नहीं सके और दो मिनट तक एक ही शब्द पर अटके रहे। मीडिया में आई अपुष्ट खबरों के अनुसार प्रधानमंत्री ने तेजस्वी को वजन कम करने की सलाह दी।

## शिवसेना ने राज्य विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष के पद के लिए दावेदारी पेश की

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सत्ता से बाहर किए जाने के बाद शिवसेना ने राज्य विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष के पद के लिए दावेदारी पेश की है। शिवसेना विधान पार्षदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने परिषद की उपाध्यक्ष नीलम गोरहे से मुलाकात की और नेता प्रतिपक्ष तथा मुख्य सचेतक के पद के लिए दावेदारी पेश की। इस प्रतिनिधिमंडल में मनीषा कायंदे, सचिन अहीर, अंबादास दानवे, विलास पोतनीस और सुनील शिंदे शामिल थे। लड़ाई राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) तथा शिवसेना के बीच है और कुछ सदस्यों के दल बदलने का संदेह है। शरद पवार नीत राकांपा के राज्य विधानमंडल के उच्च सदन में शिवसेना से केवल दो सदस्य कम है। आठ जुलाई तक 78 सदस्ईय महाराष्ट्र विधान परिषद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 24, शिवसेना के 12 और कांग्रेस तथा राकांपा के 10-10 सदस्य थे। लोक भारती, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया और राष्ट्रीय समाज के एक-एक सदस्य हैं। परिषद में चार निर्दलीय सदस्य भी हैं, जबकि 15 सीट रिक्त हैं। शिवसेना ने पार्टी में बगावत के बाद यह कदम उठाया है। शिवसेना के 55 विधायकों में से 40 ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट के साथ जाने का फैसला किया था, जिसके बाद शिंदे गुट ने भाजपा के साथ मिलकर राज्य में नई सरकार बना ली थी।

## उच्चतम न्यायालय हिजाब पर प्रतिबंध हटाने संबंधी याचिकाओं पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कर्नाटक के शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध हटाने से इनकार करने के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अगले सप्ताह सुनवाई करने के लिए बुधवार को राजी हो गया। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने वकील प्रशांत भूषण की उन दलीलों पर गौर किया कि याचिकाएं काफी पहले दायर की गई थीं, लेकिन इन्हें अभी तक सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है। भूषण ने कहा, लड़कियों की पढ़ाई छूट रही है और वे मुश्किलों का सामना कर रही हैं। पीठ ने कहा, दो पीठ अभी काम नहीं कर रही हैं। इसलिए हमें इस मामले को फिर से (किसी अन्य पीठ को) सौंपना होगा। इसे अगले सप्ताह किसी दिन उचित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। गौरतलब है कि उच्च न्यायालय ने 15 मार्च को कक्षा के भीतर हिजाब पहनने की अनुमति देने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं खारिज कर दी थी। इस फैसले के खिलाफ अपीलों की तत्काल सुनवाई के लिए 26 अप्रैल को भी मामले का विशेष उल्लेख किया गया था।

## गुजरात दंगेः पुलिस ने पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को गिरफ्तार किया

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने 2002 के साम्प्रदायिक दंगों से जुड़े एक मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को पालनपुर जेल से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि भट्ट को दंगों के संबंध में बेगुनाह लोगों को गलत तरीके से फंसाने की साजिश के एक मामले में स्थानांतरण वारंट के जरिए गिरफ्तार किया गया है। जांच एजेंसी किसी अन्य प्राथमिकी या मामले में जेल में बंद व्यक्ति को हिरासत में लेने से पहले स्थानांतरण वारंट लेती है। इसके बाद आरोपी की हिरासत जांच एजेंसी को देने के लिए वारंट को संबंधित जेल अधिकारियों के पास भेजा जाता है।

सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और गुजरात के पूर्व पुलिस महानिदेशक आर बी श्रीकुमार के बाद इस मामले में गिरफ्तार भट्ट तीसरे आरोपी हैं। वह 27 साल पुराने एक मामले में 2018 से बनासकांठा जिले की पालनपुर जेल में बंद थे। यह मामला राजस्थान के एक वकील को गलत तरीके से फंसाने से जुड़ा है। मुकदमे के दौरान पूर्व आईपीएस अधिकारी को जामनगर में हिरासत में मौत के एक मामले में उम्रकैद की सजा भी सुनाई गई। अहमदाबाद अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त चैतन्य मांडलिक ने बाद में कहा, हमने स्थानांतरण वारंट पर पालनपुर जेल से संजीव भट्ट को हिरासत में लिया और मंगलवार शाम को उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। गुजरात सरकार ने 2002 में गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद हुए दंगों से संबंधित विभिन्न मामलों में झूठे सबूत के मामले में भट्ट, श्रीकुमार और सीतलवाड़ की भूमिकाओं की जांच के लिए पिछले महीने एसआईटी का गठन किया था और इसके सदस्यों में से एक मांडलिक भी हैं। अपराध शाखा ने पिछले महीने सीतलवाड़ और श्रीकुमार को गिरफ्तार किया था और वे अभी जेल में हैं।

## रुबिया सईद अपहरण मामले में यासीन मलिक ने गवाहों से खुद जिरह करने की अनुमति मांगी

**जम्मू।** प्रतिबंधित जेकेएलएफ के सरगना यासीन मलिक ने बुधवार को यहां एक विशेष अदालत से पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबिया सईद के अपहरण से जुड़े मामले में प्रत्यक्ष रूप से पेश होने तथा गवाहों से खुद जिरह करने की अनुमति मांगी और कहा कि इसकी अनुमति न मिलने पर वह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेगा। आतंकी वित्तपोषण के एक मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा मलिक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत के समक्ष पेश हुआ। मलिक ने कहा कि उसने अदालत में प्रत्यक्ष रूप से पेश होने की अनुमति के लिए सरकार को पत्र लिखा है। अधिकारियों ने बताया कि मलिक ने अदालत को सूचित किया कि उसने गवाहों से खुद जिरह करने का भी अनुरोध किया है और यदि सरकार ने अनुरोध स्वीकार नहीं किया तो वह भूख हड़ताल पर बैठेगा।

## एफसीआरए के पोर्टल से गैर सरकारी संगठनों के कुछ खास डेटा हटाए गए

**नई दिल्ली।** गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) से जुड़े कुछ खास डेटा को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित विदेशी चंदा(नियमन) अधिनियम (एफसीआरए) की वेबसाइट से हटा दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने सरकार द्वारा पंजीकृत सैकड़ों एनजीओ के डेटा हटाए जाने के पीछे की वजह का खुलासा करने से इनकार कर दिया, लेकिन अधिकारियों ने बताया कि यह कदम इसलिए उठाया गया कि उक्त सूचना को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किए जाने की जरूरत नहीं थी। एफसीआरए की वेबसाइट का संचालन गृह मंत्रालय के विदेशी मामलों के प्रभाग द्वारा किया जाता है और पूर्व में उसके पास उन एनजीओ के बारे में विस्तृत डेटा थे, जिन्हें विदेशी चंदा प्राप्त करने की अनुमति दी गई थी और जिन एनजीओ के लाइसेंस रद्द कर दिए गए थे।

अधिकारियों ने बताया कि वैसे एनजीओ जिनके लाइसेंस की अवधि खत्म हो गई है और एनजीओ के वार्षिक रिटर्न भी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। हालांकि, अब वेबसाइट के पास इन सूचियों पर संपूर्ण डेटा है। अलग-अलग श्रेणियों में एनजीओ की पहचान करने वाली सूची हटा दी गई है और एनजीओ की वार्षिक रिटर्न की जानकारी भी नहीं प्राप्त की जा सकती है। अधिकारियों ने बताया कि जिन एनजीओ के लाइसेंस रद्द कर दिए गए और जिन एनजीओ ने वार्षिक रिटर्न दाखिल किए हैं, उनकी संख्या उपलब्ध है। एनजीओ द्वारा प्राप्त विदेशी चंदे के तिमाही खातों को भी हटा दिया गया है। यह हाल में गृह मंत्रालय द्वारा अधिसूचित एफसीआरए नियमों में किए गए बदलावों की तर्ज पर किया गया है। मंत्रालय ने एक जुलाई को एफसीआरए नियमों में सिलसिलेवार बदलाव किए थे ताकि एनजीओ पर नियमों के अनुपालन के भार को कम किया जा सके।

## भगोड़े आर्थिक अपराधियों के प्रत्यर्पण के लिए प्रक्रियाओं को तेज करने की जरूरत : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने भगोड़े आर्थिक अपराधियों का पता लगाने और उनके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया तेजी से शुरू करने पर जोर देते हुए बुधवार को कहा कि ऐसे अपराधियों की विदेशों में स्थित संपत्तियों को कुर्क करने के लिए उसे देश के कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए। ब्रिक्स देशों की भ्रष्टाचार निरोधक मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए भारत के केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने यह बात कही। उन्होंने ब्रिक्स सदस्य देशों की राष्ट्रीय एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारियों के आदान-प्रदान को बढ़ाकर धनशोधन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। ब्रिक्स पांच देशों का एक संगठन है। उन्होंने विदेशों में भ्रष्टाचार की आय के हस्तांतरण को रोकने के लिए प्रयास करने तथा वित्तीय कार्रवाई कार्य बल के धनशोधन विरोधी और आतंकवाद के वित्तपोषण संबंधी मानकों को प्रभावी ढंग से लागू करने का भी आह्वान किया।

# यूक्रेन में रूसी सेना की भारी गोलाबारी, 10 नागरिकों की मौत

एपी। कीव


रूस के कब्जे में आए यूक्रेन के टैंकों के साथ खड़े सैनिक

**यूक्रेन** के दक्षिणी शहर मायकोलैव में रूस के मिसाइल हमले में कम से कम पांच नागरिकों के मारे जाने के साथ एक दिन पहले देश भर में रूसी हमलों में करीब 10 लोगों की मौत हो गई जबकि पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों में 20 अन्य घायल हो गए। हाल के दिनों में मायकोलैव को बार-बार निशाना बनाया गया है जबकि बुधवार को जपोरिजिया शहर को भी एक बार फिर से निशाना बनाया गया। यह हमला यूक्रेन के दक्षिण में रूस के अपनी पकड़ बनाने के संकल्प को प्रदर्शित करता है। रूसी हमलों के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रूस पर आरोप लगाया है कि उसने महिलाओं और बच्चों समेत हजारों यूक्रेनी नागरिकों को जबरन रूस भेज कर युद्ध अपराध किया है। ब्लिंकन ने दावा किया कि मास्को ने ऐसा कर यूक्रेन की जनसांख्यिकी में बदलाव करने की कोशिश की है।

उन्होंने एक बयान में कहा, रूसी प्राधिकारी बंदी बनाए गए लोगों को रिहा करे। जबरन देश छोड़ने को मजबूर किए गए यूक्रेनी नागरिकों को शीघ्र और सुरक्षित स्वदेश वापस लाया जाए। ब्लिंकन ने कहा कि नौ लाख से लेकर 1.6 लाख यूक्रेनी नागरिकों को बंदी बनाया गया और रूस भेज दिया गया, जिनमें 2,60,000 बच्चे शामिल हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका और हमारे सहयोगी चुप नहीं रहेंगे। यूक्रेन और इसके नागरिक न्याय पाने के हकदार हैं। इस बीच, यूक्रेन और रूस के अधिकारियों ने युद्ध शुरू होने के बाद से पहली बार बैठक की। यूक्रेन से अनाज निर्यात करने के मुद्दे पर इस्तांबुल में उनकी वार्ता चल रही है। संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधि भी वार्ता में शामिल हैं। यूक्रेन विश्व में गेहूं, मक्का और सूरजमुखी के तेल के सबसे बड़े निर्यातकों में शामिल है।

यूक्रेन के विदेश मंत्री ने कहा कि मालवाहक जहाजों को सुरक्षा की गारंटी के बिना उनके देश के बंदरगाहों से अनाज का निर्यात बहाल नहीं होगा। दोनेत्स्क प्रशासनिक प्रमुख पावले कायरीलेंको ने कहा रूसी सेना के हमले में ज्यादातर लोगों की मौत दोनेत्स्क प्रांत में हुई। यह प्रांत उस क्षेत्र का हिस्सा है जहां रूस समर्थित अलगाववादी पिछले आठ वर्षों से विद्रोह कर रहे हैं। रूसी सैनिकों ने बाखमत शहर में भी भारी गोलाबारी की है। पड़ोसी नुहांस्क प्रांत के गवर्नर सेरहीय हैदई ने कहा कि यूक्रेनी सैनिक रूसी गोलाबारी के बीच दो गांवों पर पुन: नियंत्रण करने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। रूसी तोपखाने ने उत्तर-पूर्व यूक्रेन में भी गोले बरसाए हैं जहां के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेग सायनीहुबोव ने रूसी सैनिकों पर खारकिव में नागरिकों को आतंकित करने का आरोप लगाया है। रूसी सैनिकों के यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में बढ़ने के बीच यूक्रेनी सेना ने दक्षिण में एक शहर पर फिर से अपना नियंत्रण करने का दावा किया है। यूक्रेन की सेना ने मंगलवार को दावा किया कि उसने नोवा काखोवका में एक रूसी गोला-बारूद डिपो को नष्ट करने के लिए मिसाइल दागी। वहीं, रूस की समाचार एजेंसी तास ने कहा है कि कथित विस्फोट एक उर्वक भंडारण स्थल पर हुआ। इस बीच, अन्य घटनाक्रमों के तहत पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क में मास्को समर्थित अलगाववादी सरकार के नेता ने कहा कि आतंकवाद के मामले में दोषी करार दिए गए विदेशी लड़ाकों ने अपनी मौत की सजा के खिलाफ अपील की है। यदि स्वघोषित दोनेत्स्क पीपुल्स रिपब्लिक की अपीलीय अदालत ने अपील खारिज कर दी तो ब्रिटेन के दो नागरिकों एवं मोरक्को के एक नागरिक की मौत की सजा क्रियान्वित कर दी जाएगी। वहीं, संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने कहा है कि ज्यादातर यूक्रेनी शरणार्थी स्वदेश लौटना चाहते हैं लेकिन वे स्थिति में सुधार का इंतजार कर रहे हैं।

## मालवाहक जहाजों की सुरक्षा की गारंटी के बगैर युक्रेन से अनाज का निर्यात बहाल नहीं होगा: विदेश मंत्री

**कीव।** यूक्रेन के विदेश मंत्री ने कहा है कि मालवाहक जहाजों के लिए सुरक्षा की गारंटी के बगैर उनके देश से अनाज का निर्यात बहाल नहीं होगा। साथ ही, उन्होंने उम्मीद जताई कि इस्तांबुल में होने वाली वार्ता जहाजों की सुरक्षित आवाजाही के लिए एक समझौते को अंतिम रूप देगी। रूस और यूक्रेन के सैन्य अधिकारी बुधवार को अपनी-अपनी सरकारों की ओर से आमने-सामने बैठ कर पिछले कई महीनों में पहली बार वार्ता करने जा रहे हैं। उनके इस्तांबुल में बैठक करने की योजना है जिसमें यूक्रेन के अनाज को काला सागर होते हुए विश्व बाजार में पहुंचाने की संयुक्त राष्ट्र की अपील पर चर्चा की जाएगी। वार्ता से पहले, यूक्रेन के विदेश मंत्री दमित्रो कुलेबा ने कहा कि किसी भी समझौते से पहले यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि रूस इन गलियारों का सम्मान करेगा, रूसी सैनिक बंदरगाहों में नहीं घुसेंगे और उन पर हमले नहीं करेंगे या वे विमान या मिसाइल से बंदरगाहों पर हमले नहीं करेंगे। कुलेबा ने यह भी कहा कि यूक्रेन की सेना देश के काला सागर तट के पास स्थित शहरों को रूस के कब्जे से मुक्त कराने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों ने अपने क्षेत्र को फिर से नियंत्रण में लेने के लिए अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि शांति वार्ता शीघ्र होने की संभावना नहीं है।

## अफगानिस्तान में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण 39 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान में बेमौसम बारिश और बाढ़ के कारण नौ बच्चों समेत 39 लोगों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय के अनुसार 14 अन्य लोग घायल हुए हैं। देश के पूर्वी क्षेत्र में एक माह से भी कम समय में तीसरी बार अचानक बाढ़ आई है। इससे पहले जून में दो दिन के दौरान भारी बारिश के कारण 19 लोगों की मौत हो गई थी और 131 अन्य घायल हो गए थे। पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहार और नूरिस्तान में लगभग 500 परिवार प्रभावित हुए हैं और लगभग 800 हेक्टयर कृषि भूमि बर्बाद हो गई है।

## पाकिस्तान में मुठभेड़ में चार आतंकवादी ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तरी वजीरिस्तान कबायली जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम चार आतंकवादी मारे गए। सेना के मीडिया प्रभाग इंटर-सर्विसेज़ पब्लिक रिलेशन्स (आईएसपीआर) की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई है। मुठभेड़ अफगानिस्तान सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान के दताखे़ल इलाके में हुई। आईएसपीआर के बयान में कहा गया है कि मुठभेड़ के दौरान चार आतंकवादी मारे गए। सुरक्षा बलों ने उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद किया है। बयान के अनुसार, आतंकवादी क्षेत्र में सुरक्षा बलों के खिलाफ विघटनकारी गतिविधियों में शामिल रहे थे।

## चीन नियंत्रित द्वीपों के पास अमेरिका ने भेजा पोत

**बीजिंग।** अमेरिकी नौसेना ने बुधवार को दक्षिण चीन सागर में चीन-नियंत्रित द्वीपों के पास एक विध्वंसक पोत भेजा जिसे वाशिंगटन ने रणनीतिक समुद्री मार्ग के माध्यम से नौवहन की स्वतंत्रता को रेखांकित करने वाला गश्ती अभियान कहा। विध्वंसक पोत यूएसएस बेनफोल्ड ने पैरासेल द्वीप समूह को पार किया और उसके बाद दक्षिण चीन सागर में इसका परिचालन जारी रहा। अमेरिकी नौसेना के 17वें बेड़े ने एक विज्ञप्ति में कहा, अभियान ने समुद्र में अधिकारों, स्वतंत्रता और कानूनी उपयोग को बरकरार रखा। चीनी रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर कर्नल तियान जुनली के हवाले से कहा गया कि क्षेत्र से बेनफोल्ड के गुजरने पर चीन की दक्षिणी थिएटर कमान ने इसकी गतिविधियों पर नजर रखी और इसे वहां से जाने को कहा। मंत्रालय ने कहा, सैन्य क्षेत्र में हमारे सैनिक दक्षिण चीन सागर में राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा, शांति और स्थिरता की रक्षा के लिए हर समय चौकस रहते हैं।

## अपर्णा सेन, नंदिता दास ने लंदन भारतीय फिल्मोत्सव में आइकॉन पुरस्कार जीता

**लंदन (भाषा)।** फिल्मकार अपर्णा सेन और नंदिता दास को भारतीय और वैश्विक सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए इस साल के लंदन भारतीय फिल्मोत्सव (एलआईएफएफ) में आइकॉन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। लंदन, बर्मिंघम, मैनचेस्टर और लीड्स शहरों में दो सप्ताह चला फिल्मोत्सव पिछले सप्ताह संपन्न हुआ और इस दौरान परिचर्चा सत्र, सिनेमा चर्चा और एक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। सेन ने कहा, एलआईएफएफ से आइकॉन पुरस्कार प्राप्त करना बेहद सम्मान और खुशी की बात है। उन्होंने कहा, व्यावसायिक समझौते के बिना 40 वर्षों तक अपनी शर्तों पर फिल्में बनाना अक्सर बिना फायदे वाला काम लगता है।

## ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पार्टी नेतृत्व की दौड़ के पहले दौर में ऋषि सुनक को मिली जीत

भाषा। लंदन

**पूर्व चांसलर** ऋषि सुनक ने बुधवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद की दौड़ में कंजर्वेटिव पार्टी के सांसदों के पहले दौर के मतदान में सर्वाधिक 88 मतों के साथ बढ़त बना ली। इसके साथ ही इस दौड़ में अब आठ उम्मीदवारों की जगह छह उम्मीदवार रह गए हैं। सुनक के बाद वाणिज्य मंत्री पेनी मोर्डेंट ने 67 और विदेश मंत्री लिज ट्रस ने 50 वोट हासिल किए। पूर्व मंत्री केमी बडेनोच को 40 और बैकबेंचर टॉम तुगेंदत को 37 वोट मिले। वहीं अटॉर्नी जनरल सुएला ब्रैवरमैन के खाते में 32 वोट आए। इस बीच, वर्तमान चांसलर नादिम जाहावी और पूर्व कैबिनेट मंत्री जेरेमी हंट पहले दौर के मतदान के बाद नेतृत्व की दौड़ से हट गए हैं। वे लोग अगले चरण में जगह बनाने के लिए आवश्यक 30 वोट हासिल करने में विफल रहे। उन्हें क्रमश: 25 और 18 वोट मिले। हालांकि सुनक ने अपने टोरी संसदीय सहयोगियों के बीच एक स्थिर बढ़त बनाए रखी है, लेकिन कंजर्वेटिव पार्टी की सदस्यता का आधार पेनी मोर्डेंट के पक्ष में दिखाई देता है। बताते चलें कि सुनक ने पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री पद के लिए अपना दावा पेश करते हुए एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि किस तरह 1960 के दशक में अफ्रीका के ग्रामीण इलाके में रहने वाली भारतीय मूल की उनकी नानी सृक्षा तंजानिया के रास्ते ब्रिटेन आई थीं। सुनक ने वीडियो में कहा, वह युवा महिला ब्रिटेन आई, यहां उसे नौकरी मिल गई, लेकिन अपने पति और संतान को यहां लाने का इंतजाम करने के लिए उन्हें एक साल तक पैसे जोड़ने पड़े।

## सिंगापुर आतंकी हमले के लिए आकर्षक लक्ष्य, लोग सतर्क रहें: सरकार

**सिंगापुर (भाषा)।** सिंगापुर की सरकार ने बुधवार को नागरिकों से सतर्क रहने का आग्रह करते हुए कहा कि उसके देश पर आतंकवादी हमला होने का खतरा है। सरकार के मुताबिक, सिंगापुर विदेशी आतंकवादी समूह और कट्टरपंथी व्यक्तियों के लिए आकर्षक लक्ष्य है। अपनी वार्षिक आतंकवाद खतरा आकलन रिपोर्ट को जारी करते हुए आंतरिक सुरक्षा विभाग ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद विदेशी आतंकवादी संघर्ष के नए क्षेत्र और केंद्र बना सकते हैं। रिपोर्ट में नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे सतर्क रहें, क्योंकि कोविड को लेकर लगाई गईं यात्रा संबंधी पाबंदियों में रियायत देने के बाद आतंकवादी अपनी गतिविधियों को बढ़ा सकते हैं जिससे सिंगापुर पर आतंकी हमले का खतरा है।

## कोलंबो में अमेरिकी दूतावास दो दिनों के लिए बंद

**कोलंबो।** कोलंबो में अमेरिकी दूतावास ने श्रीलंका में गहराते राजनीतिक और आर्थिक संकट के बीच अगले दो दिनों के लिए ऐहतियात के तौर पर अपनी दूतावास संबंधी सेवाएं बुधवार को बंद कर दीं। दूतावास ने ट्वीट किया, ऐहतियात के तौर पर दूतावास बुधवार को दोपहर की हमारी सेवाओं (अमेरिकी नागरिक सेवाएं और एनआईवी पासबैक) के साथ ही बृहस्पतिवार को सभी दूतावास संबंधी सेवाएं रद्द कर रहा है। उसने कहा, हम किसी भी असुविधा के लिए खेद जताते हैं और रद्द किए गए सभी कामकाज को पुन: नियोजित करेंगे। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे देश की अर्थव्यवस्था को न संभाल पाने के कारण अपने और अपने परिवार के खिलाफ बढ़ते जन आक्रोश के बीच बुधवार को सेना के एक विमान से देश छोड़कर मालदीव चले गए।

## आई2यू2 में बाजी पलटने वाली साबित हो सकती है भारत की भागीदारी: पूर्व इजराइली एनएसए

भाषा। यरूशलम

**इजराइल** के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) ने बृहस्पतिवार को होने जा रही आई2यू2 समूह की पहली उच्च स्तरीय बैठक से पूर्व कहा कि इस समूह का गठन एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है, जिसमें भारत की भागीदारी बाजी पलटने वाली साबित हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल माध्यम से इस बैठक में शिरकत करेंगे। आई2यू2 समूह में भारत, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अमेरिका शामिल हैं। चारों देशों की पहल के बाद अक्टूबर 2021 में इसका गठन हुआ था। इजराइल के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मेजर जनरल याकोव एमिडरोर ने पीटीआई-भाषा से कहा, भारत नए देशों को इसमें शामिल करके अब्राहम समझौतों के दायरे को बढ़ाने में भी मदद कर सकता है। उन्होंने कहा, भारत के पास यह कहकर अन्य देशों को समझाने की क्षमता है कि यह दुनिया के हित में है।

आई2यू2 समूह की बैठक में खाद्य सुरक्षा संकट और अन्य मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। इजराइल के प्रधानमंत्री यायर लापिड और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन बृहस्पतिवार को यरूशलम में इस बैठक में हिस्सा लेंगे। जबकि प्रधानमंत्री मोदी और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद डिजिटल माध्यम से इसमें शिरकत करेंगे। मंगलवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि बैठक की शुरुआत में नेताओं की टिप्पणियों का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

## सेंसेक्स 372 अंक टूटा, निफ्टी 16,000 अंक से फिसला

भाषा। मुंबई

**स्थानीय** शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती लाभ को गंवाकर लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में नुकसान के साथ बंद हुए। तेल एवं गैस, बैंकिंग और आईटी शेयरों में बिकवाली से मानक सूचकांक सेंसेक्स 372 अंक और टूट गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 372.46 अंक यानी 0.69 प्रतिशत गिरकर 53,514.15 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 91.65 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 15,966.65 अंक पर आ गया। सेंसेक्स कारोबार की शुरुआत में मजबूती पर खुला और दिन चढ़ने के साथ यह 54,211.22 अंक की ऊंचाई तक पहुंच गया। लेकिन यह अपनी बढ़त को कायम नहीं रख पाया और यूरोपीय बाजारों के नरम पड़ने से 750 अंक तक लुढ़क गया। अंत में यह 53,514.15 अंक पर बंद हुआ।

यह शेयर बाजारों की गिरावट का लगातार तीसरा दिन रहा। बीते तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 967 अंक यानी 1.7 प्रतिशत तक गिर चुका है जबकि निफ्टी में 254 अंक की गिरावट आई है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू अर्थव्यवस्था के मजबूत वृहद आंकड़ों और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भारतीय सूचकांक बढ़त के साथ खुले थे लेकिन यूरोपीय बाजारों के नकारात्मक रुख ने इनकी तेजी को रोक दिया। अमेरिका के मुद्रास्फीति के आंकड़े आने से पहले वैश्विक बाजारों में बिकवाली का जोर रहा। एक दिन पहले आए आर्थिक आंकड़ों के मुताबिक, मई में औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई और जून में खुदरा मुद्रास्फीति में भी हल्की गिरावट देखी गई है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, टाइटन और एचसीएल टेक्नोलॉजीज सर्वाधिक नुकसान में रहीं। इंडसइंड बैंक में सर्वाधिक 3.42 प्रतिशत की गिरावट रही। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी और नेस्ले लाभ के साथ बंद हुईं। हिंदुस्तान यूनिलीवर का शेयर 1.97 प्रतिशत तक टूट गया। हालांकि, व्यापक बाजार रुख के बीच बीएसई मिडकैप 0.32 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि स्मॉलकैप में 0.04 प्रतिशत की तेजी रही। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि बिकवाली का जोर रहने से बाजारों ने दबाव में कारोबार किया और उन्हें आधा प्रतिशत से अधिक नुकसान झेलना पड़ा। एशिया के बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद हुए जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में हल्की गिरावट दर्ज हुई। यूरोप के बाजारों में दोपहर के सत्र में गिरावट रही। अमेरिकी बाजार भी मंगलवार को सुस्त रहे।

## केंद्र सरकार ने राज्यों के बजट से इतर लिए गए कर्ज के समायोजन को नियमों में ढील दी

● अगले चार साल में राज्यों की कर्ज सीमा में समायोजित किया जाएगा

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र** ने राज्यों के बजट से इतर (ऑफ बजट) लिए गए कर्ज के समायोजन को लेकर नियमों में ढील दी है। इसके तहत पिछले वित्त वर्ष की इस प्रकार की देनदारी को अगले चार साल यानी मार्च, 2026 तक उनकी कर्ज सीमा में समायोजित किया जा सकता है। इस कदम से राज्यों के पास संसाधनों की उपलब्धता बढ़ेगी और वे चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण में उसका उपयोग कर सकेंगे। केंद्र ने राज्यों के वित्त में पारदर्शिता लाने के लिए मार्च में उन्हें सूचित किया था कि बजट से इतर कर्ज को राज्यों के अपने ऋण के बराबर किया जाना है। वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 में सरकारों द्वारा जुटाए गए ऐसे किसी भी कोष को कर्ज सीमा के बाहर समायोजित करने की आवश्यकता होगी। ऑफ बजट उधारी से आशय ऐसे ऋण से है जो राज्य सरकार की इकाइयां, विशेष उद्देश्ईय इकाई आदि लेती हैं। इसमें मूल राशि और ब्याज का भुगतान कर्ज लेने वाली इकाइयों को प्राप्त होने वाले राजस्व के बजाय राज्य सरकार के अपने बजट से किया जाता है। इस प्रकार का कर्ज राज्यों के लिए वित्त वर्ष में निर्धारित शुद्ध ऋण सीमा से बाहर होता है। यह कर्ज सरकारी स्वामित्व वाली इकाइयां या सांविधिक निकाय लेते हैं, अत: यह राज्य के बजट से इतर होता है। लेकिन कर्ज लौटाने की जिम्मेदारी राज्यों की होती है और ऐसे में उनके राजस्व तथा राजकोषीय घाटे पर प्रतिकूल असर पड़ता है।

ऐसे कर्ज की मात्रा के कारण चालू वित्त वर्ष में कई राज्यों को कर्ज सीमा को लेकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसको देखते हुए वित्त मंत्रालय ने नियमों में ढील दी है। मंत्रालय ने कहा कि राज्यों द्वारा 2020-21 तक बजट से इतर लिए गए कर्ज का समायोजन नहीं हो सकता। केवल 2021-22 में लिए गए कर्ज का चार साल यानी मार्च, 2026 तक समायोजन हो सकता है। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले व्यय विभाग ने कहा, कुछ राज्यों के बजट से इतर लिए गए कर्ज की मात्रा और राज्यों की तरफ से जताई गई समस्याओं को देखते हुए यह निर्णय किया गया है कि 2020-21 तक लिए गए बजट से इतर कर्ज का समायोजन नहीं हो सकता। केवल वित्त वर्ष 2021-22 में लिए गए इस प्रकार के ऋण का समायोजन चार साल (2022-23 से 2025-26) तक हो सकता है। नियमों के तहत राज्य सरकारों को वित्त वर्ष के लिए तय कर्ज सीमा से ऊपर उधारी को लेकर केंद्र की मंजूरी की जरूरत होती है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दो साल में कई राज्यों ने अपने पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण के लिए बजट से इतर कर्ज का सहारा लिया है और इसके माध्यम से कोविड-19 के कारण उत्पन्न आर्थिक नरमी के प्रभाव को कम किया। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री डी के पंत ने कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 में लिए गए बजट से अलग कर्ज को यदि समायोजित कर दिया जाता, तो कुछ राज्यों को संसाधनों की भारी कमी से जूझना पड़ता। पंत ने कहा, जिन मामलों में राज्य के बजट से मूल राशि और ब्याज लौटाया गया है, उनमें बजट से अलग लिए गए कर्ज के समायोजन को टाले जाने का निर्णय अच्छा है। इससे राज्यों को अपने विकास एजेंडा को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी...।

## ट्विटर ने किया मस्क पर मुकदमा

**सेन फ्रांसिस्को।** सोशल मीडिया मंच ट्विटर ने कहा कि उसने अरबपति उद्योगपति एलन मस्क पर 44 अरब डॉलर में कंपनी का अधिग्रहण पूरा करने का दबाव बनाने की खातिर मुकदमा किया है। मस्क ने फर्जी खातों की सही जानकारी नहीं देने का आरोप लगाते हुए ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदने के समझौते को रद्द करने की घोषणा की थी। वहीं, दूसरी ओर ट्विटर ने कहा था कि वह इस सौदे को बरकरार रखने के लिए टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मस्क पर मुकदमा करेगी। ट्विटर के निदेशक मंडल के अध्यक्ष ब्रेट टेलर ने मंगलवार को ट्वीट करके बताया कि एलन मस्क को उनके अनुबंध दायित्वों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए डेलावेयर कोर्ट ऑफ चांसरी में मुकदमा दायर किया गया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि मस्क ने ट्विटर और उसके शेयरधारकों के प्रति दायित्वों का सम्मान नहीं किया क्योंकि जिस अनुबंध पर उन्होंने हस्ताक्षर किए थे उससे उनके निजी हित अब सध नहीं रहे थे।

## पुराने पड़ चुके चाय, कॉफी, मसाला कानूनों को निरस्त करने का उद्देश्य छोटे किसानों की मदद करना : गोयल

भाषा। नई दिल्ली



**वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि चाय, कॉफी, मसाला और रबड़ से जुड़े पुराने कानूनों को निरस्त करने तथा नए विधेयक लाने का मकसद कारोबार सुगमता को बढ़ाना तथा छोटे किसानों की मदद करना है। वाणिज्य मंत्रालय ने मसाला (संवर्धन और विकास) विधेयक, 2022, रबड़ (संवर्धन और विकास) विधेयक, 2022, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक, 2022 और चाय (संवर्धन और विकास) विधेयक, 2022 पर संबंधित पक्षों के साथ विचार-विमर्श किया है। इसका उद्देश्य नए विधेयकों को लेकर उनकी चिंताओं को दूर करना था। वाणिज्य विभाग ने कहा कि वह चाय अधिनियम 1953, मसाला बोर्ड अधिनियम 1986, रबड़ अधिनियम 1947 और कॉफी अधिनियम 1942 को निरस्त करने का प्रस्ताव कर रहा है।

नए कानून लाने के उद्देश्य के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने पीटीआई-भाषा से कहा, ए बहुत पुराने कानून हैं। नए कानून बनाने के पीछे सोच उन्हें सरल और कारोबार के लिहाज से सुगम बनाना है। साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि कॉफी और चाय क्षेत्र से जुड़े लोगों को अधिक अनुपालन बोझ का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा, हमारा विभिन्न पक्षों के साथ विचार-विमर्श अच्छा रहा है और हम उन्हें इसको लेकर संतुष्ट करने में सफल रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या इन विधेयकों को संसद के मानसून सत्र में पेश किया जा सकता है, गोयल ने कहा कि इस बारे में अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। नए कानून के मसौदों को वाणिज्य मंत्रालय की वेबसाइट पर डाला गया है। मंत्रालय का कहना है कि नए कानून मौजूदा वास्तविकताओं और उद्देश्यों को प्रतिबिंबित करेंगे।

## ईंधन में एथनॉल मिश्रण को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण: रामेश्वर तेली

**शिलांग।** केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली ने कहा है कि देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए ईंधन मे एथनॉल मिश्रण को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे ईंधन के आयात को कम करने मे मदद मिलेगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री तेली ने कहा कि मेघालय और पूर्वोत्तर के अन्य राज्यो मे तेल और प्राकृतिक गैस का अन्वेषण जल्द शुरू होगा और केंद्र सरकार ऊर्जा आवश्यकताओ के मामले मे देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस पर ध्यान दे रही है। उन्होने कहा कि पेट्रोल मे 10 फीसदी एथनॉल मिश्रण के लक्ष्य को लेकर काम सही दिशा मे बढ़ रहा है। मंत्री ने शिलांग मे एक कार्यक्रम मे कहा, देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए ईंधन मे एथनॉल मिश्रण को बढ़ाना आवश्यक है और इससे ईंधन आयात को कम करने मे भी मदद मिलेगी।

## बिहार के दो जिलों में खेतों, फसलों में माइक्रोप्लास्टिक मिलने से बढ़ी चिंताएं

भाषा। पटना

**बिहार** के दो जिलों में खेतों एवं फसलों में माइक्रो-प्लास्टिक की मौजूदगी मिलने से पर्यावरणविदों की चिंताएं बढ़ गई हैं क्योंकि इनकी मौजूदगी कई बीमारियों को जन्म दे सकती है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (बीएसपीसीबी) के अध्यक्ष अशोक कुमार घोष ने पीटीआई-भाषा से कहा कि हाल के अध्ययनों से बिहार के दो जिलों- भागलपुर और बक्सर में खेतों के साथ-साथ फसलों में माइक्रोप्लास्टिक की उपस्थिति का पता चला है। यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन दोनों जिलों में कृषि भूमि में माइक्रोप्लास्टिक की उपस्थिति का आकलन करने के लिए एक अध्ययन किया जाएगा।

माइक्रोप्लास्टिक 5 मिलीमीटर से कम व्यास की प्लास्टिक सामग्री हैं जिन्हें पर्यावरण में प्लास्टिक प्रदूषण का एक प्रमुख स्रोत माना जाता है। पर्यावरण में जमा होने वाले प्लास्टिक कचडे को भौतिक, रासायनिक या जैविक क्रिया के तहत छोटे टुकड़ों और कणों में तोड़ दिया जाता है और धीरे-धीरे माइक्रोप्लास्टिक का निर्माण होता है। घोष ने कहा कि प्लास्टिक के व्यापक उपयोग के कारण माइक्रोप्लास्टिक एक वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दा बन गया है। प्लास्टिक मल्चिंग, सीवेज सिंचाई एवं उर्वरक कोटिंग जैसी मानवीय गतिविधियों के कारण मिट्टी माइक्रोप्लास्टिक का सबसे बड़ा भंडार बन जाती है। माइक्रोप्लास्टिक और नैनोप्लास्टिक्स विभिन्न माध्यम जैसे नल का पानी, बोतलबंद पानी, समुद्री भोजन, पेय पदार्थ, दूध, नमक, फल और सब्जियों के जरिए मनुष्यों के संपर्क में आते हैं। उन्होंने कुछ रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि माइक्रोप्लास्टिक मानव शरीर की रक्त कोशिकाओं में प्रवेश कर सकते हैं जो अंग विषाक्तता और खराब उपापचय गतिविधियों का कारण बन सकता है जिससे कैंसर रोग हो सकते हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

**श्रीमती शालू गुप्ता** पत्नी **श्री योगेश गुप्ता** की ओर से एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है, जो संपत्ति संख्या टी-249, क्षेत्रफल 1 कनाल 13 मरला (1000 वर्ग गज) आयत संख्या 47 मे शामिल है, किला नं. 3/6(1-3), 8/2/1(0-2), राजस्व संपदा आयत संख्या 47, किला नंबर 7(8-0), उक्त संपति की मालिक हैं। जो ग्राम चौमा, तहसील और जिला गुरुग्राम (हरियाणा) की में स्थित है। बिक्री विलेख 10.10.2017 के आधार पर, जो डॉक्यूमेंट संख्या 7885 के रूप, उप पंजीयक-गुड़गांव के कार्यालय में पंजीकृत है। और **उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** से वित्तीय सहायता के लिए गिरवी रखना चाहती हैं। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक नोटिस देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) को उक्त संपति के स्वामित्व या गिरवी रखने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो एतद्द्वारा 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करने एवं नीचे लिखे पते पर भेजने का अनुरोध किया जाता है।

**लुसेम लीगल एलएलपी**
**कार्यालय संख्या** 269, रामा हाउस, भूतल, मस्जिद मोठ, उदय पार्क, साउथ एक्सटेंशन II, के सामने, नई दिल्ली-110049, संपर्क # 011-40046316

**PUBLIC NOTICE**


To be known to all that **I, IQBAL SINGH S/O SH. KHUSHAL SINGH R/O FLAT NO. 200, 1st FLOOR, SFS FLATS, AHSOK VIHAR PH-IV, DELHI-110052, allottee/owner of property bearing FLAT NO. 200,1st FLOOR ALONGWITH SCOOTER GARAGE, SFS CATEGORY-II, ASHOK VIHAR PH-IV, DELHI-110052, VIDE DDA FILE NO. F-86 (42) 84/ SFS /AS/II** has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA. **All the original documents i.e. Demand Letter, allocation Letter, Possession Letter, etc.** issued by the DDA of the above flat have been lost. An FIR/NCR/LR to this effect has lodged in Police Station, Crime Branch, New Delhi, vide NCR/FIR/L.R.No.543920/2022 dated 29/06/2022. Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, June write/contact with above named person at above address/phone No. 9870572204 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H or Director (H)-1, D Block,3rd Floor,Vikas Sadan,INA,New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that Kanchan Pahuja & Sunil Pahuja are the owner of Third Floor of Property No. 329, M.C. No. 239-A/24, area measuring 110 sq. yds., situated at waka abadi 4 Marla, Gurgaon, Tehsil & Distt. Gurgaon within Hadud Nagar Nigam, Gurgaon by virtue of Sale Deed dated 17/7/17 (document no. 4420), whereas they has lost the following Documents pertain to the said property:-
Original Sale Deed dated 17.07.2017 executed by Arun Chhabra in favour of Kanchan Pahuja & Sunil Pahuja duly registered in the office of SR, Gurgaon as Doc No. 4420, Book No. 1, dated 17.07.2017 read with an FIR dated 11/6/22
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

# आदि विश्वेश्वर महादेव की जमीन पर जबरदस्ती पढ़ी जा रही नमाज

## ● ज्ञानवापी मस्जिद के मामले में लागू नहीं होता उपासना स्थल अधिनियमः हिंदू पक्ष



**भाषा।** वाराणसी

**ज्ञानवापी**-श्रृंगार गौरी मामले में वाराणसी की जिला अदालत में बुधवार को हिन्दू पक्ष ने अपनी दलीलें रखीं और दावा किया कि ज्ञानवापी मस्जिद के मामले में उपासना स्थल अधिनियम लागू नहीं होता।

हिंदू पक्ष के दलीलें रखने का सिलसिला बृहस्पतिवार को भी जारी रहेगा। शासकीय अधिवक्ता राणा संजीव सिंह ने बताया कि हिन्दू पक्ष की ओर से अधिवक्ता हरिशंकर जैन और विष्णु जैन ने दलीलें रखीं। सिंह ने बताया कि हरिशंकर जैन ने अदालत में कहा कि इस मामले में वर्ष 1991 का उपासना स्थल अधिनियम किसी भी तरीके से लागू नहीं होता। हिंदू पक्ष के वकील ने दावा किया कि मुस्लिम पक्ष जिस जमीन पर अपना दावा कर रहा है वह आदि विश्वेश्वर महादेव की है और उस पर जबरदस्ती नमाज पढ़ी जा रही है। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ताओं ने अपनी दलील में यह भी कहा कि अगर मंदिर तोड़ भी दिया गया है, तब भी अदिविश्वेश्वर की पूजा की अनुमति दी जाय। सिंह ने बताया कि बुधवार को हिन्दू पक्ष ने लगभग दो घण्टे अपनी दलील अदालत के समक्ष रखी। गौरतलब है कि राखी सिंह तथा अन्य ने ज्ञानवापी परिसर स्थित श्रृंगार गौरी में विग्रहों की सुरक्षा और नियमित पूजा पाठ के आदेश देने के आग्रह के संबंध में वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में याचिका दायर की थी जिसके आदेश पर पिछले मई माह में ज्ञानवापी परिसर की वीडियोग्राफी सर्वे कराया गया था। इस दौरान हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी मस्जिद के वजू खाने में शिवलिंग मिलने का दावा किया था। सर्वे की रिपोर्ट पिछली 19 मई को अदालत में पेश की गई थी। मुस्लिम पक्ष ने वीडियोग्राफी सर्वे पर यह कहते हुए आपत्ति की थी कि निचली अदालत का यह फैसला उपासना स्थल अधिनियम 1991 के प्रावधानों के खिलाफ है और इसी दलील के साथ उसने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था। न्यायालय ने वीडियोग्राफी सर्वे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था लेकिन मामले को जिला अदालत में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। उसके बाद से इस मामले की सुनवाई जिला अदालत में चल रही है। इस मामले की पोषणीयता पर जिला न्यायाधीश ए. के. विश्वेश की अदालत में दलीलें पेश की जा रही हैं। इसी क्रम में मुस्लिम पक्ष ने पहले दलीलें रखीं, जो मंगलवार को मुकम्मल हो गईं।



वाराणसी में बुधवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने सारनाथ में पूजा-अर्चना की

## सिख विरोधी दंगों का मामला

# कानपुर में चार और लोग गिरफ्तार

**भाषा।** कानपुर




**1984** के सिख विरोधी दंगों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने चार और आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है जो कथित रूप से उस भीड़ का हिस्सा थे जिसने हिंसा के दौरान एक घर में आग लगा दी थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कानपुर में 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में कुल 127 लोग मारे गए थे। दिल्ली में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या के बाद यहां हुई हिंसा के सिलसिले में एसआईटी अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पांच मामलों में सोमवार और मंगलवार को लगातार दो दिनों में नई गिरफ्तारियां की गईं, जिनमें से एक मामला नौबस्ता पुलिस थाने में दर्ज किया गया, और बाकी चार मामले गोविंद नगर पुलिस थाने में दर्ज किए गए। उत्तर प्रदेश सरकार ने तीन साल पहले दंगों से जुड़े मामलों की दोबारा जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। गिरफ्तार किए गए चार लोगों की पहचान राजन लाल पांडे (85), धीरेंद्र कुमार तिवारी (70), दीपक (70) और कैलाश पाल (70) के तौर पर हुई है जो क्रमशः नौबस्ता, किदवई नगर, बर्रा और गोविंद नगर के रहने वाले हैं। एसआईटी का नेतृत्व कर रहे पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) बालेंदु भूषण सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तीन आरोपियों को नौबस्ता थाने में दर्ज मामले के संबंध में गिरफ्तार किया गया था जबकि कैलाश पाल की गिरफ्तारी गोविंद नगर पुलिस थाने में दर्ज चार मामलों में की गई। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 396 (डकैती के साथ हत्या) और 436 (घर को नष्ट करने के इरादे से आग या विस्फोटक पदार्थ से शरारत) के तहत मामला दर्ज किया गया है।उन्होंने बताया 11 अन्य लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं, जिनकी पहचान पुलिस ने कर ली है, लेकिन फिलहाल फरार हैं। डीआईजी ने कहा कि नौबस्ता और गोविंद नगर पुलिस के समक्ष दर्ज दो अलग-अलग प्राथमिकी में उनके नाम हैं।

आरोपियों के खिलाफ कार्वाई 15 जून को शुरू हुई थी जब एसआईटी ने घाटमपुर से चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था, उसके बाद 21 जून को दो और गिरफ्तारियां हुईं। अभी 20 दिन पहले, एसआईटी ने पांच लोगों को भी पकड़ा था। एसआईटी ने 6 जुलाई को दो सगे भाइयों, योगेश शर्मा (65) और उनके छोटे भाई भरत शर्मा (60) सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया था - दोनों दाबौली, गोविंद नगर के निवासी थे। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर राज्य सरकार ने 27 मई 2019 को एसआईटी का गठन किया था। डीआईजी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि एसआईटी पिछले तीन साल से सिख विरोधी दंगों की जांच कर रही है तथा अधिक संदिग्धों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।एसआईटी ने पहले 96 लोगों की पहचान प्रमुख संदिग्धों के रूप में की थी, जिनमें से 22 की मौत हो चुकी है। अधिकारी ने कहा कि करीब दो दर्जन संदिग्धों का ब्योरा इकट्ठा किया गया और इससे एसआईटी को अब तक 19 को पकड़ने में मदद मिली है।

# तेजप्रताप यादव को मथुरा में कार से परिक्रमा करने की नहीं मिली इजाजत

**भाषा।** मथुरा



**बिहार** के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के पुत्र तेज प्रताप यादव को बुधवार को अधिकारियों ने यहां कार से गिरिराज महाराज मंदिर की परिक्रमा करने की इजाजत नहीं दी। बिहार के पूर्व कैबिनेट मंत्री मंगलवार को अपने पिता की अच्छी सेहत की कामना लेकर गोवर्धन पहुंचे थे। वह कार से ही सप्तकोसीय परिक्रमा लगाना चाहते थे लेकिन अनुमति न मिलने पर उन्हें लौटना पड़ा। अधिकारियों ने मुड़िया पूर्णिमा के चलते भारी भीड़ का हवाला देते हुए यादव के कार में परिसर में प्रवेश करने और परिक्रमा करने के अनुरोध को अस्वीकार करने का कारण बताया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अक्सर मथुरा व वृंदावन आने वाले तेज प्रताप मंगलवार को यहां पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनकी कार को एक बैरियर पर रोका गया और वहां तैनात पुलिस कर्मियों ने यादव को सूचित किया कि वाहनों का प्रवेश सख्त वर्जित है। तेज प्रताप इससे कथित तौर पर नाराज हो गए और उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड कर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा उन्हें रोका जा रहा है। बाद में वह गाड़ी के साथ प्रवेश के लिए औपचारिक अनुमति लेने पास के एक पुलिस थाने पहुंचे लेकिन थानाध्यक्ष ने उनके इस अनुरोध को ठुकरा दिया। गोवर्धन के पुलिस उपाधीक्षक गौरव त्रिपाठी ने बताया, मुड़िया पूर्णिमा पर भारी भीड़ के मद्देनजर गिरिराज महाराज की परिक्रमा लगाना तो क्या, शहर में ही गाड़ी प्रवेश करने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ है। केवल ड्यूटी कर रहे अधिकारियों व आपातकालीन सेवाओं में लगी गाड़ियां ही शहर में प्रवेश करने के लिए प्रतिबंध से बाहर रखी गई हैं।

त्रिपाठी ने कहा, जो भी परिक्रमा या मंदिर में दर्शन करना चाहता है वह पैदल जाकर ऐसा कर सकता है। लेकिन वाहन अंदर लेकर जाने की इजाजत नहीं है।

# वृद्ध दंपत्ति की घर में घुसकर हत्या

**गोंडा।** जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेलभरिया गांव में बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या कर दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बुधवार को बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेलभरिया गांव निवासी जाकिर मोहम्मद (75) और उनकी पत्नी ननका (70) की गांव के बाहर बने घर में मंगलवार रात सोते समय हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि अनुमान है कि हत्यारों ने किसी वजनदार हथियार से उनके सिर पर प्रहार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया।परिजनों को सुबह घटना की जानकारी मिली।

सूचना पाकर एएसपी के अलावा क्षेत्राधिकारी सदर विनय कुमार सिंह व थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। एएसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया पूछताछ में आपसी रंजिश का मामला सामने आ रहा है। श्वान दल और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित कर रही हैं। पीडि़त परिवार की तरफ से तहरीर मिलते ही अभियोग दर्ज कर नियमानुसार कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शवों का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

**छह साल की बच्ची का शव बरामदः** फतेहपुर। फतेहपुर जिले के कल्यानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार सुबह लापता हुई छह साल की बच्ची का शव मिला है। फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि कल्यानपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के रहने वाले जितेंद्र की छह वर्षीय बेटी कक्षा दो में पढ़ती थी और मंगलवार सुबह दस बजे वह स्कूल के लिए निकली थी। उन्होंने बताया कि जब बच्ची वापस घर नहीं आई तो परिजन ने स्कूल में पता किया जहां उन्हें पता चला कि वह तो स्कूल ही नहीं आई थी। एसपी ने बताया कि घटना कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची की तलाश शुरू की तो देर रात गांव के किनारे एक बाग में बनी कोठरी के अंदर बोरे में बच्ची का शव मिला और उसके सिर पर चोट के निशान थे। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई, सिर में गंभीर चोट होने से मौत की बात सामने आई है। सिंह ने बताया कि चार संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# अब हर घर फहरेगा तिरंगा

## ● 11 से 17 अगस्त तक चलेगा अभियान



**बांदा।** स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम देश भर में गरिमामय रूप से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी थ्बांदा अनुराग पटेल की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में उद्योग बन्धुओंध्व्यापार मण्डल के सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न हुईए जिसके अन्तर्गत 11 से 17 अगस्तए 2022 के मध्य हर.घर.तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के प्रत्येक नागरिक को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झण्डा फ्हराने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जाग्रत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार चाह रही है कि 11 से 17 अगस्त के मध्य हर.घर में तिरंगा फ्हराया जाएए जिससे हर.घर एक दुल्हन की तरह नजर आए। उन्होंने जनपद वासियों से अपेक्षा किया कि आजादी का 75वां अमृत महोत्सव पूरे श्रृद्धाए सम्मान एवं मनोभाव से मनाया जाए। इस दौरान नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफ्राई अभियान चलाया जाए तथा सात दिन लाइटिंग की व्यवस्था भी करायी जाए। उन्होंने कहा कि जनता/ लाभार्थी/एनजीओ/ क्लबध्व्यापार मण्डलध्उद्योग सभी झण्डों की व्यवस्था करायेंगे। 15 अगस्त के दिन प्रत्येक सरकारी कार्यालयों आदि पर खादी का झण्डा फ्हराया जायेगा। इस मौके पर कोई भी विद्यालयध्मार्केटध्ऑफ्सि बन्द नही रहेगा। स्कूल में सभी छात्र यूनिफ्ार्म में आयेंगे तथा प्रत्येक विद्यालय के छात्र वेश.भूषा में परेड भी करेंगे तथा विजयी विश्व तिरंगा प्याराए राष्ट्रगान का गायन करेंगे झण्डा निर्माण हेतु विकास खण्डों में निर्धारित लक्ष्य कुल 1 लाख तय किया गया हैए जिसमें एनआरएल एम एवं अन्य विभाग के द्वारा झण्डों के निर्माण की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा कि झण्डों के निर्माण का कार्य शत.प्रतिशत समय से 31 जुलाई तक हर हाल में पूर्ण कर समस्त घरोंए दुकानोंए प्रतिष्ठानोंए शैक्षिक संस्थानोंए सरकारीध्गैर सरकारी कार्यालय में उपलब्ध करा दिया जाए।

## आरेडिका में कैरियर काउंसिलिंग व ओरियंटेशन कार्यक्रम



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाए रायबरेली में महिला कल्याण संगठन द्वारा दिनांक 13ण्07ण्2022 को सरस्वती ऑडिटोरियम में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती हरविंदर कलसी के नेतृत्व में द्वीप प्रज्वलित कर कैरियर काउंसलिंग एवं ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय विधालय के लगभग 300 विधार्थियोंए अध्यापकोंए अध्यापिकाओं और महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों को लखनऊ से आयीं अतिथि वक्ता एवं कैरियर काउंसलर श्रीमती पायलए श्रीमती सपना और श्रीमती श्रुति ने कैरियर के संबंध में व्याख्यान दिया और किशोरावस्था के काल में बच्चों के मानसिक विकास के संबंध में समझाया।कैरियर काउंसलर श्रीमती पायल ने बच्चों को बताया किए अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार अपने कैरियर का चुनाव करेए जिसमें वह बहुत अच्छा कर सकते हैंए किसी को देख कर अपने कैरियर का चुनाव न करें। इसी कड़ी में आगे कैरियर काउंसलर श्रीमती श्रुति ने बच्चों को नये क्षेत्रों में विकसित हो रहे अवसरों जैसे गेम डिजाइनरए रोबोटिक्सए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसए ब्लॉक चेन तकनीकी आदि में भी कैरियर चुनने की सलाह दीए। उल्लेखनीय है कि महिला कल्याण संगठन के द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन जन जागरूकता के लिए किया जाता है। जिससे बच्चों को आजकल की तेजी से बदलती तकनीक और तेज गति से बदलते रोजगार के क्षेत्रों और अवसरों के बारे में सजग किया जा सके। इस अवसर पर आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्या विजया श्रीवास्तवए बिन्दू मौर्याए अनुपमा कपूरए सुषमा पाण्डेयए बीना तिवारी और साक्षी जेन्यू जनेस आदि मौजूद रहीं।



मिर्जापुर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ब्रह्मर्षि देवराहा बाबा आश्रम में साधु से आशीर्वाद लेते श्रद्धालु

# बलरामपुर में युवक से अभद्रता का आरोपी दारोगा हुआ निलंबित

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के ललिया थाने में तैनात एक दारोगा को मोटरसाइकिल टकराने को लेकर हुए विवाद में एक युवक से दुर्व्यवहार करने और उसे अपनी सरकारी पिस्तौल से डराने के आरोप में बुधवार को निलबित कर दिया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने बताया कि ललिया थाने में तैनात दारोगा अरुण कुमार गौतम का मोहित कुमार दीक्षित नामक युवक से मंगलवार को मोटरसाइकिल टकराने को लेकर विवाद हो गया था। उन्होंने बताया कि इस दौरान गौतम ने न सिर्फ युवक के साथ दुर्व्यवहार किया बल्कि अपनी सरकारी पिस्तौल निकालकर उसके पैर पर दागने का इशारा करते हुए डराया। उन्होंने बताया कि किसी ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया जो वायरल हो गया, जिसके बाद यह मामला प्रकाश में आया। उन्होंने बताया कि प्रकरण की जांच कराई गई तो मामला सही पाया गया। श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले में आरोपी दारोगा को निलंबित कर दिया गया है और उसके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

**सिपाही ने फांसी लगाकर की आत्महत्याः** बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के सुभाषनगर क्षेत्र में एक सिपाही ने कथित रूप से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बताया कि मुरादाबाद में यातायात पुलिस में तैनात सिपाही वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने मंगलवार देर रात बरेली के सुभाषनगर इलाके स्थित अपने घर में अपनी कमीज से फांसी लगा ली। उन्होंने बताया कि परिजन के मुताबिक सिंह का काफी समय से पत्नी से विवाद चल रहा था। उन्होंने बताया कि इसकी वजह से वह अवसाद में था और लगातार शराब का सेवन भी कर रहा था। उन्होंने बताया कि उसकी पत्नी करीब दो साल से अपने मायके में रह रही है।

**बुलंदशहर में दो वाहनों में आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत, 22 घायलः**बुलंदशहर।बुलंदशहर-अनूपशहर मार्ग पर बुधवार को एक एसयूवी व पिक-अप ट्रक में हुई आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 22 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर जिलाधिकारी (एडीएम) वी के गुप्ता ने बताया, बुलंदशहर-अनूपशहर मार्ग पर आज सुबह एक एसयूवी समेत दो वाहनों की टक्कर हो गई। इस हादसे में एसयूवी सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि 22 अन्य घायल हो गए।

# बुमराह फिर बने नंबर वन एकदिवसीय गेंदबाज

**आईसीसी रैंकिंग**

**भाषा।** दुबई



**तेज** गेंदबाज जसप्रीत बुमराह द ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 19 रन पर छह विकेट चटकाकर करियर का सर्वश्रेष्ठ करते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी नवीनतम एकदिवसीय पुरुष खिलाड़ी रैंकिंग में एक बार फिर नंबर एक गेंदबाज बन गए।

बुमराह ने फरवरी 2020 में नंबर एक रैंकिंग न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट को गंवा दी थी जबकि इससे पहले दो साल तक वह अधिकांश समय शीर्ष पर थे। वह कुल 730 दिन नंबर एक गेंदबाज रहे जो किसी भी अन्य भारतीय गेंदबाज से अधिक है। वह इतिहास में सबसे अधिक समय तक शीर्ष पर रहने वाले गेंदबाजों की सूची में नौवें स्थान पर हैं। अतीत में टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी शीर्ष पर रह चुके और अभी टेस्ट रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर मौजूद बुमराह पूर्व कप्तान कपिल देव के बाद एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय तेज गेंदबाज हैं। भारतीय स्पिनरों में मनिंदर सिंह, अनिल कुंबले और रविंद्र जडेजा शीर्ष रैंकिंग हासिल कर चुके हैं। इंग्लैंड को 25.2 ओवर में 110 रन पर समेटने के दौरान 31 रन देकर तीन विकेट चटकाकर बुमराह का अच्छा साथ निभाने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी तीन स्थान के फायदे से टीम के साथी भुवनेश्वर कुमार के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 23वें स्थान पर हैं।

बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चौथे स्थान पर बरकरार हैं लेकिन उनके और तीसरे स्थान पर मौजूद कोहली के बीच अब सिर्फ एक रेटिंग अंक का अंतर है। रोहित ने पहले वनडे में नाबाद 76 रन बनाए जिससे भारत ने सिर्फ 18.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। नाबाद 31 रन की पारी खेलने वाले भारत के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन एक स्थान आगे बढ़कर 12वें पायदान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर अपनी टीम की पारी में सर्वाधिक 30 रन बनाने के बाद एक स्थान के फायदे से 24वें स्थान पर हैं। नवीनतम साप्ताहिक अपडेट में आयरलैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहले दो मैच, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच पहले मैच के प्रदर्शन पर भी गौर किया गया। बांग्लादेश के कप्तान तमीम इकबाल बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान के फायदे से 19वें और न्यूजीलैंड के टॉम लैथम एक स्थान आगे बढ़कर 34वें पायदान पर हैं। बांग्लादेश के स्पिनर मेहदी हसन गेंदबाजों की सूची में दो स्थान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन ने 18वें स्थान के साथ रैंकिंग में दोबारा प्रवेश किया है। आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव 44 स्थान की लंबी छलांग के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के अंतिम मैच में 117 रन की पारी खेली थी। बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के अंतिम मैच में नाबाद 74 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाने वाले वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरण पांच स्थान आगे बढ़कर आठवें स्थान पर हैं। बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 15 रन देकर तीन विकेट चटकाने वाले भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार सात स्थान की छलांग लगाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल दो स्थान के फायदे से 19वें, हर्षल पटेल 10 स्थान के फायदे से 23वें और बुमराह छह स्थान के फायदे से 27वें स्थान पर हैं।

## आईसीसी एकदिवसीय टीम रैंकिंग में पाकिस्तान को पछाड़कर भारत तीसरे स्थान पर

**भाषा।** दुबई

**इंग्लैंड** के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में एकतरफा जीत के साथ भारत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी नवीनतम टीम रैंकिंग में पाकिस्तान को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गया। भारत 105 अंकों के साथ चौथे स्थान पर था लेकिन मंगलवार को 10 विकेट की जीत के साथ उसके 108 रेटिंग अंक हो गए हैं। पाकिस्तान 106 अंक के साथ चौथे स्थान पर खिसक गया है। न्यूजीलैंड 126 अंक के साथ शीर्ष पर चल रहा है जबकि इंग्लैंड 122 अंक के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है। पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्लीनस्वीप के साथ पाकिस्तान भारत को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचा था। श्रीलंका के खिलाफ आस्ट्रेलिया के एकदिवसीय श्रृंखला गंवाने से भी उसे मदद मिली। टीम हालांकि लंबे समय तक तीसरे स्थान पर नहीं रह सकी और भारत एक बार फिर इस स्थान पर काबिज हो गया। इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे दो एकदिवसीय और वेस्टइंडीज के खिलाफ इस महीने तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन करके भारत तीसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर सकता है। भारत अगर इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे दोनों वनडे गंवा देता है तो फिर टीम पाकिस्तान के बाद चौथे स्थान पर खिसक जाएगी। पाकिस्तान अगली एकदिवसीय श्रृंखला अगले महीने रोटरडम में नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा। बाबर आजम की अगुआई वाली टीम दौरे पर पांच दिन में तीन 50 ओवर के मुकाबले खेलेगी।

**आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप**

# मेहुली-तुषार ने भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता



**भाषा।** चांगवन

**मेहुल** घोष और साहू तुषार माने की जोड़ी ने बुधवार को यहां आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता। पलक और शिव नरवाल की जोड़ी ने भी 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा के तीसरे स्थान के प्ले आफ में जीत दर्ज करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

फॉर्म में चल रही मेहुली और तुषार की जोड़ी ने कड़े मुकाबले में एस्टर मेसजारोस और इस्तवान पेन की हंगरी की जोड़ी को 17-13 से हराया। इजराइल की जोड़ी तीसरे जबकि चेक गणराज्य की जोड़ी चौथे स्थान पर रही। सीनियर स्तर पर तुषार का भारत के लिए यह पहला स्वर्ण पदक है जबकि मेहुली ने दूसरा स्वर्ण पदक जीता। मेहुली ने इससे पहले काठमांडू में 2019 दक्षिण एशियाई खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था।

**● पलक और शिव को कांस्य पदक**

मिश्रित एयर पिस्टल स्पर्धा में पलक और शिव की जोड़ी ने इरिना लोकतियोनोवा और वालेरी रकीमझान की कजाखस्तान की जोड़ी को एकतरफा मुकाबले में 16-0 से शिकस्त दी। भारत अब दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में सर्बिया के बाद दूसरे स्थान पर चल रहा है।

## क्विक न्यूज

### सीओए ने एआईएफएफ के संविधान का अंतिम मसौदा फीफा को भेजा

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के संविधान का अंतिम मसौदा प्रशासकों की समिति (सीओए) ने फीफा को भेज दिया है। उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रफुल्ल पटेल की अगुवाई वाले एआईएफएफ प्रशासन को पद से हटाने के बाद पिछले महीने हालात का जायजा लेने आई फीफा एएफसी की टीम ने कड़ी समय सीमा दी थी। संविधान का अंतिम मसौदा प्रदेश संघों को भी दिया गया। एक सूत्र ने बताया , सीओए ने संविधान का अंतिम मसौदा फीफा को आज सौंप दिया। इसके साथ ही प्रदेश संघों को भी इसकी प्रति दी गई। इसे 15 जुलाई को उच्चतम न्यायालय को भेजा जाएगा।

### अल्टीमेट खो-खो लीग का पहला सत्र 14 अगस्त से पुणे में

**नई दिल्ली।** अल्टीमेट खो-खो लीग का पहला सत्र 14 अगस्त से पुणे के श्री शिव छत्रपति खेल परिसर में खेला जाएगा जहां छह टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। टूर्नामेंट चार सितंबर को संपन्न होगा। पहले सत्र में चेन्नई क्विक गन्स, गुजरात जाइंट्स, मुंबई खिलाड़ीस, ओडिशा जगरनॉट्स, राजस्थान वारियर्स और तेलुगु योद्धास खिताब के लिए भिड़ेंगे। पहले सत्र में लीग चरण के दौरान कुल 34 मुकाबले खेले जाएंगे और प्रतिदिन दो मैच होंगे। नॉकआउट मुकाबले प्ले आफ प्रारूप में होंगे जिसमें क्वालीफायर और एलीमिनेटर भी होगा।

### मोनालीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेलेंगे मोर्गन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे इयोन मोर्गन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को हाल में अलविदा कहने के बाद लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के दूसरे सत्र में खेलते हुए नजर आएंगे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग, पठान बंधू यूसुफ और इरफान, आस्ट्रेलिया के ब्रेट ली और श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन भी इस लीग में खेलते हुए दिखेंगे। सितंबर में होने वाली इस लीग मे चार टीम और 110 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिरकत करेंगे। विश्व कप 2019 में इंग्लैंड की खिताबी जीत के दौरान टीम के कप्तान रहे मोर्गन ने विज्ञप्ति में कहा, मै शानदार महसूस कर रहा हूं और लीजेंड्स का हिस्सा बनने को लेकर बेहद रोमांचित हूं। मै दूसरे सत्र में खेलने को लेकर उत्साहित हूं। टूर्नामेंट के पहले सत्र में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटरों को भारत, एशिया और शेष विश्व की तीन टीम के बीच बांटा गया था।

### पूर्व क्रिकेटर ओ के रामदास का निधन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल रणजी क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ओ के रामदास का बुधवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। उनके परिवार मे पत्नी और बेटा है। केरल क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बताया कि किसी बीमारी के इलाज के दौरान उनका निधन हुआ। रामदास ने केरल के लिए 1968 . 69 और 1980 . 81 के बीच 35 रणजी मैच खेलकर 1647 रन बनाए। उन्होंने श्रीलंका (पूर्व में सिलोन) के खिलाफ भी एक मैच केरल मुख्यमंत्री एकादश के लिए खेला था। वह 1998- 99 और 2002 - 03 के बीच बीसीसीआई मैच रैफरी भी रहे।

### भारतीय महिला फुटबॉलर सौम्या और ज्योति डाइनेमो जागरेब के साथ ट्रायल में हिस्सा लेंगी

**नई दिल्ली।** भारत की अंतरराष्ट्रीय महिला फुटबॉलर सौम्या गुगुलोथ और राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी ज्योति चौहान अगले महीने क्रोएशिया के शीर्ष डिविजन के क्लब जेडएनके डाइनेमो के साथ दो हफ्ते के ट्रायल में हिस्सा लेंगी। इन दोनों खिलाड़ियों को क्रोएशिया के क्लब ने 12 से 15 दिन के लिए सत्र पूर्व और विस्तारित ट्रायल के लिए अगस्त के पहले हफ्ते में बुलाया है। वर्ष 2016 में स्थापित डीएनके जागरेब क्रोएशिया के प्रथम डिविजन में खेलता है और पिछले तीन सत्र में तीसरे स्थान पर रहा है। जेडएनके डाइनेमो जागरेब की सहायक कोच मिया मेदवेदोस्की ने सौम्या और ज्योति को ट्रायल के लिए चुना है जिन्होंने कोलकाता में छह से 11 जून तक वुमेंस इन स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित ट्रायल में हिस्सा लिया था। वुमेन इन स्पोर्ट्स ने बयान में कहा, सौम्या और ज्योति को क्रोएशिया के सबसे लोकप्रिय क्लब जेडएनके डाइनेमो जागरेब ने क्लब के साथ संभावित लंबे अनुबंध के लिए आकलन के इरादे से सत्र पूर्व और विस्तारित ट्रायल के लिए उनके साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित किया है। सौम्या और ज्योति गोकुलम केरल का हिस्सा थी जिसने 2022 इंडिया वुमेन्स लीग का खिताब जीता।

## फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप के लिए की जाएगी पूरी मदद



**नई दिल्ली (भाषा)।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने कहा है कि सरकार फीफा महिला अंडर 17 विश्व कप के सफल आयोजन के लिए हरसंभव मदद करेगी। खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने फीफा के टूर्नामेंट निदेशक जैमी यारजा को बुधवार को यहां हुई मुलाकात में यह आश्वासन दिया। एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव सुनंदो धर भी इस मौके पर मौजूद थे। सोलह टीमों का फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप भुवनेश्वर, मडगांव और नवी मुंबई में 11 से 30 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा। धर ने एआईएफएफ द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा , मुलाकात सार्थक रही और श्री अनुराग ठाकुर ने हमें आश्वस्त किया कि भारत सरकार टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए हरसंभव मदद करेगी। यारजा यहां टूर्नामेंट की तैयारियों का जायजा लेने आए हैं। फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप के टिकटों की बिक्री पांच अगस्त से शुरू होगी। ठाकुर को इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया गया है। इस अवसर पर दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच नुमाइशी मैच भी होगा।

## नवनीत के दो गोल से भारत ने जापान को हराया, नौवें स्थान पर

**भाषा।** टेरेसा (स्पेन)

**महिला हॉकी विश्व कप**

**नवनीत** कौर के दो गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने जापान को 3-1 से हराया लेकिन एफआईएच महिला विश्व कप में निराशाजनक नौवें स्थान पर रही। नवनीत ने 30वें और 45वें मिनट में गोल दागे जबकि दीप ग्रेस इक्का ने 38वें मिनट में गोल किया। जापान के लिए एकमात्र गोल यू असाइ ने 20वें मिनट में दागा। पहले क्वार्टर के पहले पांच मिनट में दोनों टीमों ने बराबर हमले बोले लेकिन गोल नहीं कर सकी।

भारत को बढ़त बनाने का मौका जल्दी ही मिला लेकिन वंदना कटारिया के शॉट को जापानी गोलकीपर एइका नकामूरा ने बचा लिया। पहले क्वार्टर में टीमों को कामयाबी नहीं मिली। भारत ने दूसरे क्वार्टर में अच्छी शुरूआत की और दो मिनट के भीतर दो मौके बनाए लेकिन गोल नहीं हो सका। जापान ने 20वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर असाइ के गोल के दम पर बढत बनाई।भारत ने जवाबी हमले में पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन गोल नहीं हुआ। नवनीत ने हाफ टाइम से ठीक पहले बराबरी का गोल दागा। दूसरे हाफ में भारत ने काफी आक्रामक शुरूआत की और छठा पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन एक बार फिर मौका गंवा दिया। इक्का ने हालांकि भारत को मिले एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर बढत दिलाई। तीसरे क्वार्टर में नवनीत ने दूसरा गोल दागा। चौथे क्वार्टर में जापान ने वापसी की काफी कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली।

## कोहली के दूसरे वनडे में भी खेलने पर संदेह

**● भारत की नजरें एक और श्रृंखला जीतने पर**

**भाषा।** लंदन



**आत्मविश्वास** से भरी भारतीय टीम गुरुवार को यहां लार्ड्स में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में एक बार फिर इंग्लैंड पर दबादबा बनाते हुए तीन मैचों की श्रृंखला में विजई बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगी जबकि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का ग्रोइन की चोट के कारण इस मैच में भी खेलना संदिग्ध है। लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे पूर्व भारतीय कप्तान कोहली ग्रोइन की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पहले वनडे में नहीं खेल पाए थे और अब भी यह स्पष्ट नहीं है कि वह दूसरे मैच के लिए फिट हैं या नहीं।

कोहली के खराब प्रदर्शन का हालांकि सीमित ओवरों के मुकाबले में भारत पर अधिक असर नहीं पड़ा है क्योंकि टीम वनडे और टी20 दोनों में अच्छा प्रदर्शन कर ही है। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला 2-। से जीतने के बाद भारत ने मंगलवार को पहले वनडे में 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। कोहली की गैरमौजूदगी का नकारात्मक पक्ष यह है कि देश के शीर्ष बल्लेबाज को दबाव भरे मुकाबलों में ठोस प्रदर्शन करने का मौका नहीं मिल रहा जबकि इसका दूसरा पहलू यह है कि अन्य बल्लेबाजों को खुद को साबित करने का मौका मिल रहा है जैसा सूर्यकुमार यादव ने नॉटिंघम में अंतिम टी20 अंतररष्ट्रीय मैच में शतक जड़कर किया। दूसरे मैच में कोहली की उपलब्धता के बारे में पूछे जाने पर पहले मैच में भारत की जीत के हीरो रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा, मैं अंतिम टी20 मैच में नहीं खेला और वह (कोहली) आज (मंगलवार) नहीं खेला। मेरे पास उसकी चोट के बारे में अपडेट नहीं है। कोहली अगर शत प्रतिशत फिट हुए बिना वापसी के लिए जल्दबाजी करते हैं तो ग्रोइन की मांसपेशियों में खिंचाव बड़ी चोट में बदल सकता है। रोहित शर्मा और उनकी टीम को उम्मीद होगी कि उनके गेंदबाजों को लार्ड्स की पिच से भी ओवल जैसी मदद मिलेगी। बुमराह शानदार फॉर्म में चल रहे हैं जबकि मोहम्मद शमी किसी भी विरोधी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने में सक्षम हैं।

कप्तान रोहित ऐसे में श्रेयस अय्यर पर अधिक ध्यान लगाएंगे जिनकी शॉर्ट गेंद के खिलाफ समस्या बढ़ती जा रही है। दुनिया भर के गेंदबाज शॉर्ट पिच गेंदों पर अय्यर को आउट कर रहे हैं और उनकी लेग साइड की ओर मूव करके शॉट खेलने के लिए जगह बनाने की रणनीति भी विफल हो रही है। दीपक हुड्डा जैसी क्षमता वाला खिलाड़ी टीम में जगह पाने का इंतजार कर रहा है और ऐसे में अय्यर पर बेहतर प्रदर्शन करने का दबाव होगा। ओवल में रोहित ने 58 गेंद में नाबाद 76 रन की पारी खेली और साथी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन के साथ मिलकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचा दिया जिससे अन्य बल्लेबाजों को ओवल की पिच पर खुद को परखने का मौका नहीं मिला। आत्मविश्वास से भरा कप्तान साहसिक फैसले ले सकता है और ओवल में रन बनाने के बाद रोहित लार्ड्स पर आत्मविश्वास से भरे होंगे। जोस बटलर, जो रूट, बेन स्टोक्स, जॉनी बेयरस्टो, जेसन रॉय और लियाम लिविंगस्टोन की मौजूदगी वाला बल्लेबाजी क्रम किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को रौंद सकता है लेकिन ओवल में तेज गेंदबाजी के अनुकूल हालात में ए सभी बल्लेबाज विफल रहे।

लार्ड्स की पिच आमतौर पर बल्लेबाजी की अनुकूल होती है लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा जैसे नवोदित गेंदबाजों को इस मैदान की ढलान से भी सामंजस्य बैठाना होगा। भारतीय टीम बेहतरीन फॉर्म में है और संभवत: एक और आसान जीत के साथ श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगी।

**टीम**


**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शिखर धवन, ईशान किशन, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह।

**इंग्लैंड:** जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, सैम कुरेन, लियाम लिविंगस्टोन, क्रेग ओवरटन, मैथ्यू पार्किंसन, जो रूट, जेसन रॉय, फिल सॉल्ट, बेन स्टोक्स, रीस टॉप्ली और डेविड विली।

**समय: मैच भारतीय समयानुसार शाम 5.30 बजे शुरू होगा।**

## पदक जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेंगे चोपड़ा

**विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप**



**नई दिल्ली (भाषा)।** ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अमेरिका के युगेन में शुक्रवार से शुरू हो रही विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एतिहासिक पदक जीतने के लिए बेहतरीन फॉर्म और मौजूदा सत्र में प्रदर्शन में निरंतरता पर निर्भर करेंगे। तीस जून को स्टॉकहोम डाइमंड लीग में 89.94 मीटर का सत्र का तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के बाद 24 साल के चोपड़ा विश्व चैंपियनशिप में पदक के दावेदारों में शामिल हैं।

विश्व चैंपियनशिप में पदक के साथ चोपड़ा एक और इतिहास रचेंगे क्योंकि अगर वह पदक जीतते हैं तो विश्व चैंपियनशिप में ऐसा करने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ी और देश के पहले पुरुष खिलाड़ी बनेंगे। लंबी कूद की खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज 2003 में पेरिस में कांस्य पदक के साथ विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं थी। अमेरिका के चुला विस्टा में अपने ट्रेनिंग केंद्र से चोपड़ा ने आनलाइन बातचीत के दौरान कहा, तैयारी अच्छी रही है और मेरा आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। मैंने जिन तीन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया उनमें से दो में निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और एक में खिताब जीता। तीनों टूर्नामेंट में मेरे प्रदर्शन में निरंतरता रही। उन्होंने कहा, मैं बेहतर कर सकता हूं (और 90 मीटर की दूरी को पार कर सकता हूं), स्टॉकहोम डाइमंड लीग में 90 मीटर से सिर्फ छह सेंटीमीटर पीछे रहा। इसलिए उम्मीद करता हूं कि विश्व चैंपियनशिप में मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। मौजूदा सत्र में तीन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के दौरान चोपड़ा ने अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सुधार किया। उन्होंने 14 जून को फिनलैंड में पावो नुर्मी खेलों के दौरान 89.30 मीटर की दूरी तय की जबकि स्टॉकहोम में भाले को 89.94 मीटर की दूरी तक फेंका।

उन्होंने फिनलैंड में कुओर्तानो खेलों के दौरान ट्रैक गीला और फिसलन भरा होने के बावजूद 86.69 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। चोपड़ा के मुख्य प्रतिद्वंद्वी ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स होंगे जो 2019 विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता हैं।

# मिथुन और अश्मिता ने उलटफेर किया, सिंधू और प्रणय भी जीते

**बैडमिंटन टूर्नामेंट**

**भाषा।** सिंगापुर



**भारत** के मिथुन मंजूनाथ और अश्मिता चालिहा ने बुधवार को यहां अपने अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों को हराकर उलटफेर किया जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू भी सिंगापुर ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रही।

मंजूनाथ ने हमवतन और विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत को पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे में 21-17 15-21 21-18 से हराया जबकि अश्मिता ने महिला एकल में थाईलैंड की दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरुंगफान को 21-16 21-11 से बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया के 77वें नंबर के खिलाड़ी मंजूनाथ अगले दौर में आयरलैंड के एनहाट एनगुएन से भिड़ेंगे जबकि अश्मिता को चीन के हेन युई के खिलाफ खेलना है। अच्छी फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय भी दूसरे दौर में प्रवेश करने में सफल रहे। पिछले हफ्ते मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले प्रणय ने थाईलैंड के सितिकोम थमासिन को 21-13 21-16 से हराया। वह अगले दौर में तीसरे वरीय चोउ टिएन चेन से भिड़ेंगे जिन्हें उन्होंने हाल में मलेशिया ओपन में हराया था। इससे पहले सिंधू को महिला एकल के पहले दौर में दुनिया की 36वें नंबर की खिलाड़ी बेल्जियम की लियाने टैन को 21-15 21-11 से हराने में अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू अगले दौर में वियतनाम की थुइ लिन एनगुएन से भिड़ेंगी। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने भी इंडिया ओपन में हमवतन मालविका बंसोड के खिलाफ मिली हार का बदला चुकता करते हुए 21-18, 21-14 की जीत से दूसरे दौर में प्रवेश किया। चौबीस साल के मंजूनाथ ने श्रीकांत के खिलाफ पुरुष एकल मुकाबले में तेज शुरूआत करते हुए 6-2 की बढ़त बनाई। उन्होंने पूरे गेम के दौरान बढ़त बरकरार रखते हुए आसानी से पहला गेम जीत लिया। श्रीकांत ने दूसरे गेम में वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बनाई और फिर बढ़त में लगातार इजाफा करते हुए गेम जीतकर स्कोर।-। कर दिया। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। मंजूनाथ ने बेहतर नियंत्रण दिखाते हुए ब्रेक तक 11-10 की मामूली बढ़त बनाई। श्रीकांत ने 16-15 के स्कोर पर बढ़त हासिल की लेकिन मंजूनाथ ने 18-18 के स्कोर पर लगातार तीन अंक के साथ गेम और मैच जीत लिया। मंजूनाथ इस साल की शुरुआत में कोविड-19 से संक्रमित हो गए थे और उन्हें जनवरी में इंडिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट से हटना पड़ा था। उन्होंने सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और ओडिशा सुपर 100 के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वह बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे। महिला एकल में दुनिया की 66वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता ने 5-10 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए लगातार आठ अंक के साथ बढ़त बनाई और फिर पहला गेम जीत लिया। असम की इस 22 साल की खिलाड़ी ने दूसरे गेम मे बेहतर शुरुआत करते हुए 7-2 की बढ़त बनाई। बुसानन ने स्कोर 6-7 किया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने लगातार नौ अंक के साथ जीत सुनिश्चित की। इससे पहले सिंधू ने धीमी शुरुआत की। वह।-4 से पीछे थी लेकिन 7-7 के स्कोर पर बराबरी हासिल करने में सफल रही। भारतीय खिलाड़ी ब्रेक तक 11-8 से आगे थी और फिर उन्होंने आसानी से पहला गेम जीत लिया।

दूसरे गेम में सिंधू ने बेहतर शुरुआत करते हुए 5-। की बढ़त बनाई। टैन ने लगातार तीन अंक के साथ बढ़त को कम किया लेकिन सिंधू को गेम और मैच जीतने में अधिक दिक्कत नहीं हुई। पूजा डांडू और आरती सारा सुनील की महिला युगल जोड़ी ने हू लिंग फेंग और लिन शियाओ मिन की चीनी ताइपे की जोड़ी के टूर्नामेंट से हटने पर दूसरे दौर में जगह बनाई। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता पारुपल्ली कश्यप और दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी समीर वर्मा हालांकि हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। कश्यप को इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ सीधे गेम में 14-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि समीर को एकतरफा मुकाबले में चीन के ली शी फेंग के खिलाफ 10-21 13-21 से हार झेलनी पड़ी।

## पूर्व भारतीय फुटबॉलर गौरमांगी सिंह सहायक कोच के रूप में एफसी गोवा से जुड़े

**पणजी (भाषा)।** भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर गौरमांगी सिंह आगामी सत्र से पहले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फ्रेंचाइजी एफसी गोवा से जुड़ गए हैं। गौरमांगी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, क्लब और उनके खेल के स्तर को जानने के कारण यह मेरे कोचिंग करियर का सही दिशा में उठाया बड़ा कदम है। टाटा फुटबॉल अकादमी में खेल के गुर सीखने वाले गौरमांगी 15 साल के अपने करियर के दौरान देश के कुछ सबसे बड़े क्लब की ओर से खेले। गौरमांगी ने डेम्पो एससी के साथ 2004-05 सत्र में राष्ट्रीय फुटबॉल लीग और फेडरेशन कप का खिताब जीता। इसके अगले साल उन्होंने महिंद्रा यूनाईटेड के साथ इस उपलब्धि को दोहराया। वह 2007 से 2012 के बीच चर्चिल ब्रदर्स का हिस्सा रहे जिसके साथ उन्होंने आईलीग (2008-09), दो आईएफए शील्ड (2009 और 2011) और दो डूरंड कप (2009 और 2011) खिताब जीते।